RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 213
नई दिल्ली, शुक्रवार, 9 जून, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

www.dailypioneer.com

धर्म परिवर्तन को बढ़ावा दे रही छत्तीसगढ़ सरकार
राष्ट्रीय-11

सरकार ने कनाडा से उठाया भारतीय छात्रों का मुद्दा

फर्जी प्रवेश पत्रों के जरिए कनाडा के कॉलेजो में दाखिला दिलाए जाने के कारण 700 से अधिक छात्रों पर लटकी निर्वासन की तलवार

- विदेश मंत्री जयशंकर ने दिया आश्वासन, मसले का न्यायपूर्ण हल ढूंढा जाएगा
- प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा- निर्दोषों को दंडित करने के बजाये फर्जीवाड़ा के जिम्मेदार लोगों पर कसेगा शिकंजा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

धरना देते भारतीय छात्र।

भारत सरकार कनाडा में 700 से अधिक भारतीय छात्रों के समक्ष पेश समस्या के समाधान के लिए कदम उठा रही है। ये सभी छात्र मुख्य रूप से पंजाब के हैं, जिनके कनाडा से प्रत्यर्पित किए जाने की आशंका है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भरोसा दिया है कि उनका मंत्रालय और भारतीय उच्चायोग इस मसले का हल ढूंढने के लिए सक्रिय रूप से प्रयासरत हैं।

यह मुद्दा कनाडा की संसद तक भी पहुंच गया है, जहां प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने पीड़ितों को दंडित करने के बजाय छात्रों को फर्जी प्रवेश पत्र जारी करने के लिए जिम्मेदार लोगो की पहचान करने पर जोर दिया। ट्रूडो ने जोर देकर कहा कि प्रभावित छात्रों को अपने मामले के समर्थन में सबूत प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कनाडा में अंतरराष्ट्रीय छात्रों द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण योगदान को स्वीकार किया। यह समस्या उस समय उठी जब कनाडा की अधिकारियों को पता चला कि इन छात्रों के लिए कनाडाई शैक्षणिक संस्थानों में दिए गए प्रवेश पत्र झूठे हैं। यह खुलासा मार्च में हुआ जब छात्रों ने कनाडा में स्थायी निवास के लिए आवेदन किया, जिसके चलते मौजूदा स्थिति उत्पन्न हुई है। पंजाब के एनआरआई मामलों के मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल और छात्रों द्वारा की गई अपीलों की प्रतिक्रिया में विदेश मंत्री जयशंकर इस मामले में न्यायपूर्ण समाधान के लिए मंत्रालय की सक्रियता का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि कनाडा के अधिकारियों ने इस बात को माना है कि निर्दोष छात्रों को गलत तरीके से दंडित किया जा रहा और वे इसका समाधान ढूंढने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

जयशंकर ने इस मामले का समाधान ढूंढ़ने में कनाडा की पारदर्शी व्यवस्था की सराहना की। धालीवाल ने जयशंकर को लिखे पत्र में छात्रों के निर्दोष होने पर जोर देते हुए मामले में व्यक्तिगत हस्तक्षेप की मांग की। उन्होंने विदश मंत्री से अनुरोध किया कि वह कनाडा के उच्चायोग और कनाडा सरकार के साथ संपर्क कर इन छात्रों के निर्वासन को रोकें। धालीवाल ने प्रस्ताव दिया कि इन छात्रों को वैध वीज़ा के माध्यम से काम की अनुमति प्रदान की जाए। उन्होंने पंजाब के नागरिकों से अनुरोध किया कि वे सतर्कता बरते तथा विदेश में (शेष पेज 9)

छात्रों को मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान करेगा पंजाब

चंडीगढ़। पंजाब सरकार में अनिवासी भारतीय मामलों के मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल ने बृहस्पतिवार को कहा कि कनाडा से निर्वासन का सामना कर रहे करीब 700 भारतीय छात्रों को राज्य सरकार मुफ्त कानूनी सहायता मुहैया कराएगी। कुलदीप सिंह धालीवाल ने एक बयान में कहा कि इनमें से ज्यादातर छात्र पंजाब के हैं और कनाडा में आव्रजन कानूनों के विशेषज्ञ वकील उनकी मदद करेंगे। धालीवाल ने यहां एनआरआई विभाग से जुड़े सिविल और पुलिस अधिकारियों के साथ एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए सभी उपायुक्तों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को ट्रैवल एजेंटों और आव्रजन एजेंसियों के दस्तावेजों की जांच करने और 10 जुलाई तक एक रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए हैं।

कनाडाई संसदीय समिति ने निर्वासन रोकने का अनुरोध किया

टोरंटो। कनाडा की एक संसदीय समिति ने आम सहमति से प्रस्ताव पारित कर अपनी सीमा सेवा एजेंसी से लगभग 700 भारतीय छात्रों के निर्वासन को रोकने को कहा है, जिन्हें भारत में शिक्षा सलाहकारों ने धोखा दिया और फर्जी कॉलेज प्रवेश पत्रों के साथ देश में भेज दिया। कनाडा के अधिकारियों ने पाया कि शिक्षण संस्थानों में प्रवेश के भारतीय छात्रों के पत्र फर्जी हैं जिसके बाद उन पर यहां से निर्वासन का खतरा है। द टोरंटो स्टार अखबार ने कहा कि सर्वदलीय आव्रजन समिति ने प्रतीकात्मक कदम के तौर पर बुधवार को आम-सहमति से मतदान किया और कनाडा सीमा सेवा एजेंसी से प्रभावित छात्रों की अमान्यता को रद्द करने की मांग की। सांसद जेनी क्वान ने (शेष पेज 9)

इंदिरा गांधी की हत्या पर झांकी भारत ने जताया कड़ा एतराज

- कनाडा पर भारत ने अलगाववादियों, चरमपंथियों को महत्व देने को लेकर निशाना साधा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

नई दिल्ली में गुरु अर्जन देव जी गुरुद्वारा में विदेश मंत्री एस जयशंकर

भारत ने कनाडा के ब्रैम्पटन में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या को दर्शाते हुए झांकी निकाले जाने की घटना सोशल मीडिया पर आने के बाद कनाडा पर अलगाववादियों एवं चरमपंथियों को महत्व देने को लेकर निशाना साधा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संवाददाताओं से कहा कि कनाडा का अपनी जमीन से भारत विरोधी तत्वों को काम करने की अनुमति देना न केवल उसके लिए बल्कि द्विपक्षीय संबंधों के लिए भी ठीक नहीं है।

जयशंकर ने कहा कि मैं सोचता हूं कि इससे वृहद मुद्दा जुड़ा हुआ है और जो वृहद मुद्दा जुड़ा है, वह कनाडा का लगातार (चरमपंथियों को) स्थान देना है। उन्होंने कहा कि स्पष्ट रूप से हम यह समझ नहीं पा रहे हैं कि वोट बैंक की राजनीति के अलावा कोई ऐसा क्यों करेगा। विदेश मंत्री ने कहा कि क्योंकि आप अगर उनके इतिहास को देखें, तब आप कल्पना करेंगे कि वे इतिहास से सीखते हैं और वे इतिहास नहीं दोहराना चाहेंगे। यह केवल एक मुद्दा नहीं हैं। जयशंकर ने कहा कि मैं समझता हूं कि अलगाववादियों, चरमपंथियों, हिंसा की वकालत करने वालों को महत्व देने के पीछे वृहद निहित मुद्दे हैं और मैं सोचता हूं कि यह संबंधों के लिए भी अच्छा नहीं है और कनाडा के लिए भी ठीक नहीं है।

सोशल मीडिया में आई कुछ खबरों के मुताबिक, कनाडा के ब्रैम्पटन में खालिस्तान समर्थकों ने हाल ही में इंदिरा गांधी की हत्या को दर्शाते हुए झांकी निकाली। भारत में कनाडा के उच्चायुक्त कैमरन मैके ने ट्वीट किया कि हिंसा या घृणा के महिमामंडन के लिए कनाडा में कोई स्थान नहीं है। उन्होंने कहा, कनाडा में एक कार्यक्रम की खबरों से मैं स्तब्ध हूं जिसमें दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या का उत्सव मनाया गया। कनाडा में हिंसा या घृणा का महिमामंडन करने के लिए कोई स्थान नहीं है। कांग्रेस ने कनाडा में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या को दर्शाते हुए कथित तौर पर झांकी निकाले जाने की घटना की निंदा करते हुए बृहस्पतिवार को सरकार से आग्रह किया कि वह इस मुद्दे को कनाडा के समक्ष मजबूती से उठाए।

ट्रूडो को फोन कर विरोध दर्ज कराएं प्रधानमंत्री: कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने कनाडा में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या को दर्शाते हुए झांकी निकाले जाने की घटना की निंदा करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कनाडा के अपने समकक्ष जस्टिन ट्रूडो को फोन कर विरोध दर्ज कराना चाहिए। पार्टी महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने केंद्र सरकार से यह भी आग्रह किया कि विदेश मंत्रालय कनाडा के उच्चायुक्त को तलब कर विरोध दर्ज कराए। वहीं कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने इसे घिनौना कृत्य भी करार दिया।

लिव इन पार्टनर की हत्या कर किए कई टुकड़े, गिरफ्तार

- शव के टुकड़ों को कुकर में उबालकर कुत्तों को खिलाया, कोर्ट ने 16 जून तक पुलिस हिरासत में भेजा

पायनियर समाचार सेवा। मुंबई

आरोपी को लेकर जाते पुलिसकर्मी।

मुंबई के मीरा रोड क्षेत्र के आकाशगंगा सोसाइटी में श्रद्धा वालकर हत्याकांड की तरह एक और नृशंस मामला सामने आया है। लिव इन पार्टनर ने महिला की हत्या करने के बाद शव के कई टुकड़े कर उसे कुकर में उबाला और कुत्तों को खिला दिया। पुलिस ने मौके से शव के कई टुकड़े बरामद करने के साथ ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

अदालत ने आरोपी को 16 जून तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। यह जानकारी एक पुलिस अधिकारी ने बृहस्पतिवार को दी। पुलिस के अनुसार मीरा रोड के एक इमारत के सातवें तल से भयंकर दुर्गंध की शिकायत के बाद 36 वर्षीय एक महिला का क्षत-विक्षत शव बरामद किया गया, जिसे कई टुकड़ों में काटा गया था। उन्होंने बताया कि पीड़िता सरस्वती वैद्य (36) मनोज साने (56) नामक व्यक्ति के साथ लिव-इन में रहती थी। दोनों यहां पिछले तीन साल से किराए पर रहते थे। मौके से (शेष पेज 9)

महिला आयोग ने रिपोर्ट तलब की

राष्ट्रीय महिला आयोग ने महाराष्ट्र के ठाणे में एक महिला की निर्मम हत्या की घटना की निंदा करते हुए महाराष्ट्र के पुलिस महानिदेशक रजनीश सेठ से चार दिनों में कार्रवाई रिपोर्ट देने को कहा है।

दुर्गंध खत्म करने रूम फ्रेशनर का इस्तेमाल

आरोपी मनोज साने ने सरस्वती की हत्या करने के बाद दुर्गंध को दूर करने के लिए रूम फ्रेशनर का छिड़काव कर रहा था। भयंकर दुर्गंध से परेशान पड़ोसियों ने शक होने पर पुलिस को सूचना दी थी।

रिजर्व बैंक ने रेपो दर को 6.5% पर कायम रखा

- महंगाई का अनुमान मामूली घटाया

भाषा। मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष (2023-24) की दूसरी द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा में नीतिगत दर रेपो को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। यह लगातार दूसरी मौद्रिक समीक्षा है जबकि केंद्रीय बैंक ने नीतिगत दर में बदलाव नहीं किया है। हालांकि, रिजर्व बैंक ने संकेत दिया है कि वह वृद्धि की रफ्तार को कायम रखते हुए महंगाई दर को और नीचे देखना चाहता हैं।

रिजर्व बैंक के इस कदम से वाहन, मकान और अन्य ऋण पर ब्याज दरें नहीं बढ़ेंगी। केंद्रीय बैंक का नीतिगत दर नहीं बढ़ाने का निर्णय बाजार उम्मीदों के अनुरूप है। रिजर्व बैंक की छह सदस्ईय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने सर्वसम्मति से रेपो दर को यथावत रखने का फैसला किया है। इसके अलावा समिति ने 5:। के मत से अपने उदार रुख को वापस लेने पर ध्यान केंद्रित करने का निर्णय भी किया है।

केंद्रीय बैंक का उदार रुख पिछले साल अप्रैल से शुरू हुआ था। इसके साथ ही रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को भी 6.5 प्रतिशत पर कायम रखा है। पिछली मौद्रिक समीक्षा बैठक में वृद्धि दर के अनुमान को 6.4 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत किया गया था। वहीं चालू वित्त वर्ष के लिए मुद्रास्फीति के अनुमान को घटाकर 5.1 प्रतिशत किया गया है। पहले इसके 5.2 (शेष पेज 9)

नाबालिग पहलवान के पिता ने यौन उत्पीड़न का फर्जी मामला दायर करने की बात कबूली

भाषा। नई दिल्ली

नाबालिग पहलवान के पिता ने बृहस्पतिवार को पीटीआई को बताया कि उन्होंने डब्ल्यूएफआई प्रमुख के खिलाफ यौन उत्पीड़न की झूठी शिकायत दर्ज कराई थी क्योंकि वह अपनी बेटी के साथ हुई नाइंसाफी से नाराज थे। इस खुलासे से बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ मामला कमजोर हो सकता है। पिछले छह महीने से पहलवान यौन उत्पीड़न के मामले को लेकर उनके खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। नाबालिग पहलवान की शिकायत के बाद पोक्सो कानून के तहत जांच चल रही है। नाबालिग के पिता ने पीटीआई से कहा, यह बेहतर है कि सच अदालत में आने की बजाय अभी सामने आ जाए। उनसे पूछा गया था कि अब वह अपनी बात से क्यो पलट रहे हैं। उन्होंने कहा, अब जब बातचीत शुरू हो गई है तो सरकार ने पिछले साल मेरी बेटी की हार (एशियाई अंडर 17 चैम्पियनशिप ट्रायल) की निष्पक्ष जांच का वादा किया है। मेरा भी फर्ज बनता है कि अपनी गलती (शेष पेज 9)

केरल में झूम के आया मॉनसून

- राज्य के कुछ भागों में हुई भारी वर्षा

भाषा। तिरुवनंतपुरम

केरल में बृहस्पतिवार को मॉनसून के दस्तक देने के साथ ही राज्य के कुछ हिस्सों में भारी बारिश हुई। राज्य के नौ जिलों में एलो अलर्ट और एक में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दिन के लिए कोझीकोड जिले के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

ऑरेंज अलर्ट का मतलब छह सेंटीमीटर (सेमी) से 20 सेमी तक भारी बारिश होना और एलो अलर्ट का अर्थ छह से 11 सेमी के बीच बारिश होना है। आईएमडी ने मॉनसून के केरल आगमन की घोषणा की है। यह सामान्य समय से एक सप्ताह के विलंब से आया है। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि केरल में मॉनसून की शुरुआत में देरी चिंता का विषय नहीं है क्योंकि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। केरल राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (केएसडीएमए) के सदस्य सचिव शेखर लुकोस कुरियाकोस ने कहा कि राज्य में मॉनसून अभी-अभी आया है और हमें इंतजार करना होगा और यह देखना होगा कि मॉनसून का क्या असर होता है। उन्होंने कहा, यह अभी शुरुआत है। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि बारिश का दौर तेज होगा और मॉनसून देरी से आने की भरपाई अगले 2-3 सप्ताह में हो जाएगी। उन्होंने कहा कि केरल में मॉनसून के आने की घोषणा के बाद पहला ऑरेंज अलर्ट आज कोझीकोड के लिए जारी किया गया था।

केएसडीएमए ने एक विज्ञप्ति में कहा कि तिरुवनंतपुरम, कोल्लम, पत्तनमथिट्टा, अलप्पुझा, कोट्टायम, इडुक्की, एर्नाकुलम, त्रिशूर, पालक्कड़, मलप्पुरम, कोझीकोड, वायनाड और कन्नूर जिलों में एक या दो स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश और 40 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान है। केरल के (शेष पेज 9)

क्विक न्यूज

नजफगढ़ थाने में चोरी के आरोपी ने की आत्महत्या

नई दिल्ली। दिल्ली के नजफगढ़ थाने मे चोरी के आरोप मे पकड़े गए 23 वर्षीय व्यक्ति ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस अधिकारियो ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने यहां बताया कि शेख अब्दुला ने नजफगढ़ थाने के हवालात मे बुधवार रात 10 बजकर 41 मिनट पर आत्महत्या कर ली। पुलिस उपायुक्त (द्वारका) एम. हर्षवर्धन ने बताया किउसे चोरी के दो मामलो मे संलिप्तता के आरोप मे बुधवार को दिन मे ही गिरफ्तार किया गया था। उसके पास से चोरी के दो मोबाइल फोन और एक चोरी की मोटरसाइकिल भी बरामद हुई थी। उन्होने संवाददाताओं को बताया कि वह पहले भी दो अपराधिक मामलो मे संलिप्त था। हालांकि इससे संबंधित तथ्यो की पुष्टि की जा रही है। डीसीपी ने यहां बताया कि संबंधित न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है। नजफगढ़ थाने में लगे क्लोज सर्किट टीवी (सीसीटीवी) फुटेज को संरक्षित कर लिया गया है और इससे पूरे घटनाक्रम का मिलान किया जाएगा। सीसीटीवी से काफी कुछ स्पष्ट हो जाने की संभावना है।

रेल आरक्षण में आधार को अनिवार्य करने पर विचार

- ओडिशा रेल हादसे के बाद आया यह विचार, इससे दुर्घटना के शिकार लोगों की पहचान में आसानी होगी

दीपक कुमार झा। नई दिल्ली

रेल मंत्रालय रिजर्वेशन प्रणाली तथा अनारक्षित टिकट प्रणाली (यूटीएस) में पीएनआर के साथ आधार नंबर डालने को अनिवार्य करने पर विचार कर रहा है। ओडिशा में रेल हादसे की समीक्षा के लिए सिलसिलेवार समीक्षा बैठक तथा सरकार द्वारा घोषित मुआवजे को हासिल करने के लिए फर्जी दावा करने संबंधी रिपोर्ट के बाद इस मुद्दे पर विचार किया जा रहा है। ऐसे फर्जी दावे बालासोर ट्रेन हादसे समेत पूर्व में हुई दुर्घटनाओं में भी किए जा चुके हैं।

दुर्घटना के शिकार शवों के पहचान में समय लगना तथा शवों को सुरक्षित रखने की ज्यादा सुविधा न होने के कारण भी यह विचार आया है। एक शीर्ष रेल अधिकारी ने कहा कि आधार नंबर डालने से पहचान जल्द हो जाएगी क्योंकि मौत के बाद भी छह से सात घंटे फिंगर प्रिंट में कोई बदलाव नहीं होता। वहीं डीएनए सैंपलिंग में समय लगता तथा खर्च का बोझ भी बढ़ता है।

अधिकारी ने कहा कि रिर्जेवशन आवेदन फार्म में चाहे वह ऑनलाइन हो या खिड़की से लिया गया टिकट हो, मोबाइल नंबर देना पहले से ही जरूरी है। आधार नंबर डालने के बाद यह रेलवे के डाटा बेस में आ जाएगा और फिर उसी यात्री को जब अगली बार रिजर्वेशन कराना होगा तो एआई प्रणाली की मदद से उसका आधार नंबर अपने आप फीड हो जाएगा। उन्होंने कहा कि पहले भी हमने यह प्रयास किया (शेष पेज 9)

बंगाल में पंचायत चुनाव आठ जुलाई को होंगे

भाषा। कोलकाता

पश्चिम बंगाल में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव आठ जुलाई को होंगे। इन्हें 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले महत्वपूर्ण मुकाबले के तौर पर देखा जा रहा है। राज्य निर्वाचन आयुक्त राजीव सिन्हा ने बृहस्पतिवार को कहा कि ग्राम सभाओं के लिए चुनाव एक ही दिन में होंगे और नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 15 जून होगी। मतगणना 11 जुलाई को होगी। विपक्षी दलों ने आरोप लगाया कि नामांकन दाखिल करने के लिए दिया गया समय पर्याप्त नहीं है क्योंकि बड़ी संख्या में उम्मीदवारों को केवल सात दिनों में 70,000 से अधिक सीटों के लिए नामांकन दाखिल करना होगा। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने हालांकि इस दलील का मजाक उड़ाया। मुख्यमंत्री और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने माना कि मई में होने वाले चुनाव में देरी हुई। सिन्हा ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया, पंचायत चुनाव (शेष पेज 9)

तीन दशक बाद मिली भारत को मिस वर्ल्ड की मेजबानी

- नवंबर से शुरू होगी प्रतिस्पर्धा, करीब एक महीने तक चलने वाले इस आयोजन में 130 से अधिक देशों की प्रतिभागी लेंगी हिस्सा
- भारत छह बार जीत चुका है यह प्रतिष्ठित खिताब

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

नई दिल्ली में बृहस्पतिवार को मिस वर्ल्ड करोलिना बिलावस्का संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए।

दुनिया भर में चर्चित मिस वर्ल्ड प्रतिस्पर्धा करीब तीन दशक बाद भारत लौट रही है और इसके अगले संस्करण का आयोजन नवंबर में होने की संभावना है।

मिस वर्ल्ड प्रतिस्पर्धा का बहुप्रतीक्षित 71वां संस्करण इस साल नवंबर में आयोजित होने की उम्मीद है। इसकी अंतिम तारीखों की घोषणा अभी नहीं की गई है। इससे पहले, 1996 में भारत में इसका आयोजन किया गया था। इस प्रतिस्पर्धा का आयोजन करने वाले संगठन मिस वर्ल्ड आर्गनाइजेशन की अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी (सीईओ) जूलिया मॉर्ले ने बृहस्पतिवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, मुझे 71वें मिस वर्ल्ड फाइनल के लिए भारत को आयोजन स्थल बनाए जाने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है ... हमें आपकी अनूठी और विविधतापूर्ण संस्कृति, विश्व स्तरीय आकर्षक और लुभावने स्थलों को दुनिया के साथ साझा करने का बेसब्री से इंतजार है। उन्होंने कहा, 71वीं मिस वर्ल्ड 2023 में अतुल्य भारत की एक महीने की यात्रा के दौरान 130 राष्ट्रीय चैंपियन की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जाएगा, क्योंकि हम 71वां और अब तक का सबसे शानदार मिस वर्ल्ड फाइनल आयोजित कर रहे हैं। करीब एक महीने तक चलने वाले इस आयोजन में 130 से अधिक देशों की प्रतिभागी हिस्सा लेंगी।

सौंदर्य प्रतियोगिता का भारत में प्रचार-प्रसार करने के लिए यहां आईं मौजूदा विश्व सुंदरी करोलिना बिलावस्का (पोलैंड) ने कहा कि वह अपना ताज इस खूबसूरत देश में दूसरी प्रतिभागी को सौंपने के लिए उत्साहित हैं। भारत ने छह बार यह प्रतिष्ठित खिताब जीता है। रीता फारिया ने 1966 में यह प्रतिस्पर्धा जीती थी जबकि ऐश्वर्या राय ने 1994 में, डायना हेडन ने 1997 में, युक्ता मुखी ने 1999 में, प्रियंका चोपड़ा ने 2000 मैं और मानुषी छिल्लर ने 2017 में यह खिताब अपने नाम किया था।

आवंटियों को वाट्सएप पर मिलेगा अपडेट

सभी ऑनलाइन सेवाओं पर होगा लागू, प्राधिकरण के नहीं लगाने होंगे चक्कर

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा प्राधिकरण में आंवटियों से संबंधित अधिकांश सेवाएं ऑनलाइन है। उनको समय से अपडेट मिले इसके लिए प्राधिकरण अब वाट्स एप और ई मेल के जरिए उनको नोटिफिकेशन और अपडेट भेजेगा। ये काम एक कंपनी की ओर से किया जाएगा।

इसके लिए प्राधिकरण ने कंपनियों से आवेदन मांगे है। प्राधिकरण में आवंटियों को अक्सर ये शिकायत होती है कि उनको समय से जानकारी नहीं मिल रही है। इसके लिए प्राधिकरण रियल टाइम जानकारी उपलब्ध कराएगा। यानी जिस भी आंवटी के काम में कोई आपत्ति लगी है तो उसे ई मेल और वाट्स एप दोनों पर जानकारी दी जाएगी। ये जानकारी उन फोन नंबर और ई-मेल पर दी जाएगी जिस पर आवंटी ने अपना नो योर अलॉटी केवाईए कराया है।

प्राधिकरण में वर्तमान में नक्शा अप्रूवल, प्रॉपर्टी मोर गेज, ट्रांसफर ऑफ मैमोरैंडम टीएम, सीआईसी, एनडीसी, बिल जामा आदि के ऑनलाइन अप्लाय करता है। इसमें उसे अपनी आईडी बनाकर प्राधिकरण की साइट से आवेदन करना होता है। इसमें वो अपना रजिस्टर्ड ई-मेल और मोबाइल नंबर भी डालता है।

कागजों में कमी होने पर प्राधिकरण इस आपत्ति लगाता है। इसकी जानकारी आईडी पर दे दी जाती है। लेकिन आंवटी इसे बार बार नहीं खोलता। इस तरह से आपत्ति लगे हुए काफी समय निकल जाता है और आवंटी का काम नहीं होता। ऐसे में आपत्ति लगाने के साथ ही वाट्सएप और ई.मेल पर भी इसकी जानकारी दी जाएगी। ताकि आवंटी अपके काम के लिए अपडेट रहे।

इसके अलावा प्राधिकरण ने एनएपीआर, जल एप, स्मार्ट पार्किंग एप और अन्य एप बनाए है। जिससे भी आवंटी अपना काम ऑनलाइन करवाता है। ये सिस्टम इस पर भी लागू किया जाएगा। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि इसके लिए कंपनी से आवेदन मांगे गए है। 13 जून तक कंपनियां अपना आवेदन प्राधिकरण में दे सकती है। इसके बाद किसी एक कंपनी का चयन किया जाएगा। जो बल्क में ई-मेल आई और वाट्सएप पर मैसेज भेजेगा।

सिर्फ गैजेट्स की डील, लड़का खुद भेजता था साहित्य : आरोपी

धर्मांतरण का मामला

● बिद्दो की गिरफ्तारी के लिए महाराष्ट्र पहुंची गाजियाबाद पुलिस

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद में ऑनलाइन धर्मांतरण सिंडिकेट के मुख्य आरोपी खान शहनवाज मकसूद उर्फ बद्दो ने पहली बार अपनी सफाई दी।

एक टीवी चैनल से फोन पर बातचीत में बद्दो ने कहा धर्मांतरण में मेरा कोई हाथ नहीं है। मैंने गाजियाबाद के लड़के से सिर्फ गैजेट्स की डील की थी। मेरी तरह उस लड़के के बहुत सारे दोस्त हैं। मुझ पर इस्लामिक लिटरेचर प्रोवाइड कराने के आरोप लग रहे हैं। जबकि वो लड़का खुद मुझे लिटरेचर भेजता था। महाराष्ट्र के ठाणे स्थित मुम्बरा में गाजियाबाद पुलिस की 4 सदस्यीय टीम डेरा डाले हुए है। बद्दो की मां और भाई पर लगातार पुलिस की नजर है। गाजियाबाद पुलिस ने उसकी मां से पूछताछ की। धर्मांतरण केस की जांच के दौरान पुलिस के हाथ कई तरह के चैट्स भी लगे हैं, जो धर्मांतरण के शिकार जैन फैमिली के लड़के की बताई जा रही है। फरार चल रहे शहनवाज मकसूद उर्फ बद्दो की गिरफ्तारी के लिए कमिश्नरेट पुलिस के द्वारा की जा रही कवायद के तहत उसे एक बड़ी सफलता जल्द ही मिल सकती है। बद्दो की गिरफ्तारी में लगी पुलिस के हत्थे आरोपी के दो साथी लगे है।

संक्षिप्त समाचार

कार से 25 पेटी अवैध शराब बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार।

तमंचे से फायर का वीडियो वायरल

नोएडा। नोएडा में दो वीडियो वायरल हो रहा है। दोनों वीडियो एक ही शख्स ने बनाए है। इस वीडियो में एक युवक तमंचे से फायर करता हुआ दिख रहा है। ये वीडियो आठ सेकेंड का है। दूसरा वीडियो में एक साथ तीन तमंचे दिख रहे है। जिनका फोटो शूट किया जा रहा है। दोनों वीडियो नोएडा के बिशनपुरा की बताई गई है। हालांकि पुलिस ने अभी स्थान की पुष्टि नहीं की है। वीडियो किसी समारोह का लग रहा है। जिसमें तमंचे से फायर किया जा रहा है। वीडियो देखकर हर्ष फायरिंग जैसा ही प्रतीत हो रहा है। हालांकि इसकी पुष्टि नहीं है। लेकिन इस तरह से तमंचा की नुमाइश लगाना लॉ एंड ऑर्डर पर सवाल खड़े कर रहा है। पुलिस वीडियो की जांच कर रही है। नोएडा में कार-बाइक स्टंट के साथ इस तरह के वीडियो भी कई बार वायरल हुए। हालांकि अधिकांश में तमंचा नकली निकला। लेकिन इस वीडियो में तमंचे से गोली चलाई गई।

वकील की ड्रेस पहनकर बदमाश ने किया सरेंडर

गाजियाबाद। गाजियाबाद में 50 हजार रुपए के इनामी बदमाश अंकित पंडित ने गुरुवार दोपहर कोर्ट में सरेंडर कर दिया है, वो वकील की ड्रेस पहनकर कोर्ट में आया था, इसलिए पुलिस को शक नहीं हुआ। अंकित पर गंभीर धाराओं में करीब 13 मुकदमे दर्ज हैं और वो मुरादनगर के मोबाइल व्यापारी मुकेश गोयल हत्याकांड में वांटेड चल रहा था। अंकित मसूरी थाना क्षेत्र में नूरपुर गांव का रहने वाला है। अंकित पर पहले 25 हजार रुपए का इनाम घोषित था। मगर 23 मई को मुरादनगर कस्बे में मोबाइल व्यापारी मुकेश गोयल की हत्या के बाद अंकित पर इनाम राशि 50 हजार रुपए कर दी गई थी। सूत्रों ने बताया कि एनकाउंटर से बचने के लिए अंकित ने कोर्ट में सरेंडर अर्जी डाल दी थी। इसलिए पुलिस कोर्ट परिसर के आसपास भी मुस्तैद थी। लेकिन अंकित चकमा देकर वकील की ड्रेस पहनकर कोर्ट में पहुंच गया और वकील के माध्यम से सरेंडर कर दिया।

पति से हुए विवाद के बाद महिला ने की आत्महत्या

नोएडा। थाना जारचा क्षेत्र के कलोदा गांव में रहने वाली एक महिला ने पति से हुए विवाद के बाद पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतका के परिजनों को पुलिस ने सूचना दे दी है। थाना जारचा के प्रभारी निरीक्षक ज्ञान सिंह ने बताया कि कलौदा गांव में रहने वाली राधारानी उम्र 23 वर्ष पत्नी छत्रपाल ने अपने घर पर आज सुबह को पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि महिला अपने बुआ के घर जाना चाह रही थी। उसके पति ने मना कर दिया। इस बात को लेकर पति.पत्नी में विवाद हो गया। उन्होंने बताया कि महिला ने पहले अपना मोबाइल फोन तोड़ा उसके बाद घर की कुंडी लगाकर पंखे से फंदा लगा लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतका के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। अगर वह इस मामले में कोई शिकायत करते हैं तो पुलिस घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच करेगी।

वाहन चोरी करने वाले गैंग का खुलासा, चार धरे

नोएडा। ग्रेटर नोएडा की दादरी पुलिस ने शातिर चोरों के गिरोह का खुलासा किया है। साथ ही 4 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरों के कब्जे से दो चोरी के मोटरसाइकिल और अवैध शराब बरामद की है। यह लोग नशे की लत को पूरा करने के लिए मोटरसाइकिल चोरी किया करते थे और उन्हें कम दामों में बेचकर अवैध धन अर्जित कर उससे नशे का सामान खरीदते थे। पुलिस ने इस दौरान काशीराम, सलाउद्दीन, अरमान और कुलदीप को रेलवे रोड से गिरफ्तार किया।

पालतू कुत्तों के प्रजनन सेंटर के लिए लेना होगा लाइसेंस

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

पालतू कुत्तों की ब्रिड तैयार कर उन्हें बेचने का अब अवैध कारोबार नहीं चलेगा। इसके लिए यूपी सरकार की ओर से नई गाइड लाइन जारी की गई है।

इस गाइड लाइन के तहत अगर कोई पालतू कुत्ता पालकर उसकी ब्रिड तैयार कर बेचने का काम अब बिना लाइसेंस के नहीं होगा। इस मामले में प्रदेश के सभी नगर निगमों को इस मामले में एक नया शासनादेश जारी किया गया है, जिसमें कहा गया है कि जो भी लोग इस कारोबार से जुड़े हुए है उन सभी को अब रजिस्ट्रेशन कराना होगा। अगर कोई रजिस्ट्रेशन नहीं कराएगा तो ऐसे मामले में कार्रवाई की जाएगी। ऐसे मामले में कार्रवाई की रिपोर्ट प्रति महीने शासन के पास भेजी जाएगी। पालतू कुत्तों की प्रजनन के सेंटर शहर में कई सौ की संख्या में हो सकते है। काफी ऐसे लोग है जो पालतू कुत्तों के बच्चों बेचकर मोटी कमाई कर रहे है। जबकि उनका कोई रजिस्ट्रेशन नहीं होता है।

'केंद्र की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं'

● तेजस्वी सूर्या ने गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

जनसभा में नोएडा पहुंचे तेजस्वी सूर्या, साथ में सांसद महेश शर्मा व विधायक पंकज।

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के कार्यकाल के नौ वर्ष पूरे होने तथा वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने गौतमबुद्ध नगर में कार्यकर्ताओं से कहा कि वे केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं। भाजपा द्वारा शुरू किए गए महा जनसंपर्क अभियान के तहत बृहस्पतिवार को उन्होंने गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय में भाजपा के कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। तेजस्वी ने इस मौके पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पेश की गई जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं।

उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता अभी से लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाएं तथा वे सामाजिक सरोकार के कार्यों को ध्यान में रखते हुए हर व्यक्ति को न्याय दिलाने का कार्य करें। भाजयुमो अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार में किसानों के हित को लेकर अभूतपूर्व कार्य किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि वे सीधे जनता से संपर्क करें तथा सरकार की नीतियों को उन तक पहुंचाएं।

नोएडा में भाजयुमो के जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं तथा पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत किया।

शुद्धिपत्र

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

ऋण खाता संख्या एलबीएफडीबी00002022054, कर्जदार का नाम पंकुल राठौर/खैरून राठौर/मैसर्स स्पाक सुपर इन्फ्रा इंडिया प्रा. लि. के संबंध में सरफासी ऐक्ट के तहत सूचनाओं का प्रकाशन समाचार पत्र दि पायनियर (अंग्रेजी) एवं दि पायनियर (हिन्दी) दिनांकित 03 मई, 2023 में धारा 13(4) के तहत सांकेतिक सूचना के रूप में प्रकाशित की गई थी। हम वर्णित करने के इच्छुक हैं कि असावधानीवश और बिना कोई इरादा के, उक्त सूचनाओं में एक टंकण त्रुटि हो गई है तथा आवेदक का नाम जोकि पंकुल राठौर है, छूट गया है। कृपया उपरोक्त प्रकाशन में आवेदक का नाम पंकुल राठौर मानें। उक्त सूचनाओं में वर्णित अन्य सभी विवरण पूर्ववत रहेगा। हम आपको इस संबंध में हुई असुविधा के लिए हार्दिक खेद व्यक्त करते हैं।

दिनांकित : 09-06-2023 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली/एनसीआर आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

NOTICE

I Sunny Katyal S/o Sh. Ramesh Katyal R/o Villa No.03, ATS Village, Sector-93A, Noida, declare that I had purchased a property bearing Unit no. O-1701, Amrapali Heartbeat City-2, Located at Sector-107, Noida (U.P). We have lost the original allotment letter & payment receipts of the above said property. We have requested to M/s **Pebbles Prolease Pvt. Ltd.** to issue the duplicate allotment letter & payment receipts of the said property. If anybody or any financial institution have any objection, he/she may contact Mr. Sunny Katyal, Mob. No. 8447740356

शुद्धिपत्र

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

ऋण खाता संख्या एलबीएफडीबी00002022053, कर्जदार का नाम पंकुल राठौर/मैसर्स स्पाक सुपर इन्फ्रा इंडिया प्रा. लि./खैरून राठौर के संबंध में सरफासी ऐक्ट के तहत सूचनाओं का प्रकाशन समाचार पत्र दि पायनियर (अंग्रेजी) एवं दि पायनियर (हिन्दी) दिनांकित 03 मई, 2023 में धारा 13(4) के तहत सांकेतिक सूचना के रूप में प्रकाशित की गई थी। हम वर्णित करने के इच्छुक हैं कि असावधानीवश और बिना कोई इरादा के, उक्त सूचनाओं में एक टंकण त्रुटि हो गई है तथा आवेदक का नाम जोकि पंकुल राठौर है, छूट गया है। कृपया उपरोक्त प्रकाशन में आवेदक का नाम पंकुल राठौर मानें। उक्त सूचनाओं में वर्णित अन्य सभी विवरण पूर्ववत रहेगा। हम आपको इस संबंध में हुई असुविधा के लिए हार्दिक खेद व्यक्त करते हैं।

दिनांकित : 09-06-2023 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली/एनसीआर आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

PUBLIC NOTICE

Be it known to the general Public at large that I Rakesh Kapoor S/o Late Sh. P. N. Kapoor. Do hereby represent myself to be the absolute owner of **Property / Flat No. 41, Ground Floor, MIG, Nav Shakti Co-operative Group Housing Society Ltd., Shakti Apartments, Plot No.5, Sector-9, Rohini, Delhi-110085.** I have lost my original General Power of Attorney, Agreement to Sell & Purchase, Receipt, Possession Letter and other related documents.
In the absence of those being untraced, those documents shall have no relevance for any purpose other than maintaining its title. Finder Please contact: Rakesh Kapoor Mob. 9205007100

सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

क्र. सं.	कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र.	संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि	डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.)	शाखा का नाम
1.	मुकेश कुमार/ अंजू सिंह/ केपीएस क्लिनिकल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड/ LBDEL00001916302	फ्लैट नंबर-208, टॉवर के, दूसरी मंजिल, एवीजे हाइट्स, ग्रेटर नोएडा, नोएडा/ जून 05, 2023	फरवरी 25, 2023 रु. 14,35,427/-	दिल्ली/ एनसीआर

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : जून 09, 2023 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली/एनसीआर आईसीआईसीआई बैंक लि.

सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

क्र. सं.	कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र.	संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि	डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.)	शाखा का नाम
1.	अभिषेक डबास/ मधुलिका सिंह/ LBNOD00002379985	फ्लैट नंबर 1904, 18वीं मंज़िल, टॉवर-बी, विक्ट्रीवन सेंट्रल, प्लॉट नंबर जीएच-2/ई, सेक्टर-12, ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर, यूपी/ जून 06, 2023	फरवरी 25, 2023 रु. 22,83,744/-	दिल्ली/ एनसीआर
2.	मधु शर्मा/ सोनिया गुजराल/ LBFDB00001624203	डीडीए एलआईजी फ्लैट नंबर 328, तीसरी मंज़िल, ब्लॉक सी, पॉकेट-1, सेक्टर-17, रोहिणी, दिल्ली/ जून 06, 2023	जून 19, 2021 रु. 10,56,511/-	दिल्ली/ एनसीआर
3.	संदीप कुमार/ धर्मवीर सिंह/ LBDEL00002429470	फ्लैट नंबर 51, दूसरी मंज़िल, ब्लॉक- एफ 5, पॉकेट 3, सेक्टर- 34, रोहिणी, दिल्ली- 110085/ जून 06, 2023	फरवरी 25, 2023 रु. 9,43,899/-	दिल्ली/ एनसीआर
4.	सोहन पाल/ सुरेश कुमार गुप्ता/ LBNOD00002379759	डीडीए एलआईजी फ्लैट नंबर 50, तीसरी मंज़िल, सेक्टर-जी-8, पॉकेट-3, ब्लॉक-एफ 7, नरेला, दिल्ली/ जून 06, 2023	फरवरी 25, 2023 रु. 9,42,784/-	दिल्ली/ एनसीआर
5.	सुनील अग्रवाल/ दीपक अग्रवाल/ LBNOD00002461643	फ्लैट नंबर 1101, 11वीं मंज़िल, टॉवर-जी न्यूटेक ला गैलेक्सिया, टॉवर ग्रुप हाउसिंग प्लॉट नंबर एचआरए-11 1ए, सूरजपुर साइट-सी (एक्सटेंशन), फैज-11, ग्रेटर नोएडा/ जून 06, 2023	जनवरी 30, 2018 रु. 46,62,012/-	दिल्ली/ एनसीआर
6.	उषा देवी/ रामनयन यादव/ LBDEL00002368843	एलआईजी फ्लैट नं. 60, चौथी मंज़िल, सेक्टर- 34, पॉकेट-3, ब्लॉक- ए-3, रोहिणी, दिल्ली, दिल्ली- 110040/ जून 06, 2023	जनवरी 23, 2023 रु. 9,85,701/-	दिल्ली/ एनसीआर

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : जून 09, 2023 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर आईसीआईसीआई बैंक लि.

ट्रेन की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत

नोएडा। गौतमबुद्ध नगर में थाना बादलपुर क्षेत्र के रोजा जलालपुर गांव के पास बृहस्पतिवार सुबह रेल की पटरी पार करने के प्रयास में एक मोटरसाइकिल सवार युवक ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई। थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि बृहस्पतिवार सुबह एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई।

उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस शव की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है।

सीबीआई ने रिश्वत लेते बैंक के फील्ड ऑफिसर को पकड़ा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

केंद्रीय जांच ब्यूरो गाजियाबाद की टीम ने बुलंदशहर जिले के सिकंदराबाद से यूनियन बैंक के फील्ड ऑफिसर को 21 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। उसे गाजियाबाद स्थित सीबीआई की स्पेशल कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया गया।

बुलंदशहर जिले में चोला स्टेशन स्थित गांव नगला बंशी निवासी किसान नर सिंह सोलंकी ने सीबीआई गाजियाबाद की एंटी करप्शन ब्यूरो यूनिट में ये एफआईआर कराई थी। नर सिंह सोलंकी के मुताबिक मेरे पास करीब 10 बीघा जमीन है। उन्हें खेतीबाड़ी के लिए रुपयों की जरूरत थी। जमीन को गिरवी रखकर किसान क्रेडिट कार्ड पर लोन के लिए आवेदन किया था।

किसान ने बताया 26 मई को मेरे खाते में 2 लाख 43 हजार रुपए आ गए, लेकिन फील्ड ऑफिसर सुरेंद्र ने ये रकम खाते से निकालने के बदले 25 हजार रुपए की रिश्वत मांगी। रिश्वत नहीं देने पर फील्ड ऑफिसर रोज बहाने बनाता रहा।

कोरियर कंपनी की फ्रेंचाइजी दिलाने के नाम पर ठगी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

मोदीनगर नगर की हनुमापुरी कॉलोनी निवासी एक युवक को कोरियर कंपनी की फ्रेंचाइजी दिलाने का झांसा देकर 1.60 लाख रुपये ठग लिए।

पीड़ित ने इस संबंध में मोदीनगर थाने में तहरीर दी है। पुलिस जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कह रही है। हनुमानपुरी कॉलोनी निवासी कृष्ण कुमार परिवार सहित रहते है। उनके पास काफी समय पहले एक युवती का फोन आया। उसने अपने आप को नामी कोरियर कंपनी का अधिकारी बताया। युवती ने कृष्ण कुमार से कहा कि हमारी कंपनी मोदीनगर क्षेत्र में अपनी ब्रांच खोलना चाहती और फ्रेचाइजी देनी है। इतना ही नहीं युवती ने दो युवकों को अधिकारी बताकर भी बात कराई।

इतना ही कृष्ण के पास ईमेल भेजकर कंपनी का पता व लोकेशन भी दी गई। उन्होने फ्रंचाईजी लेने हामी भर दी। उन्होंने शुल्क के रुप में 1.60 लाख रुपये ऑनलाइन भुगतान कर दिया। भुगतान के बाद जब कृष्ण कुमार ने उक्त मोबाइल नम्बर पर फोन किया तो वह स्विच ऑफ था।

हथियार समेत एक और सुरक्षाकर्मी गिरफ्तार

हॉस्टल में घुसकर मारपीट का मामला

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा की इकोटेक वन पुलिस ने छात्रों के हॉस्टल में घुसकर मारपीट और तोड़फोड़ करने के मामले में एक और आरोपी सुरक्षाकर्मी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस लगातार सीसीटीवी फुटेज व अन्य साक्ष्यों के आधार पर इस मामले में अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी कर रही है। उसी कड़ी में प्रकाश में आए सुरक्षाकर्मी वीर सिंह, निवासी जुनैदपुर को थाना ईकोटेक प्रथम पुलिस ने उसके घर ग्राम जुनैदपुर से मय घटना में प्रयुक्त लाईसेन्सी शस्त्र एसबीबीएल गन के साथ गिरफ्तार कर लिया।

गौरतलब है कि रविवार रात को एमबीबीएस के छात्रों और जीबीयू के सुरक्षाकर्मियों के बीच जमकर खूनी संघर्ष हुआ था। इस दौरान सुरक्षाकर्मियों ने इकट्ठा होकर हॉस्टल पर हमला बोल दिया था और छात्रों को जमकर पीटा था। हॉस्टल के अंदर भी तोड़फोड़ की गई थी और हॉस्टल के बाहर खड़े हुए सभी वाहनों को भी तोड़ दिया गया था। जिसमें एक दर्जन से ज्यादा छात्र घायल हुए थे। पुलिस ने इस मामले में दोनों तरफ से मिली शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज किया। 4 छात्रों के खिलाफभी शांति भंग की कार्रवाई हुई है। वहीं अब तक 12 सुरक्षाकर्मियों को पुलिस गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी है। थाना प्रभारी सरिता मालिक ने बताया कि रविवार को छात्रों और सिक्योरिटी गार्ड के बीच हुई मारपीट के मामले में दोनों तरफ से मुकदमा दर्ज किया गया है।

स्पोर्ट्स सिटी परियोजना की दोबारा से होगी जांच

● दो सप्ताह में प्राधिकरण को देनी होगी स्टेटस रिपोर्ट, लोक लेखा समिति की बैठक में निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

स्पोर्ट्स सिटी परियोजना की एक बार फिर जांच की जाएगी। जांच के आधार पर स्टेटस रिपोर्ट नोएडा प्राधिकरण को 2 सप्ताह में देनी होगी। इसके लिए अफसर मौके पर जाकर जमीन की वास्तविक स्थिति देखेंगे।

लखनऊ में हुई लोक लेखा समिति की बैठक के दौरान सभापति ने ये निर्देश दिए। 12 साल पहले सेक्टर-78, 79, 101, 150 और 152 में स्पोर्ट्स सिटी परियोजना लाई गई थी। नियोजन के अनुसार कुल आवंटित भूखंड के 70 प्रतिशत हिस्से में खेल सुविधाएं, 28 प्रतिशत में ग्रुप हाउसिंग और बचे दो प्रतिशत हिस्से में व्यवसायिक और संस्थागत संपत्ति विकसित की जानी थी। इसके लिए सस्ते दामों पर बिल्डरों को जमीन दी गई। बिल्डरों ने मुनाफा कमाने के लिए जमीन के कई उप विभाजन करते हुए छोटे बिल्डरों को सबलीज कर दी। प्राधिकरण के कामकाज की तरह स्पोर्ट्स सिटी की भी जांच की थी। इस परियोजना को लेकर 24 आपत्ति लगाते हुए 8643 करोड़ रुपए का घोटाला होना बताया था। अब इस मामले में लोक लेखा समिति जांच कर रही है। इसी क्रम में बुधवार को लोक लेखा समिति के सभापति महबूब अली की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में औद्योगिक विकास विभाग के प्रमुख सचिव नरेंद्र भूषण, सचिव अनिल सागर, नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी सहित अन्य अफसर थे। इन तीनों स्पोर्टस सिटी पर लगाई गई आपत्तियों के जवाब दिए। हालांकि लोक लेखा समिति ने दोबारा से जांच के निर्देश दिए।

सभी पांच सेक्टर में नोएडा प्राधिकरण ने मुख्य रूप से 3 बिल्डर को जमीन आवंटित की थी। इन बिल्डर में थ्री सी ग्रीन डेवलपर्स को सेक्टर-78, 79 और 101 में, सेक्टर.150 के भूखंड संख्या.1 के लिए लॉजिक्स इंफा प्राइवेट लिमिटेड डेवलपर्स को, भूखंड संख्या.2 के लिए थ्री सी ग्रीन डेवलपर्स लिमिटेड और सेक्टर.152 में एटीएस होम्स प्राइवेट लिमिटेड को जमीन आवंटित की गई थी। सस्ते रेट पर प्राधिकरण से जमीन लेकर संबंधित बिल्डर ने मुनाफा कमाने के लिए अन्य छोटे बिल्डरों को छोटे-छोटे भूखंड बेच दिए। ऐसे में संबंधित सेक्टर में 4 भूखंड के 74 उप भूखंडों में बेच दिया।

कंपनी ने इन आपत्तियों का दिया था जवाब

- भूमि की दर अत्यन्त कम लगाई गई
- खेलकूद सुविधाओं का विकास नहीं हुआ
- स्पोर्ट्स सिटी में आवासीय तथा वाणिज्यिक गतिविधियां अनुमन्य की गई थी, लेकिन आवंटी, उप पट्टा धारकों द्वारा खेल सुविधाओं का विकास न करके निर्माण कर लिया गया।
- अपात्र विकासकर्ताओं को भी स्पोर्ट्स सिटी के भूखंड आवंटित किए गए

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की

यूनिवर्सिटी कैंपस के उद्घाटन में तनातनी

सीएम के संबोधन के दौरान मोदी-मोदी और मुख्यमंत्री समर्थकों ने केजरीवाल जिंदाबाद के नारे लगाए

● वक्त भी सिखाता है और शिक्षक भी, फर्क बस इतना है कि शिक्षक सिखाकर परीक्षा लेते हैं और वक्त परीक्षा लेकर सीख देता है : एलजी

गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ विवि के नए कैंपस का उद्घाटन करते एलजी वीके सक्सेना, साथ में सीएम केजरीवाल। फोटो: रंजन डिमरी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय के नए कैंपस का फीता काटने के विवाद के बीच गुरुवार को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस कैंपस का उद्घाटन किया है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री का संबोधन मोदी, मोदी और केजरीवाल के समर्थकों ने केजरीवाल जिंदाबाद के नारे लगाने की वजह से कुछ देर बाधित हुआ।

इस बीच सीएम ने संबोधन को बाधित करने वालों पर तंज कसते हुए कहा कि अगर शिक्षा व्यवस्था में ऐसे नारों से सुधार लाया जा सकता है तो पिछले 70 साल में ऐसा हो चुका होता। उन्होंने दोनों पार्टियों के समर्थकों से अनुरोध किया कि उन्हें पांच मिनट बोलने दें। एलजी ने उद्घाटन अवसर पर बोलते हुए कहा कि वैसे तो हमें वक्त भी सिखाता है और शिक्षक भी, लेकिन फर्क बस इतना है कि शिक्षक सिखाकर परीक्षा लेते हैं और वक्त परीक्षा लेकर सीख देता है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि यहां 2400 से अधिक छात्रों को विश्व स्तरीय शिक्षा दी जाएगी।

कैंपस में शैक्षिक सत्र इसी वर्ष से शुरू हो जाएगा। 19 एकड़ में फैला यह परिसर आर्किटेक्चरल और सुविधाओं के लिहाज से देश का सबसे बेहतरीन कैंपस है। कैंपस में 9 मंजिला और 7 मंजिला एकेडमिक ब्लॉक हैं, जिसमें सेंट्रल लाइब्रेरी, इन्क्यूबेशन सेंटर, लेक्चर थिएटर, क्लासरूम, शानदार ऑडिटोरियम, इंडोर स्पोर्ट्स हॉल और बच्चों के लिए आवासीय काम्प्लेक्स समेत अन्य आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं।

सीएम ने कहा जब यूनिवर्सिटी बनती है तो आसपास की अर्थव्यवस्था को भी बहुत फायदा होता है। बच्चे यहां आकर रहेंगे तो आसपास खूब सारी दुकानें खुलेंगी, कई लोगों को रोजगार मिलेगा। मुख्य रूप से इस क्षेत्र को अर्थव्यवस्था के लिहाज से बहुत ज्यादा फायदा होगा।

केजरीवाल ने दावा किया कि दिल्ली में 12वीं तक की शिक्षा में एक तरह से एक मॉडल तैयार कर दिया। सरकारी स्कूल बहुत अच्छे कर दिए और एक सिस्टम तैयार कर दिए। अगर आपके पास पैसे नहीं है तब भी बच्चों को अच्छी शिक्षा मिलेगी। अब 12वीं के बाद शिक्षा पर ध्यान देने की जरूरत है।

शून्य ऊर्जा खपत वाला है कैंपस

हाइटेक परिसर का निर्माण पांच स्टार रेटिंग के मानकों के साथ किया गया है। ये शून्य ऊर्जा खपत वाला कैंपस है। मुख्य अकादमिक ब्लाक के छत में सोलर पैनल लगाए गए हैं। यहां बिजली की खपत कम होगी, साथ ही कैंपस अपने लिए खुद बिजली पैदा करेगा। इस इको-फ्रेंडली कैंपस में जीरो-सीवर डिस्चार्ज के साथ, जल संरक्षण भी किया जाएगा और कैंपस में इस्तेमाल होने वाले पानी का उपचार समाधान करके बागवानी में इस्तेमाल किया जाएगा। रोबोटिक्स, आटोमेशन, डिजाइन एंड इनोवेशन जैसे पाठ्यक्रमों के साथ विद्यार्थियों को रोजगार के लिए तैयार किया जाएगा। छात्र-छात्राओं के लिए बीटेक इन रोबोटिक्स एंड आटोमेशन, बीटेक इन एआइ एवं डेटा साइंस, बीटेक इन एआई व मशीन लर्निंग और बेचलर इन डिजाइन जैसे कोर्स पढ़ाए जाएंगे।

ऐसी शिक्षा जो रोजगार भी दिलाए: मुख्यमंत्री

सीएम के मुताबिक अगर पढ़ने के बाद भी नौकरी न मिले तो मन में ये सवाल उठता है कि जो उच्च शिक्षा हासिल की है, क्या वो सार्थक थी। आज एक युवा के सामने सबसे बड़ी समस्या नौकरी की है। नौकरी नहीं मिलेगी तो हाथ में डिग्री लेकर घूमने से कोई फायदा नहीं है। बच्चों को ऐसी शिक्षा देनी पड़ेगी जो रोजगार दिलवाए। हमें नौकरी ढूंढने वाला नहीं, नौकरी देने वाला बनना है, इस दिशा में शिक्षा व्यवस्था को लेकर जाना पड़ेगा।

एलजी ने अधिकारियों पर दबाव बनाकर किया उद्घाटन : आतिशी

नई दिल्ली। उपराज्यपाल और दिल्ली सरकार के बीच तनातनी कम नहीं हो रही है। ताजा मामला आईपी यूनिवर्सिटी के पूर्वी दिल्ली कैंपस के उद्घाटन से जुड़ा है। शिक्षा मंत्री आतिशी ने आरोप लगाया कि उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय और उनके विभाग के अधिकारियों पर उद्घाटन का जिम्मा उन्हें सौंपे जाने का दबाव बनाया और ऐसा नहीं करने पर उन्हें निलंबित करने की धमकी दी। आतिशी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जीजीएसआईपीयू दिल्ली सरकार का विश्वविद्यालय है, जिसकी योजना और निर्माण दोनों उसी ने किया है। एलजी ने विश्वविद्यालय और शिक्षा विभाग के अधिकारियों पर यह दबाव क्यों बनाया कि वह ही परिसर का उद्घाटन करेंगे। क्या उन्हें यह पता नहीं है कि उच्च शिक्षा दिल्ली सरकार की जिम्मेदारी है। उपराज्यपाल पिछले आठ साल में दिल्ली सरकार के किए कामों का श्रेय क्यों लेना चाहते हैं। इस मामले पर विवाद के बीच उपराज्यपाल सचिवालय ने बुधवार को कहा था कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी जानते हैं कि परिसर का उद्घाटन उपराज्यपाल को करना था।

पांच महीने बाद नगर निगम स्थायी समिति के नतीजे घोषित

निगम सदन के दौरान मयेर शैली ओबराय। यहां पूरे दिन भाजपा और आप पार्षदों के बीच हंगामा होता रहा।

● आम आदमी पार्टी और भाजपा के हिस्से आई तीन-तीन सीटें

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम के स्थायी समिति के सदस्यों के चुनाव के 103 दिन बाद नतीजे बृहस्पतिवार को घोषित कर दिए गए हैं।

उच्च न्यायालय के आदेश के बाद महापौर (रिटर्निंग ऑफिसर) शैली ओबेराय ने चुनाव के नतीजे घोषित करने की मंजूरी दे दी। इसके बाद निगम सचिव ने इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है।

चनाव नतीजे के अनुसार आप के मोहम्मद आमिल मलिक, मोहिनी और रामिंदर कौर तथा भाजपा की कमलजीत सहरावत, गजेंद्र सिंह दराल और पंकज लूथरा निर्वाचित हुए हैं। दिल्ली नगर निगम के स्थायी समिति के गठन की संभावना हो गई है। क्योंकि अब वार्ड कमेटी के सदस्यों के लिए चुनाव की तारीख निगम आयुक्त को तय करनी होगी। साथ ही जल्द ही तर्दथ और विशेष समितियों के चुनाव के साथ ही वार्ड कमेटियों के सदस्यों के चुनाव की घोषणा हो सकती है। एमसीडी के सदन में 24 फरवरी को तब काफी हो हंगामा हुआ था जब भाजपा और आप सदस्यों ने एक दूसरे के साथ धक्का-मुक्की की थी।

सदन में नारे लगाए जा रहे थे कि ओबरॉय ने समिति के चुनाव में एक वोट को अवैध घोषित कर दिया था। इसके बाद महापौर ने पुन: 27 फरवरी को चुनाव कराने का आदेश दिया। इसके खिलाफ भाजपा पार्षद कमलजीत सहरावत और शिखा राय ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। जिस पर हाईकोर्ट ने तुरंत फिर से चुनाव कराने पर रोक लगा दी थी। 23 मई को उच्च न्यायालय ने चुनाव प्रक्रिया को सही पाया था।

अपने आदेश में उच्च न्यायालय ने विवादित वोट को भाजपा पार्षद पंकज लुथरा के पक्ष में डाले गए वोट के रूप में लेने का निर्देश भी दिया था।

अदालत ने अपने आदेश में कहा था, छह निर्वाचित उम्मीदवारों में भाजपा और आप से तीन-तीन सदस्य थे एवं जांच के बाद कोई भी वोट अवैध नहीं पाया गया।

अदालत ने महापौर को तुरंत प्रभाव से चुनाव नतीजे जारी करने का निर्देश दिया था। निगम सदन की बैठक से कुछ देर पहले ही महापौर ने स्वीकृति दे दी और निगम सचिव ने इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है।

चुनाव परिणाम का कामकाज पर पड़ सकता है असर

वैसे तो एमसीडी में आप की सरकार है, लेकिन स्थायी समिति का चुनाव परिणाम निगम के कामकाज पर असर डाल सकता है क्योंकि सारे कार्यकारी निर्णय समिति द्वारा लिए जाते हैं और समिति में अब दोनों दलों के समान सदस्य हैं। दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति में 18 सदस्यों से गठन होता है। इसमें छह सदस्य सदन से चुने जाते हैं जबकि 12 सदस्य वार्ड कमेटी से चुने जाते हैं। छह सदस्य में से तीन भाजपा जीत चुकी है और तीन आप। अब 12 वार्ड कमेटियों में भाजपा को चार वार्ड कमेटियों में भाजपा का बहुमत है। जबकि अगर, एल्डरमैन ने वोट दिया तो तीन वार्ड समिति (मध्य, सिविल लाइंस और नरेला जोन) भी भाजपा के पास आ सकती है।

पत्नी से प्रेम प्रसंग के शक में फैक्ट्री सुपरवाइजर की हत्या

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पुलिस ने एक फैक्ट्री के सुपरवाइजर की हत्या करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी को शक था कि पत्नी का फैक्ट्री के सुपरवाइजर के साथ प्रेम प्रसंग है।

पुलिस के मुताबिक, शाम में सूचना मिलने के बाद वे सेक्टर-5 के एन ब्लॉक में स्थित फैक्टरी में पहुंचे, तब तक घायल राकेश को पूठ खुर्द के एमवी अस्पताल में भर्ती करा दिया गया था। पुलिस ने बताया कि इसके बाद राकेश को रोहिणी के बीएसए अस्पताल स्थानांतरित किया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। बाहरी उत्तर दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) रवि कुमार सिंह ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस ने कुलदीप का पता लगाया और उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि कुलदीप और उसकी पत्नी बवाना स्थित फैक्ट्री में श्रमिक के तौर पर काम करते हैं और वे फैक्ट्री की चौथी मंजिल पर रहते हैं। पुलिस ने बताया कि कुलदीप को शक था कि उसकी पत्नी का राकेश के साथ संबंध है। पुलिस के मुताबिक, उसने तीन और चार जून की दरमियानी रात को दोनों को एक कमरे में देखा था।

लूट का विरोध करने पर बुजुर्ग की गला दबाकर हत्या

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मृतका शमीम की फाइल फोटो

घायल अब्बास

● हथियारमंद बदमाशों ने महिला के पति पर किए चाकू से वार, हालत गंभीर

पूर्वी दिल्ली के मौजपुर इलाके में हथियार बंद बदमाशों ने घरवालों को बनाकर लूट को अंजाम दिया। परिवार के विरोध करने पर बदमाशों ने दो बुजुर्ग पर पहले चाकू से वार किया किया। मामले में महिला की मौत हो गई है।

वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल है। मिली जानकारी के अनुसार अंबेडकरनगर बस्ती मौजपुर की गली नंबर 5 में 5-6 लोग एक घर में घुसे और लूट को अंजाम दिया। इस दौरान घरवालों को चाकू दिखाकर बदमाशों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। जाफराबाद पुलिस स्टेशन को मिली सूचना के मुताबिक ये लुटेरे घर में चाकू लेकर दाखिल हुए थे। लूट का जब घर वालों ने विरोध किया तो लुटेरों ने 70 साल के अब्बास, उनकी पत्नी 70 साल की शमीम और उनके 22 साल के किराएदार ज़ाहिद को चाकू मारकर घायल कर दिया। इस घटना में शमीम की अस्पताल में मौत हो गई। इस घटना को अंजाम देने के बाद लुटेरे वहां से फरार हो गए।

वहीं स्थानीय लोगों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। शमीम व अन्य को जब अस्पताल पहुंचाया गया तो अस्पताल में शमीम की मौत हो गई। जाफराबाद पुलिस थाने में इस बाबत लूट और हत्या का केस दर्ज कर लिया गया है और पुलिस की कई टीमें मामले की जांच में जुट चुकी है।

पुलिस का इस मामले में पर कहना है कि इस मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है और जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

राघव चड्ढा की याचिका पर 10 जुलाई को फैसला

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● बंगला आवंटन रद्द के आदेश को आप नेता ने दी थी चुनौती

आम आदमी पार्टी (आप) सांसद राघव चड्ढा को अंतरिम राहत देते हुए दिल्ली की एक अदालत ने राज्यसभा सचिवालय को निर्देश दिया है कि उनकी (चड्ढा की) अर्जी लंबित रहने तक और कानून की उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना उन्हें लुटियंस दिल्ली में टाइप-7 बंगले से बेदखल न किया जाए। इस श्रेणी का आवास आमतौर पर ऐसे सांसदों को आवंटित किया जाता है जो पूर्व मंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री या राज्यपाल रह चुके होते हैं।

अदालत अब 10 जुलाई को इस बात पर फैसला करेगी कि बंगले का आवंटन रद्द करने के राज्यसभा सचिवालय के तीन मार्च 2023 के आदेश के खिलाफ चड्ढा की अर्जी सुनवाई योग्य है या नहीं। न्यायिक आदेश और सांसद की याचिका पर टिप्पणी के लिए राज्यसभा सचिवालय की ओर से कोई भी तुरंत उपलब्ध नहीं हुआ। कार्यवाही के दौरान, राज्यसभा सचिवालय के वकील ने अर्जी की पोषणीयता (सुनवाई योग्य है या नहीं) को लेकर आपत्ति जताई। अपर जिला न्यायाधीश सुधांशु कौशिक ने एक जून को इस मुद्दे पर दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सुनवाई के लिए 10 जुलाई की तिथि निर्धारित की थी। अदालत ने अप्रैल में सचिवालय को निर्देश दिया था कि वह चड्ढा को आवेदन लंबित रहने तक कानून की उचित प्रक्रिया के बिना बंगले से बेदखल न करे।गौरतलब है कि चड्ढा को पिछले साल छह जुलाई को यहां पंडारा पार्क में टाइप 6 बंगला आवंटित किया गया था, लेकिन उन्होंने 29 अगस्त को राज्यसभा के सभापति से टाइप 7 आवास का अनुरोध किया था।

राजधानी में आज हल्की बारिश के आसार

नई दिल्ली। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने राष्ट्रीय राजधानी में नौ जून को हल्की बारिश और आम तौर पर बादल छाए रहने का अनुमान जताया है। आईएमडी द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार, दिल्ली में बृहस्पतिवार को अधिकतम तापमान 39.9 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो मौसम के सामान्य से चार डिग्री कम है। शाम साढ़े पांच बजे सापेक्षिक आर्द्रता 35 प्रतिशत रही। दिल्ली का 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) मध्यम श्रेणी में 161 दर्ज किया गया।

गौरतलब है कि शून्य से 50 के बीच एक्यूआई अच्छा , 51 से 100 के बीच संतोषजनक माना जाता है।

'राजशेखर 13 को विधानसभा समिति के सामने पेश हों'

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● मुख्य सचिव नरेश कुमार को लिखा पत्र

विधानसभा की अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण समिति ने विधानसभा अध्यक्ष के निर्देश पर एक मामले को संज्ञान में लेते हुए मुख्य सचिव नरेश कुमार को पत्र लिखा है।

सेवा विभाग के सचिव आइएएस अधिकारी वाईवीवीजे राजशेखर को समिति के समक्ष 13 जून को तीन बजे पेश होने का आदेश देने को कहा है। समिति ने मुख्य सचिव को लिखे पत्र में कहा कि समिति के समक्ष नकुल कश्यप नाम के व्यक्ति की शिकायत प्राप्त हुई है। इसमें व्यक्ति ने आरोप लगाया है कि सेवा विभाग के विशेष सचिव वाईवीवीजे राजशेखर के पास गए तो उन्होंने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया और उनको अनुसचित जाति के लोगों के विषय में ऐसी बातें कहीं, जोकि उन्हें नहीं कहनी चाहिए थी। इस संबंध में समिति ने सेवा विभाग के विशेष सचिव राजशेखर को अपना पक्ष रखने के लिए छह जून को आयोजित हुई समिति की बैठक में बुलाया था लेकिन आइएएस राजशेखर समिति की बैठक में नहीं पहुंचे थे।

काबुल से लौटे सिख शरणार्थियों ने बयां किया दर्द

● एस जयशंकर ने 84 दंगा पीड़ितों और यूक्रेन से लौटे छात्रों की समस्या सुनीं

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दंगा पीड़ित परिवारों से मुलाकात के दौरान उनकी समस्या को सुनते एस.जयशंकर।

केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अफगानिस्तान से भारत आए सिख शरणार्थियों की सुध ली है। उन्होंने एक गुरुद्वारा जाकर उनसे मुलाकात की और समस्याओं का समाधान करने का भरोसा दिया।

साथ ही नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) का जिक्र किया। उन्होंने कहा, अगर वो कानून नहीं होता तो इन लोगों का क्या होता। विदेश मंत्री बसई दारापुर इलाके में यूक्रेन से लौटे एक छात्र प्रतिनिधि मंडल से मुलाकात की। बैठक के बाद उन्होंने कहा कि यूक्रेन की स्थिति तो सब जानते ही हैं। वहां अब भी हालात ठीक नहीं हैं। शुरू-शुरू में तो छात्र वापस आ गए थे, लेकिन पढ़ाई पूरी करने के लिए ये दोबारा वहां गए, लेकिन वहां के मौजूदा हालात को देखते हुए छात्र फिर से वापस आ गए हैं।

सरकार कोशिश कर रही है कि वहां पर जो भारतीय छात्र हैं, उनकी परीक्षा भारत में कराई जाए। यही छात्रों के हित में होगी। केंद्र की मोदी सरकार के 9 साल पूरे हो चुके हैं। भाजपा सरकार की उपलब्धियों को आम लोगों तक पहुंचाने के लिए अभियान चला रही है।

इसी क्रम में गुरुवार को विदेश मंत्री ने न्यू महावीर नगर स्थित गुरूद्वारा गुरू अर्जुन देव जी में गुरू ग्रंथ साहिब जी के दर्शन कर अरदास की। बाद में वहां काबुल से विस्थापित होकर आये सिख परिवारों से भेंट की। एस जयशंकर ने तिलक विहार में 1984 की दंगा पीड़ित गंगा कौर के परिवार से भेंट की और साथ ही वहां उपस्थित अन्य परिसर निवासियों से भी मोदी सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा की।

उन्होंने जानेमाले लोगों से सम्पर्क की श्रृंखला में प्रसिद्ध फोटोग्राफर पदमश्री नरेन्द्र बेदी एवं रिटायर्ड ले. जनरल एस के गुलाटी से राजौरी गार्डन में उनके निवास पर भेंट कर उन्हें केंद्र सरकार की उपलब्धियों की पुस्तिका भेंट की और लोकसभा चुनाव के लिये उनका समर्थन मांगा। देर शाम विदेश मंत्री जनकपुरी में आयोजित सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर मीट में सम्मिलित हुये और रोजमर्रा के जीवन से लेकर चुनाव प्रबंधन तक में सोशल मीडिया के प्रभाव पर चर्चा की। उन्होंने एकत्र सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर से कहा कि वह अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर लोगों तक केंद्र की उपलब्धियों के साथ ही विश्व भर में देश की बढ़ती लोकप्रियता को पहुंचायें।

आबकारी नीति: कारोबारी की जमानत अर्जी खारिज

नई दिल्ली। दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े कथित घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार हैदराबाद के कारोबारी अरुण रामचंद्र पिल्लै की जमानत अर्जी बृहस्पतिवार को दिल्ली की एक अदालत ने खारिज कर दी और कहा कि पिल्लै की भूमिका जेल में अब भी बंद कुछ अन्य आरोपियों से अधिक गंभीर थी।

पिल्लै को जमानत देने से इनकार करते हुए विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल ने कहा, प्रथमदृष्टया राय है कि जांच एजेंसी ने इस अदालत के समक्ष एक ऐसा मामला रखा है जिसमें धन शोधन के कथित अपराध को करने में आवेदक की सक्रिय संलिप्तता नजर आ रही है ।

अदालत ने पिल्लै के वकील की इन दलीलों को भी खारिज कर दिया कि मामले में उनकी गिरफ्तारी वैध या न्यायोचित नहीं है।

संक्षिप्त समाचार

मीनाक्षी लेखी ने नई दिल्ली लोक सभा के नारायणा में करोल बाग के कार्यकर्ताओं के साथ टिफिन बैठक कर संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की।

लेखी ने संसदीय क्षेत्र के विकास का रखा लेखाजोखा

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार अंत्योदय के सिद्धांत पर समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान और योजनाओं का लाभ देने के लिए प्रयासरत है। केंद्रीय मंत्री ने लेखी ने इस अवसर पर अपने नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र में द्वारा 9 वर्षों के कार्यकाल के विकास कार्यों का विवरण रखा। इस लेखी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम भारत के स्वर्णीम युग का दृश्य देख रहे हैं। इस मौके पर नई दिल्ली जिला अध्यक्ष प्रशांत शर्मा और नई दिल्ली जिला मीडिया प्रमुख राघव पाल मंडल उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि संसदीय क्षेत्र में पिछले 9 साल में 441 से भी अधिक ओपेन जिम लगवाए गए, 5000 से अधिक दिव्यांगों को व्हीलचेयर, मोटीरिजेड व्हील चेयर दिया गया, पहली सोलर बस्ती की स्थापना की, 80 से अधिक पब्लिक लाईब्रेरी बनवाई, कोरोना काल में 10 मुफ्त एम्बुलेंस सेवा का संचालन समेत सैकड़ों काम करवाने की जानकारी दी।

सर्वे ने सीएम के प्रदूषण दावे की निकाली हवा : बिधूड़ी

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के राजधानी में 30 फीसदी प्रदूषण कम होने के दावे की हवाल कुछ घंटों में निकल गई है। ताजा सर्वे रिपोर्ट में एक बार फिर दिल्ली दुनिया की सबसे ज्यादा प्रदूषित राजधानी है। बिधूड़ी ने कहा है कि बड़े बड़े दावे करने वाले केजरीवाल को चुप्पी साधने की बजाय अब स्थिति साफ करनी चाहिए। बिधूड़ी ने कहा कि स्विस एयर क्वालिटी टेक्नॉलाजी कंपनी आईक्यू एयर ने प्रदूषण पर जो रिपोर्ट जारी की है, उसमें बताया गया है कि राजधानी के रूप में दिल्ली दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर है। हैरानी की बात यह है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अभी तीन दिन पहले ही अपनी पीठ थपथपाते हुए यह श्रेय लेने की कोशिश की है कि दिल्ली सरकार के प्रयासों से राजधानी में 30 फीसदी प्रदूषण कम हो गया है।

पूर्व डीटीसी कर्मियों की तीन माह से पेंशन नहीं: कांग्रेस

नई दिल्ली। दिल्ली परिवहन निगम के 14000 सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पिछले तीन महीने से पेंशन नहीं मिली है। इस मुद्दे पर प्रदेश कांग्रेस के नेताओं ने दिल्ली सरकार को घेरा है। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक हरी शंकर गुप्ता ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने तुरंत पेंशन जारी नहीं किया तो प्रदेश कांग्रेस धरना देकर मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेगी। हरी शंकर गुप्ता के साथ प्रवक्ता डा. नरेश कुमार ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हरी नगर ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिनेश, रिटायर्ड डीटीसी कर्मचारी 85 वर्षीय देवेन्द्र नाथ अरोडा व अन्य रिटायर्ड कर्मचारी मौजूद थे।

मानहानि मामले में एलजी को पेशी से छूट

नई दिल्ली। अदालत ने उप राज्यपाल वीके सक्सेना को मानवाधिकार कार्यकर्ता मेधा पाटकर की ओर से दर्ज कराए गए मानहानि के एक मामले में अगले आदेश तक व्यक्तिगत तौर पर पेश होने से छूट दी। मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट गौरव दहिया ने कहा कि सक्सेना ने दो अर्जियां दाखिल की हैं, एक में व्यक्तिगत पेशी से स्थाई तौर पर छूट का अनुरोध किया गया है और दूसरी में भारतीय संविधान के अनुच्छेद 361 (राष्ट्रपति, राज्यपाल और राष्ट्रप्रमुखों की सुरक्षा) के तहत बचाव का अनुरोध किया है। अदालत ने कहा कि वर्तमान मामला दक्षिणपूर्व जिले में लंबित सबसे पुराने मामलों में से एक है और शिकायतकर्ता (मेधा पाटकर) के साक्ष्यों के लिए सूचीबद्ध है। उसने कहा कि शिकायतकर्ता से 2019 में ही पूछताछ और जिरह कर ली गई है जबकि दो अन्य गवाहों से पूछताछ अभी बाकी है।

साहित्य समाज का दर्पण होता है : डा. हनीफ कुरैशी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

माही राव के प्रथम काव्य संग्रह अंदाज-ए-माही का हुआ विमोचन

नवकल्प फाउंडेशन के सौजन्य से आयोजित हुआ लोकार्पण समारोह

गुरुग्राम में माही राव के प्रथम काव्य संग्रह अंदाज-ए-माही का लोकार्पण करते संयुक्त सचिव भारी उद्योग मंत्रालय आईपीएस डा. हनीफ कुरैशी।

एक कवि के लिए भावनाओं का महत्व औरों से बहुत अलग होता है। कवि अपनी कलम की ताकत से इतिहास लिखता है। कवि खुद को औरों के साथ जोड़कर अनेक जज्बात लिखता है। ऐसी ही एक उभरती हुई कवयित्री माही राव की प्रथम काव्यकृति-अंदाज ए माही का लोकार्पण यहां क्लब साउथ पेटियो, सेक्टर-50 साउथ सिटी-2 में हुआ। नवकल्प फाउंडेशन के सौजन्य से यह लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डॉ. हनीफ कुरैशी आईपीएस संयुक्त सचिव भारी उद्योग मंत्रालय व विशिष्ट अतिथि के रूप में कवयित्री शारदा मित्तल, सुप्रसिद्ध आयुर्वेदाचार्य डॉ. सुनील आर्य ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कवयित्री सरिता शर्मा ने की। कार्यक्रम के सूत्रधार सुप्रसिद्ध कवि दिनेश रघुवंशी रहे। करीब 150 लोगों की उपस्थिति इस कार्यक्रम में रही। मुख्य अतिथि डॉ. हनीफ कुरैशी ने कहा कि साहित्य समाज का दर्पण होता है। जो समाज अपने साहित्यकारों का सम्मान नहीं करता वह समाज जीवित नहीं रहता। मुंशी प्रेमचंद, कबीर, निराला, तुलसीदास, सूरदास ये हमारे देश की विरासत हैं। हमें उपहार में एक दूसरे को पुस्तकें भेंट करनी चाहिए। उन्होंने पुलिस कमिश्नर रहते हुए अपने द्वारा बनवाई गई तीन लाइब्रेरी (दो लाइब्रेरी मेवात में और एक फरीदाबाद पुलिस लाइन में) का भी जिक्र किया।

शारदा मित्तल ने कवयित्री माही राव की अंदाज-ए-माही पुस्तक पर विस्तृत वर्णन किया। उन्होंने कहा कि युवा कवयित्री ने अपनी रचना में जैसे गागर में सागर भर दिया है। इस मौके पर माही ने अपनी चयनित रचनाएं सुनाई, जिनका श्रोताओं ने खूब स्वागत किया। मंच संचालन करते हुए प्रख्यात कवि दिनेश रघुवंशी ने कहा कि किसी भी लेखक के प्रथम काव्य कृति का प्रकाशन होना प्रसव पीड़ा के समान होता है। कार्यक्रम में नवकल्प के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, कला संस्कृति कल्प की संयोजिका मीनाक्षी सक्सेना सहित बड़ी संख्या में साहित्य व सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोग उपस्थित थे।

नवकल्प फाउंडेशन के महासचिव डॉक्टर सुनील आर्य ने नवकल्प के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि सेवा, पर्यावरण, स्वास्थ्य आदि से जुड़ी गतिविधियों के साथ साथ कला साहित्य के नए हस्ताक्षरों को आगे बढ़ाने का काम भी नवकल्प बखूबी कर रहा है। माही राव के पिता व हरियाणा विद्युत विभाग से रिटायर्ड अधीक्षक अभियंता सुखबिंद्र सिंह यादव ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद किया।

हनी ट्रैप में फंसाकर कई लोगों से रुपये ऐंठने वाले युवक-युवती काबू

हनी ट्रैप में फंसाकर रुपये ऐंठने वाली युवती व साथी रंगे हाथ गिरफ्तार

डेटिंग ऐप के माध्यम से पहले करते थे दोस्ती, फिर ठगी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

गुरुग्राम में हनी ट्रैप में फंसाकर लोगों से ठगी करने के आरोपी युवक-युवती पुलिस गिरफ्त में।

डेटिंग ऐप के माध्यम से दोस्ती करके हनी ट्रैप में फंसाकर रुपये ऐंठने के मामलों में एक युवती व उसका साथी पुलिस द्वारा रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। इस मामले को लेकर पुलिस अधिकारियों ने गुरुवार को बताया दोनों आरोपियों से पूछताछ में कई अन्य मामलों का भी खुलासा हुआ है।

पुलिस थाना डीएलएफ. फेस-3 में एक व्यक्ति ने शिकायत दी कि बम्बल ऐप पर चेटिंग करते हुए बिनीता कुमारी नामक एक युवती से उसकी दोस्ती हुई थी। 28 मई 2023 को उस युवती ने उसे सेक्टर-23 गुरुग्राम में एक होटल में ले जाकर उसे बियर पीने के लिए उत्साहित किया। उसने कुछ गलत होने का आभास होने पर बियर पीने से इंकार कर दिया व होटल से बाहर आ गया। बाद में उस युवती ने फोन करके कहा कि उसके द्वारा उसके साथ गलत व्यवहार व छेड़छाड़ की गई थी। युवती ने उसके खिलाफ थाना डीएलएफ फेज-3 में शिकायत देने की धमकी देकर डराया। उसके बाद उसने अपने एक साथी के साथ मिलकर उससे पांच लाख रुपए देने की मांग की। बाद में दो लाख रुपयों में मामला तय हुआ। अब 7 जून 2023 को पीड़ित ने उस युवती के साथी को 50 हजार रुपये दे दिए। बाकी के रुपये शाम के समय देने का आश्वासन दिया। उसके बाद पीड़ित ने पुलिस थाना डीएलएफ फेज-3 में शिकायत दे दी।

एसीपी डीएलएफ विकास कौशिक, एसीपी ईस्ट डा. कविता व एसीपी पटौदी हरेंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम ने बिनीता नामक युवती के साथी को बाकी रुपये लेते साईं मंदिर के पास मोलसरी मार्केट से रंगे हाथों काबू किया। आरोपी युवक की पहचान महेश फोगाट निवासी गांव भालोट जिला रोहतक के रूप में हुई है। उससे 50 हजार रुपये की नकदी भी बरामद कर ली गई। युवक को काबू करने के बाद आरोपी युवती बनीता कुमारी को भी काबू कर लिया गया।

युवती बिहार की व युवक है रोहतक का: पूछताछ में खुलासा हुआ कि युवती मूल रूप से बिहार की रहने वाली है। वह एक प्राइवेट आईटी कम्पनी में बतौर एडवाइजर का काम करती है। वर्तमान में गुरुग्राम में ही रहती है। इस युवती का साथी आरोपी महेश फोगाट दिल्ली में एक एनजीओ चलाता है। दोनों आरोपियों द्वारा जालसाजी करके डेटिंग/चेटिंग ऐप के माध्यम से पीड़ित के साथ दोस्ती करने व उसे होटल में बुलाकर उस पर छेड़छाड़/अभद्र व्यवहार करने झूठे आरोप लगाकर रुपए ऐंठने पर केस दर्ज किया गया है। उनसे 50 हजार रुपये नकदी के अलावा दो मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं।

पहले भी कई लोगों को बनाया है ठगी का शिकार: गुरुग्राम पुलिस के पास 6 जून 2023 को भी इसी प्रकार के दो मामले आए थे, जिसमें एक युवती डेटिंग ऐप के माध्यम से पहले तो युवकों से दोस्ती करती तथा बाद में उनके विरूद्ध बलात्कार, छेड़छाड़ आदि के मुकदमें दर्ज कराने का भय दिखाकर उनसे मोटी रकम ऐंठती थी। इन मामलों में यह खुलासा हुआ है कि बिनीता कुमारी ने ही ठगी की थी। ये दोनों आरोपी करीब एक दर्जन लोगों को हनी ट्रैप का शिकार बना चुके हैं। गुरुग्राम में अब तक इनके खिलाफ चार केस दर्ज हैं।

सेक्टर-49 स्थित यूनिवर्सल ट्रेड टावर में अवैध/फर्जी तरीके से चलाया जा रहा कॉल सेंटर।

विदेशी नागरिकों से ठगी करने वाले फर्जी कॉल सेंटर का पर्दाफाश

कॉल सेंटर मालिक व संचालक व तीन महिलाओं सहित 14 आरोपी गिरफ्तार

गुरुग्राम। विदेशी नागरिकों को तकनीकी सहायता देने के नाम पर धोखाधड़ी से ठगी करने वाले फर्जी कॉल सेंटर का पुलिस ने पर्दाफाश किया। मौके पर कॉल सेंटर का मालिक व संचालक, तीन महिलाओं समेत 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

थाना साइबर पूर्व की पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि यूनिवर्सल ट्रेड टावर सेक्टर-49 में अवैध/फर्जी तरीके से कॉल सेंटर संचालित करके वहां से विदेशी नागरिकों को कस्टमर सर्विस देने के नाम पर धोखाधड़ी से ठगी की जाती है। इस सूचना पर एसीपी साइबर अपराध विपिन अहलावत के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। कॉल सेंटर पर छापेमारी की। इस दौरान कॉल सेंटर को फर्जी व अवैध तरीके से चलाया जा रहा था। वहां से विदेशी नागरिकों को तकनीकी सहायता देने के नाम पर धोखाधड़ी की जाती थी। मौके से कॉल सेंटर के मालिक व संचालक आदित्य व तीन महिलाओं सहित कुल 14 आरोपियों को काबू किया गया।

इन आरोपियों की पहचान आदित्य (संचालक), अंकित चड्डा, आकाश सेन, सूरज मिश्रा, आयुष सक्सेना, हेमंत शर्मा, संजीव शुक्ला, अजय कुमार, आशुतोष शर्मा, पंकज कुमार, तुषार कुमार तथा आरोपी महिला राजदीपा दास गुप्ता उर्फ जेनी, देविका पुरानदे व मनीषा के रूप में हुई है। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के खिलाफ केस दर्ज किया गया।

आरोपियों से पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी आदित्य सिंह कॉल सेंटर का मालिक व संचालक है। वह अपने 13 कर्मचारियों के साथ मिलकर इस फर्जी कॉल सेंटर को चला रहा था। सभी को कस्टमर सर्विस के लिए सेलरी/कमीशन पर रखा हुआ है। आरोपी आदित्य सिंह ने बतलाया कि वह और उसके सभी साथी आरोपी रीयल पीबीएक्स डेलर के माध्यम से टोल फ्री नम्बर पर आने वाली कॉल को सुनते थे। विभिन्न तरीकों से विदेशी नागरिकों के पास अमेजन, पेपल, ईबे, जेल्ले, कैश ऐप आदि का ऑर्डर लेने के बाद ऑर्डर कैंसिल करने की बातें कहकर उनके लिए समस्या पैदा करते।

संक्षिप्त समाचार

भाजपाई ये नहीं बता रहे 2014 वाली मेट्रो 2023 में क्यों आई

गुरुग्राम। पुराने शहर में जिस मेट्रो के निर्माण को लेकर भाजपा के नेता ढोल पीट रहे हैं। वह आखिर यह क्यों नहीं बता रहे हैं कि इस मेट्रो निर्माण की मंजूरी दिलाने में भाजपा को 9 साल क्यों लगे। यह बात कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंकज डावर ने कही। पंकज डावर ने कहा कि जिस समय कांग्रेस की सरकार थी और दिल्ली से हुडा सिटी सेंटर तक मेट्रो का निर्माण पूरा हुआ और मेट्रो का संचालन शुरू हुआ। उसी समय कांग्रेस पार्टी के शासनकाल में ही दिल्ली मेट्रो को गुरुग्राम के पुराने शहर में ले जाने की तैयारी कर ली गई थी। कांग्रेस पार्टी की उस दौर की सरकार ने उसी समय पुराने शहर में मेट्रो निर्माण का ऐलान कर दिया था, वर्ष 2014 में इसका डीपीआर बनना था। इसके निर्माण की रूपरेखा तैयार करके इसकी मंजूरी दी जानी थी। भाजपा की सरकार आने पर भाजपा ने राजनैतिक नुकसान से बचने के लिए मेट्रो निर्माण की मंजूरी दिलाने में 9 साल लगा दिए। पंकज डावर ने कहा कि आज अगर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार होती तो पुराने शहर के लोग मेट्रो निर्माण के मंजूरी की बात नहीं सुन रहे होते, बल्कि वह मेट्रो में सफर कर रहे होते, भाजपा 9 साल के शासन काल के बाद इस मेट्रो की मंजूरी पर इतना ढोल पीट रही है, उसे थोड़ी बहुत तो शर्म करना चाहिए। मेट्रो के निर्माण से गुरुग्राम का विकास होना तय है। इसलिए उनकी अपील है कि मेट्रो की मंजूरी पर ढोल पीटने के बजाय भाजपा इसका निर्माण जल्द से जल्द शुरू कराए जिससे शहर के लोगों को उसका लाभ जल्द मिल सके।

जापान इंटर्न ट्रेनिंग में तकनीकी रूप से निपुण होंगे युवा

गुरुग्राम। जापान में भारतीय युवाओं की बढ़ती मांग के मद्देनजर भारतीय उद्योग संघ (सीआईआई-निहॉन) गुरुग्राम में युवाओं के लिए तकनीकी प्रशिक्षण केंद्र शुरू कर रहे हैं। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के कार्यकारी निदेशक सौगत राय चौधरी ने कहा कि गुरुग्राम में प्रशिक्षण केंद्र को लॉन्च करके हम भारतीय युवाओं को सीखने के सर्वोत्तम अनुभवों से अवगत कराकर उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर तक कौशल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। निहोन एडुटेक के सीईओ कृष्णन नारायणन ने कहा कि भारतीय युवाओं की उच्च कार्य नैतिकता के कारण हम अपने युवाओं के लिए जापानी उद्योग से बढ़ती मांग देख रहे हैं। नर्सिंग, आतिथ्य, निर्माण और इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रों में कुशल युवाओं की सबसे अधिक मांग है। यहां से 301 युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण और प्रशिक्षकों को जापान भेजने को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके अलावा स्किल वर्कर वीजा में 105 उम्मीदवार भी जापान में पहले से कार्यरत हैं। भारतीय युवाओं के लिए जापान में इंटर्नशिप के अवसरों को बढ़ावा देने के भारत के प्रयासों में यह एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। जापान टेक्नीकल इंटर्न ट्रेनिंग प्रोग्राम भारत में 2018 में लॉन्च किया गया था। सीआईआई-निहॉन की ओर से शुरू किया जा रहा यह प्रशिक्षण केंद्र हरियाणा के उन युवाओं की जरूरतों को पूरा करेगा, जो जीवन में कुछ करने के इच्छुक हैं। उन्हें यह बेहतर और बड़ा प्लेटफार्म मिला है। यह प्रशिक्षण केंद्र जापानी भाषा और व्यावहारिक कौशल प्रशिक्षण प्रदान तो करेगा। यह प्रशिक्षण केंद्र एजेयू समूह के जापानी होटलों में चलेगा।

गुरुग्राम में मेट्रो विस्तार का फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री ने किया स्वागत

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

दीपक मैनी।

फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री हरियाणा की ओर से हुडा सिटी सेंटर-साइबर सिटी मेट्रो लाइन की मंजूरी का स्वागत किया गया। इस महत्वपूर्ण मेट्रो लाइन को मंजूर कराने के लिए फेडरेशन ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रति अपना आभार व्यक्त किया है। फेडरेशन द्वारा इस मेट्रो विस्तार की मांग लगातार की जा रही थी।

फेडरेशन के प्रदेश महासचिव दीपक मैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में इस बारे में जो निर्णय लिया गया है, उससे गुरुग्राम की यातायात व्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव आएगा। इससे जहां एक और ट्रैफिक जाम की समस्या का निदान होगा, वहीं दूसरी ओर वायु प्रदूषण नियंत्रण में भी बड़ी मदद मिलेगी। दीपक मैनी ने कहा कि इस मेट्रो सेवा के विस्तार से विभिन्न औद्योगिक क्षेत्र जिसमें सेक्टर-37, सेक्टर-34, उद्योग विहार, बहरामपुर, सेक्टर-36, खांडसा रोड, बसई कादीपुर और दौलताबाद आपस में जुड़ जाएंगे। इन सभी औद्योगिक क्षेत्रों में औद्योगिक कामगारों का आना जाना सुचारू हो जाएगा। अभी वह प्रति दिन यातायात जाम में फंसते रहते हैं। इसमें तो सेवा के शुरू होने के बाद उनकी यह समस्या पूरी तरह से समाप्त हो जाएगी। गुरुग्राम में उद्योग जगत के लिए ही नहीं आमजन के लिए भी वायु प्रदूषण लंबे समय से समस्या का कारण बना हुआ है। इसमें तो सेवा के विस्तार की बात है सड़कों से हजारों वाहन कम हो जाएंगे इससे वाहन जनित उत्सर्जन से होने वाले वायु प्रदूषण में भारी कमी आएगी। प्रदेश महासचिव दीपक मैनी की ओर से मुख्यमंत्री मनोहर लाल से आग्रह किया गया है कि इस प्रस्तावित मेट्रो लाइन के कार्य को धरातल पर जल्द से जल्द शुरू किया जाए।

खांडसा रोड पर धर्मकांटा वाली गली में पाइन लाइन डालने का काम शुरू

गुरुग्राम में खांडसा रोड पर पाइन लाइन डालने के कार्य का शुभारंभ करते विधायक के निजी सचिव आरपी सिंह।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

विधायक सुधीर सिंगला के निजी सचिव ने किया शुभारंभ

गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला के निर्देशों पर गुरुवार को खांडसा रोड पर धर्मकांटा वाली गली में पानी की लाइन डालने के कार्य का श्रीगणेश किया गया। इस अवसर पर विधायक के निजी सचिव आरपी सिंह मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। क्षेत्र के लोगों ने उनका स्वागत किया।

विधायक के निजी सचिव के अलावा कार्यालय प्रभारी अमित तंवर, निजी सहयोगी कपिल अग्रवाल, मोहित चौहान भी इस कार्यक्रम में पहुंचे। इस अवसर पर आरपी सिंह ने कहा कि काफी समय से लंबित इस कार्य के होने से आमजनों को राहत मिलेगी और जनजीवन सुलभ होगा। करीब 35 लाख रुपए की लागत से होने वाले इस काम से लोगों में खुशी देखी गई। उन्होंने कहा कि विधायक सुधीर सिंगला के सदा यही प्रयास रहे हैं कि मूलभूत सुविधाओं की कहीं कमी नहीं रहनी चाहिए। हर गली-मोहल्ले में बिजली, पानी, सीवरेज जैसी सुविधाएं दुरुस्त हों, ताकि लोगों को किसी तरह की परेशानी ना उठानी पड़े। आरपी सिंह ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार के स्तर पर यहां बड़े प्रोजेक्ट पर काम जारी है। बड़े के साथ छोटे कार्यों को भी लगातार पूरा किया जा रहा है। विधायक सुधीर सिंगला ने खुले दरबार लगाकर, निजी स्तर पर जानकारियों के आधार पर शहर में अनेकों समस्याओं का समाधान कराया है। उन्होंने कहा कि विधायक सुधीर सिंगला की कार्यप्रणाली पूरी तरह से पारदर्शी है। वे लोगों के पत्र लेकर रखने से ज्यादा मौके पर ही अधिकारियों से बात करके समस्याओं का समाधान करने में विश्वास रखते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी व्यक्ति किसी भी समय समस्या लेकर कार्यालय में भी मिल सकता है। विधायक हर तरह से जनसेवा में सदा तत्पर रहते हैं। इस अवसर पर दिनेश यादव, सुमित बोहरा, सुभाष यादव, धर्मपाल, सूर्यप्रकाश बंसल, ईश्वर सिंह, सुरेंद्र कौशिक, जगदीश, मनोज, पप्पू, अभिषेक मौजूद रहे।

गुरुग्राम में मेट्रो के विस्तार की मंजूरी मिलने की खुशी में बांटी मिठाई

बीजेपी नेता नवीन गोयल के साथ मिलकर लोगों ने मनाई खुशी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

गुरुग्राम में नई मेट्रो लाइन की मंजूरी को लेकर खुशी मनाते लोग।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय कैबिनेट द्वारा गुरुग्राम में मेट्रो के विस्तार की मंजूरी से आमजन में भी खुशी की लहर है।

हर किसी ने इस फैसले को ऐतिहासिक बताया है। इसकी खुशी मनाने के लिए लोग गुरुवार को पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल के कार्यालय पहुंचे और एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाई।

इस अवसर पर नवीन गोयल के साथ नरेश अग्रवाल दीपमाला साड़ीज, डा. केएल गर्ग, विजय वर्मा, गगन गोयल, मांगे राम, रविंद्र प्रधान धानक समाज, संदीप शर्मा, वजीर ढाका, भारद्वाज साहब, पारस बक्शी समेत काफी लोग मौजूद रहे। सभी को इस ऐतिहासिक निर्णय की बधाई देते हुए नवीन गोयल ने कहा कि गुरुग्राम के विकास पर केंद्र सरकार की सीधी नजर है। यहां पर किस तरह की सुविधा दी जानी चाहिए, इसका पूरा खाका तैयार होता है। केंद्र सरकार और हरियाणा सरकार की ओर से मिलकर जिस तरह से यहां विकास के कार्यों को सिरे चढ़ाया जा रहा है, वह यहां की वेल्यू को कई गुणा बढ़ा देता है।

नवीन गोयल ने कहा कि गुरुग्राम का जिस तरह से विस्तार हुआ, उसी तरह से यहां विकास की योजनाएं बनीं। पिछले 8 वर्षों में मनोहर सरकार और 9 वर्षों में मोदी सरकार ने यहां पर विकास की गंगा बहाई है। यहां सड़कों और मेट्रो का विस्तार लगातार हो रहा है। गुरुग्राम में दिल्ली मेट्रो और रैपिड मेट्रो यहां की जनता को बेहतर कनेक्टिविटी के साथ परिवहन सुविधाएं देती हैं।

नागरिक अस्पताल में सुविधाओं की पड़ताल करने पहुंची एनक्यूएएस टीम

कई दिन से चल रही थी टीम के दौरे की तैयारियां

अस्पताल को बाहरी व भीतरी क्षेत्र से किया चकाचक

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

गुरुग्राम के नागरिक अस्पताल में निरीक्षण करती एनक्यूएएस की टीम।

नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड्स (एनक्यूएएस) टीम के प्रस्तावित दौरे से पूर्व चकाचक किए गए नागरिक अस्पताल सेक्टर-10 में गुरुवार को टीम पहुंची। यहां स्वागत की रस्म के बाद चार सदस्यीय टीम ने अलग-अलग विभागों का दौरा शुरू किया। उनके साथ अस्पताल के अधिकारी मौजूद रहे, जो उन्हें विभागों व यहां दी जा रही सेवाओं व सुविधाओं से संबंधित जानकारी दे रहे थे।

एनक्यूएएस की टीम में डा. मोहम्मद प्रवेज खान, डा. संगीथा सेंथिल कुमारन, डा. पवन कुमार और डा. अभिषेक तिवारी शामिल रहे। वे यहां नागरिक अस्पताल में तीन दिन (8 से 10 जून) तक एनक्यूएएस की टीम क्वालिटी का एक्सटर्नल एसेसमेंट करेगी। उसके बाद क्वालिटी का परिणाम जारी किया जाएगा। टीम के सदस्यों ने अस्पताल के विभागों का दौरा शुरू किया। विभागों में दी जा रही सुविधाओं के संबंध में वे निरीक्षण भी कर रहे थे। अस्पताल के अधिकारियों से जानकारी भी ले रहे थे। टीम के समक्ष किसी भी प्रकार की कोई कमी उजागर ना हो, इसके लिए पिछले करीब 15 दिन से अस्पताल में सुबह से लेकर रात तक सुधार के काम होते रहे। अस्पताल के बाहरी क्षेत्र में कई जगह ऐसी थी, जहां अब से पहले कभी झाड़ू नहीं लगी थी।

किसी भी तरह से सफाई नहीं हुई थी। उस क्षेत्र को भी दिन-रात की मेहनत से चमका दिया गया। इसका परिणाम यह भी निकला कि अस्पताल में मरीजों के साथ आने वाले तिमारदार अब पेड़ों की छाया में चादर आदि बिछाकर गर्मी में आराम फरमाने लगे हैं। पहले गंदगी के कारण बदबू भी फैली रहती थी।

बता दें कि स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार ने राज्य के स्वास्थ्य विभागों के सहयोग से सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं और कार्यक्रमों के लिए एनक्यूएएस के रूप में गुणवत्ता ढांचा विकसित और कार्यान्वित किया गया है। जिला अस्पतालों, सीएचसी, पीएचसी और शहरी पीएचसी के लिए एनक्यूएएस टीम तय मानकों के अनुसार गुणवत्ता का आंकलन और प्रमाणन करती है। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों में मोटे तौर पर 8 बिन्दुओं-सेवा प्रावधान, रोगी अधिकार, इनपुट, सहायता सेवाएं, नैदानिक देखभाल, संक्रमण नियंत्रण, गुणवत्ता प्रबंधन और परिणाम पर टीम जांच करती है। ये मानक इंटरनेशनल सोसायटी फॉर क्वालिटी इन हेल्थ केयर (आईएसक्यूयूए) की ओर से तय किए गए हैं।

पीएम मोदी ने गुरुग्राम को दी मनोहर सौगात : उषा प्रियदर्शी शर्मा

नमो और मनो की जोड़ी ने पूरा किया पुराने गुरुग्राम को मेट्रो से जोड़ने का वादा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

उषा प्रियदर्शी शर्मा।

भाजपा ओबीसी विभाग की प्रदेश उपाध्यक्ष उषा प्रियदर्शी शर्मा ने कहा कि पुराने गुरुग्राम को मेट्रो से जोड़ने के लिए नए रूट को मंजूरी देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुग्राम वासियों को मनोहर सौगात दी है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ-साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल का भी आभार जताया।

भाजपा नेत्री ने कहा कि पूर्व कांग्रेस सरकार के समय से ही पुराने गुड़गांव को मेट्रो से जोड़ने की मांग उठाई जा रही थी, लेकिन तब कोई सुनने वाला नहीं था, लेकिन आज केंद्र में नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मनोहर लाल की जोड़ी ने न सिर्फ अपने चुनाव पूर्व किए वादे को पूरा किया है, बल्कि कांग्रेस सहित समूचे विपक्ष को आईना भी दिखाया है कि भाजपा सरकार की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है।

उषा प्रियदर्शी ने कहा कि गुरुग्राम शहर की एक बड़ी आबादी तक मेट्रो की कनेक्टिविटी से जहां रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे वहीं शहर के विकास को और ज्यादा गति भी मिलेगी।

दिल्ली सहित अन्य महानगरों की तर्ज पर गुरुग्राम के आंतरिक क्षेत्र मेट्रो की कनेक्टिविटी शहर की एक बड़ी आबादी के लिए यातायात का एक सुगम तथा भरोसेमंद साधन बनेगी।

कुरियर कंपनियों में डॉग टीम के साथ चलाया सर्च अभियान

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

फरीदाबाद में नशीले पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए क्राइम ब्रांच बॉर्डर प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप कुमार व उनकी टीम ने डॉग्स स्क्वायड के साथ मिलकर कोरियर कंपनियों में सर्च अभियान चलाया।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि शहर में नशा तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए फरीदाबाद पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। अपराधियों पर शिकंजा कसने के साथ-साथ शहरवासियों को भी नशे के चंगुल से बचने के लिए जागरूक किया जाता है। इसी क्रम में कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच बॉर्डर की टीम ने एनआईटी और सेक्टर-15 एरिया में स्थित तीन कोरियर कंपनियों डीटीडीसी डीएचएल और ट्रैकॉन में जाकर सरप्राइज चेकिंग की और डॉग्स स्क्वायड की मदद से वहां पर संदिग्ध नशीले पदार्थों की तलाश करी। कुछ नशा तस्कर इन कुरियर कंपनियों के माध्यम से नशा सप्लाई करते हैं। इससे किसी को आसानी से पता भी नहीं चलता और न ही कोई शक करता है।

संदिग्ध नशीले पदार्थ की तस्करी जांचने के लिए की चेकिंग

सभी यह सोचते हैं कि इस कुरियर में किसी न किसी का कुछ सामान जा रहा होगा, इसलिए बंद पैकेट को नहीं कोई चेक करता है और न ही इसमें किसी प्रकार की पूछताछ होती है। इसलिए इनकी चेकिंग के लिए विशेष अभियान चलाए जाते हैं, जिससे डॉग्स स्क्वायड टीम की मदद से इस प्रकार के नशीले पदार्थों का पता लगाया जा सकता है।

अभियान चलाती टीम।

पुलिस टीम द्वारा सभी कोरियर कंपनियों को चेतावनी दी गई है कि यदि उनकी कोरियर कंपनी के माध्यम से किसी भी प्रकार की नशा तस्करी का अंदेशा हुआ तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि पुलिस समय रहते इसके खिलाफ कार्रवाई कर सके। पुलिस को सूचित न करने पर कुरियर कंपनियों के खिलाफ कानून के तहत सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

नोटिस के बावजूद नहीं माना एकेडमी संचालक, पुलिस ने की कार्रवाई

पुलिस ने आमजन की सुविधा के लिए एकेडमी संचालक को पार्किंग व सीसीटीवी की व्यवस्था के दिए थे निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन के दिशा निर्देश के तहत अग्रसेन चौकी व यातायात पुलिस की टीम ने बल्लभगढ़ में अंबेडकर चौक के पास स्थित लाल बहादुर शास्त्री एकेडमी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए इसका कलंदरा कोर्ट में पेश किया है। जिसके बाद अदालत द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि अंबेडकर चौक के पास स्थित लाल बहादुर शास्त्री एकेडमी में छात्रों व उनके अभिभावकों का आना जाना लगा रहता है। इसलिए एकेडमी के बाहर काफी मोटरसाइकिल व स्कूटी खड़ी रहती हैं। जिससे यातायात अवरुद्ध होता है और आमजन को काफी परेशानी होती है। इसका हल करने के लिए एकेडमी के संचालक साजिद को ट्रैफिक पुलिस द्वारा नोटिस दिया गया था कि आप अपनी एकेडमी में वाहनों की पार्किंग के लिए उचित प्रबंध करवाएं, ताकि यात्रियों को असुविधा का सामना न करना पड़े और सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था करवाई जाए ताकि चोरी व अन्य आपराधिक मामलों में अपराधियों की धरपकड़ की जा सके। इसके साथ ही एकेडमी को प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड रखने के लिए भी निर्देशित किया गया था। आदेशों के बावजूद एकेडमी संचालक ने इस पर ध्यान नहीं दिया और आदेशों की अवहेलना की, जिसके पश्चात आरोपी के खिलाफ अग्रसेन चौकी द्वारा इसका कलंदर तैयार करके कोर्ट में पेश किया गया है। आदेशों की अवहेलना के जुर्म में छह महीने की कारावास व 10,000 के जुर्माने का प्रावधान है। अदालत द्वारा इस मामले में दिए गए दिशानिर्देश के तहत आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाकर सजा दिलवाई जाएगी। पुलिस ने शहर वासियों से अनुरोध किया है कि वह सरकारी आदेशों का पालन करें अन्यथा उनके खिलाफ भी कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पलवल में चल रहा था चोरी की गाड़ियों के स्क्रैप का धंधा

पलवल। पुलिस ने पलवल में चोरी की गाड़ियों को काटकर उनके स्क्रैप को बेचने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। हुडा सेक्टर-2 के निकट बनी एक वर्कशॉप में विभिन्न राज्यों से चोरी कर गाड़ियों को लाकर उनका सामान निकाल कर स्क्रैप में बेचा जाता था। सिटी थाना पुलिस ने वर्कशॉप पर रेड कर चोरी की एक ईको गाड़ी भी मौके से बरामद की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

सिटी थाना प्रभारी रेनू शेखावत के अनुसार, भवनकुंड चौकी प्रभारी कैलाश की टीम सात जून को देर शाम गश्त पर थी। उसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि हुडा सेक्टर-2 गेट पर अंबेडकर पार्क के पास स्थित खान मोटर्स के नाम से एक प्लाट में वर्कशॉप चलाई जा रही है। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी खुर्शीद नामक व्यक्ति इस वर्कशॉप को चलाता है। वर्कशॉप में चोरी करके गाड़ियां लाई जाती हैं। गाड़ियों को यहां वर्कशॉप में तैनात कर्मचारी काटकर उनके स्क्रैप को अलग-अलग करके बेचे देते हैं। उनकी टीम को सूचना देने वाले ने बताया कि वर्कशॉप में चोरी की एक ईको गाड़ी लाई गई है और उसे काटकर उसके अलग-अलग हिस्से को स्क्रैप में बेचने की तैयारी चल रही है। उन्होंने बताया कि जब टीम ने मौके पर छापेमारी की तो वहां वर्कशॉप पर ताला लगा हुआ था और कोई भी व्यक्ति मौके पर मौजूद नहीं था। वर्कशॉप के आसपास वाले दुकानदारों की मदद से पुलिस ने वर्कशॉप का ताला खोला। ताला खोलने के बाद पुलिस की टीम जब वर्कशॉप के अंदर पहुंची तो उसके अंदर एक यूपी नंबर की ईको गाड़ी खड़ी हुई थी। जिसको उनकी टीम ने अपने कब्जे में ले लिया।

वर्कशॉप में काट कर बेचते थे सामान, पुलिस ने रेड कर गाड़ी पकड़ी

सेमिनार में छात्रों को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति किया जागरूक

सेमिनार में भाग लेते छात्र।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

वरिष्ठ नागरिक सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सविता व सेक्टर-31 थाना की टीम ने मॉडल स्कूल सेक्टर-31 में सेमिनार आयोजित करके छात्र छात्राओं को साइबर, सड़क सुरक्षा, महिला व बाल अपराध के संबंध में जागरूक किया। इस अवसर पर स्कूल प्रशासन की तरफ से डायरेक्टर उमंग मालिक तथा अन्य शिक्षकगण मौजूद रहे।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि फरीदाबाद पुलिस छात्र छात्राओं को विभिन्न सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरूक करने के लिए सेक्टर-31 स्थित मॉडल स्कूल में पहुंची थी, जहां पर प्रिंसिपल ने पुलिस टीम का स्वागत किया और छात्रों को जानकारी प्रदान करने के लिए आमंत्रित किया। इंस्पेक्टर सविता ने छात्रों को साइबर अपराध के बारे में जागरूक करते हुए बताया कि आजकल ठगों ने लोगों के साथ जालसाजी करने के नए-नए तरीके निकाल लिए हैं। वह अलग-अलग बहाने बनाकर नागरिकों को फोन करते हैं और उनसे उनके बैंक अकाउंट क्रेडिट या डेबिट कार्ड संबंधित जानकारी निकलवाने की कोशिश करते हैं। जो लोग शिक्षित और जानकार हैं, उन्हें इन साइबर अपराधियों के मंसूबों का अंदाजा हो जाता है, परंतु ज्ञान के अभाव में कुछ भोले-भाले लोग इनकी जालसाजी में आ जाते हैं और इन साइबर अपराधियों के बताए अनुसार ही अपने बैंक अकाउंट संबंधित सारी जानकारी इन्हें दे देते हैं। जिसके पश्चात यह साइबर ठग उनसे उनके बैंक या क्रेडिट कार्ड या डेबिट कार्ड से सारा पैसा निकाल लेते हैं। इंस्पेक्टर सविता ने छात्रों को जानकारी देते हुए बताया कि यदि कोई भी व्यक्ति आपको, आपके दोस्तों या माता-पिता को किसी भी प्रकार की लॉटरी, इनाम, इंश्योरेंस पॉलिसी, क्रेडिट कार्ड, केवाईसी अपडेट इत्यादि के लिए फोन करता है तो समझ जाइए कि वह किसी न किसी प्रकार की ठगी करने की फिराक में है। अपने माता-पिता, बड़े छोटे भाई बहन व दोस्तों को समझाएं कि किसी भी प्रकार के लालच में न आएं,, क्योंकि इस दुनिया में मुफ्त में कोई व्यक्ति किसी को कोई वस्तु नहीं देता। पुलिस से संपर्क करने के माध्यमों के बारे को जागरूक करते हुए पुलिस टीम ने बताया कि वह किसी भी प्रकार के अपराध की सूचना 112 पर दे सकते हैं। इसके अलावा महिला हेल्पलाइन 1091 और बच्चों से संबंधित किसी भी अपराध के लिए वह 1098 पर संपर्क कर सकते हैं।

पलवल में सड़क हादसों में तीन की मौत, दो घायल

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

जिले में अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने मृतकों के परिजनों की शिकायतों पर केस दर्ज करके शवों को पोस्टमार्टम कराने के बाद उनके परिजनों को सौंप दिया। पुलिस दुर्घटनाओं को अंजाम देने वाहनों की तलाश में जुटी है।

कैंप थाना की किठवाड़ी पुल चौकी प्रभारी रविंद्र कुमार के अनुसार, जिला झज्जर निवासी नीरज ने शिकायत दी। इसमें उसने बताया कि वह अपने चाचा भूपेंद्र के साथ एक परिचित रहीमपुर (खादर पलवल) निवासी अजय कुमार से मिलने बाइक पर गए थे। जब वे पलवल-अलीगढ़ मार्ग पर किठवाड़ी रेलवे फ्लाईओवर के पास पहुंचे तो पीछे से आ रही कार ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वह और उसका चाचा सड़क पर गिर गए। वह चोटिल हुआ और चाचा बेहोश हो गए। वह चाचा को बेहोशी की हालत में जिला नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया, लेकिन आरोपी ड्राइवर कार लेकर मौके से फरार हो गया।

दूसरे हादसे में अज्ञात वाहन ने युवक को कुचला : गदपुरी थाना प्रभारी राजबीर सिंह के अनुसार, भारत कॉलोनी फरीदाबाद निवासी मुन्ना ने शिकायत दी। उसने बताया कि उसके बेटे बबलू को पड़ोस में रहने वाला बंटी उर्फ योगेश घर से बुलाकर ले गया, लेकिन नेशनल हाईवे-19 पर पृथला गांव के पास

किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक का एक्सीडेंट हो गया। सूचना मिलने पर वह जिला नागरिक अस्पताल पहुंचे तो पता चला कि उन्हें नल्हड़ मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया है। दोनों नल्हड़ मेडिकल कॉलेज पहुंचे तो गंभीर हालत देखते हुए बबलू को सफदरजंग अस्पताल के लिए रेफर कर दिया, जबकि बंटी उर्फ योगेश को किसी निजी अस्पताल में दाखिल करा दिया। दिल्ली सफदरजंग अस्पताल में उपचार के दौरान बबलू की दुर्घटना में लगी चोटों के कारण मौत हो गई, जबकि बंटी का उपचार चल रहा है।

तीसरे हादसे में कार ने बाइक को टक्कर मारी : हथीन थाना प्रभारी मनोज कुमार के अनुसार, पुठली गांव निवासी राजाराम ने शिकायत दी। उसने बताया कि उसका भाई राजेंद्र बाइक पर सवार होकर किसी निजी कार्य से हथीन से पलवल जा रहा था। वह खुद अपने एक साथी यशपाल के साथ बाइक पर था, लेकिन जब उनकी बाइक पलवल-हथीन मार्ग पर फिरोजपुर राजपूत गांव के पास पहुंची तो पलवल से आ रही इको कार ने राजेंद्र की बाइक में सामने से टक्कर मार दी, जिससे राजेंद्र सड़क पर गिर पड़ा और उसके सिर में चोट लगी। वह राजेंद्र को उपचार के लिए जिला नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचा, लेकिन वहां जहां उपचार के दौरान राजेंद्र की मौत हो गई।

फरीदाबाद पुलिस में 267 एसपीओ की भर्ती, 28 तक आवेदन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

सेना एवं अर्धसैनिक बल के सेवानिवृत्त कर्मचारी, भंग की गई बटालियन के हटाए गए कर्मचारी व 2004 में हरियाणा सशस्त्र बल के हटाए गए कर्मचारी को फरीदाबाद पुलिस में विशेष पुलिस अधिकारी के तौर पर भर्ती किया जाएगा। इच्छुक आवेदक पुलिस आयुक्त कार्यालय में संबंधित आवश्यक दस्तावेज सहित संपर्क कर सकते हैं।

चयनित उम्मीदवार को 18,000/- प्रतिमाह दिया जाएगा वेतन। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि भर्ती के लिए हरियाणा के किसी भी जिले का रिहायशी सेवानिवृत कर्मचारी व पड़ोसी राज्यों के फरीदाबाद के सीमावर्ती जिलों के रिहाईशी भर्ती के इच्छुक उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं। भर्ती, पुलिस उपायुक्त मुख्यालय हेमेंद्र कुमार मीणा चेयरमैन भर्ती कमेटी की अध्यक्षता में की जाएगी। इच्छुक सेवानिवृत अपने साथ पासपोर्ट साइज के चार फोटो, शिक्षा, सेवानिवृत से संबंधित सर्टिफिकेट, मूल प्रमाण पत्र व सेवानिवृत्ति के समय प्रदान किया गया मेडिकल फिटनैस सर्टिफिकेट इत्यादि दस्तावेज के साथ आएं।

फरीदाबाद पुलिस में 267 (एसपीओ) विशेष पुलिस अधिकारियों की भर्ती के लिए 28 जून 2023 तक आवेदन कर सकते हैं:

सेना एवं अर्धसैनिक बल के सेवानिवृत्त कर्मचारी, भंग की गई। एचआईएसएफ बटालियन के हटाए गए कर्मचारी व 2004 में हरियाणा सशस्त्र बल के हटाए गए कर्मचारी को फरीदाबाद पुलिस में विशेष पुलिस अधिकारी के तौर पर भर्ती किया जाएगा। इच्छुक आवेदक पुलिस आयुक्त कार्यालय में संबंधित आवश्यक दस्तावेज सहित करें संपर्क।

चयनित उम्मीदवार को 18,000/-रू0 प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा। एसपीओ की भर्ती के लिए हरियाणा के किसी भी जिले का रिहायशी सेवानिवृत कर्मचारी व पड़ोसी राज्यों के फरीदाबाद के सीमावर्ती जिलों के रिहाईशी भर्ती के इच्छुक उम्मीदवार आवेदन कर सकते है। इच्छुक आवेदक 28 जून 2023तक व्यक्तिगत रुप से पुलिस आयुक्त कार्यालय सै- 21 सी फरीदाबाद, सेना शाखा से सपंर्क करें।

फरीदाबाद- पुलिस कमीशनरेट फरीदाबाद में पुलिस बल की बढ़ोतरी करने के लिये आर्मी और पैरामिलिट्रि फोर्स से सेवानिवृत हुए एक्स सर्विसमैन की भर्ती, पुलिस उपायुक्त मुख्यालय, हेमेंद्र कुमार मीणा चेयरमैन भर्ती कमेटी की अध्यक्षता में की जाएगी। भर्ती के इच्छुक एक्स सर्विसमैन आवेदक 28 जून 2023 तक आवेदन कर सकते हैं।

भर्ती के इच्छुक सेवानिवृत अपने साथ पास-पोर्ट साईज के 4 फोटो, शिक्षा, सेवानिवृत से संबंधित सर्टिफिकेट, मुल प्रमाण पत्र व सेवानिवृत्ति के समय प्रदान किया गया मेडिकल फिटनैस सर्टिफिकेट इत्यादि दस्तावेज के साथ व्यक्तिगत रुप से पुलिस आयुक्त कार्यालय सै0 21 सी फरीदाबाद में, सेना शाखा से सपंर्क करें। इच्छुक उम्मीदवार अपने साथ उपरोक्त सभी दस्तावेजों की मूल प्रति भी साथ लेकर आयें।

चयन हेतू निम्नलिखित सेवा शर्तें :

1. सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए यह आवश्यक है उनकी आयु 25 से कम व 50 साल से अधिक ना हो और उन्हें अनुशासनहीनता या मैडीकल के आधार पर न हटाया गया हो।

हर माह मुफ्त दिया जा रहा 25000 क्विंटल गेहूं व 1300 क्विंटल चीनी: गुर्जर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि फरीदाबाद में हर माह फ्री में लगभग 25000 क्विंटल गेहूं व 1300 क्विंटल चीनी बीपीएल परिवारों के लाभार्थियों में वितरित किया जा रहा है। देश में कोरोना की महामारी के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब परिवारों को मुफ्त में राशन देने का काम किया है। वहीं हर बीपीएल परिवार के व्यक्ति को प्रतिमाह दो किलो गेहूं तथा तीन किलो चावल दिया जा रहा है।

केंद्रीय राज्यमंत्री बल्लभगढ़ की अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित लाभार्थी उत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करके 10 गरीब परिवारों को बीपीएल कार्ड वितरित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण मुफ्त योजना के तहत कोरोना की महामारी के समय 2020 से इस योजना के तहत प्रति व्यक्ति 5 किलो गेहूं माह बार 35 किलो अनाज दिया गया। उन्होंने कहा कि गरीबों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण मुफ्त अन्न योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत हर बीपीएल परिवार के व्यक्ति को प्रतिमाह 2 किलो गेहूं तथा 3 किलो चावल दिया जा रहा है। गुर्जर ने बताया कि वर्तमान में जिला फरीदाबाद में कुल 185718 राशन कार्ड बनाए गए हैं, जिनमें 743033 सदस्य हैं। जिनमें से 178859 बीपीएल राशन कार्ड व 6859 ए ए वाई श्रेणी के राशन कार्ड बनाए गए हैं। जो कि परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) प्रणाली से सत्यापित डाटा के आधार पर लाभार्थी परिवारों को घर बैठे प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में इन सभी लाभार्थियों को माह जनवरी 2023 से राशन वितरण प्रारंभ कर दिया गया था। वर्तमान में बीपीएल कार्ड धारकों को एन एफ एस ए के तहत 5 किलोग्राम गेहूं प्रति व्यक्ति व एए वाई कार्ड धारकों को 35 किलोग्राम गेहूं प्रति राशन कार्ड फ्री में और 1 किलोग्राम चीनी ऑनलाइन पीओएस मशीन द्वारा वितरित की जा रही है।

कहा, देश में कोरोना की महामारी के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब परिवारों को मुफ्त में राशन दिया

बीपीएल कार्ड वितरित करते मंत्री कृष्णपाल गुर्जर।

इस अवसर पर उनके साथ विधायक नरेंद्र गुप्ता, भाजपा नेता टिपर चंद शर्मा, एसडीएम त्रिलोकचंद, जयवीर खटाना, दीपक यादव, लखन बेनीवाल, महेश गोयल, हरप्रसाद गौड़ पार्षद इत्यादि नागरिक उपस्थित थे।

संक्षिप्त समाचार

सरकार की सुरक्षा बीमा योजनाओं का लाभ उठाएं आम नागरिक

फरीदाबाद। डीसी विक्रम सिंह ने सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में आम नागरिकों से केंद्र सरकार की ओर से क्रियान्वित की जा रही विभिन्न प्रकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया है। डीसी ने बताया कि आम नागरिक नाममात्र राशि में अपना बीमा करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के फार्म हर एक बैंक व डाकघर में उपलब्ध हैं। इन दोनों योजनाओं में निर्धारित वार्षिक प्रीमियम जमा करवा कर दो लाख रुपये तक का बीमा होता है। डीसी ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रत्येक बैंक उपभोक्ता को जीवन सुरक्षा बीमा योजना का लाभ देने के लिए दो स्कीमें क्रियान्वित की जा रही हैं। बता दें कि सामाजिक सुरक्षा योजना सामान्य परिवार को मुश्किल की घड़ी में आर्थिक समर्थन देकर मजबूत बनाती है। वहीं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में 18 से 50 वर्ष आयु के व्यक्ति नामांकन करवा सकते है। इस योजना के तहत 436 रुपये वार्षिक प्रीमियम जमा करवाना होता है तथा इससे दो लाख रुपए के जीवन बीमा का संरक्षण मिलता है। डीसी ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एक दुर्घटना बीमा योजना है। इस योजना के तहत 18 से 70 वर्ष तक के नागरिक अपना दुर्घटना बीमा करवा सकते है। केवल 20 रुपये के वार्षिक प्रीमियम पर इस योजना में दो लाख रुपये का दुर्घटना बीमा संरक्षण प्राप्त होता है। उन्होंने बताया कि इन बीमा योजनाओं का प्रीमियम उपभोक्ता के बैंक या डाकघर खाते में से ऑटो डेबिट होता है तथा दावे की राशि संबंधित के बैंक खाते में सीधे जमा हो जाती है। इन योजनाओं में नामांकन करवाने के लिए अपने नजदीकी बैंक शाखा अथवा डाकघर से सम्पर्क करें।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां अंतिम चरण में

फरीदाबाद। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि नौवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि आज से खेल परिसर में तीन दिवसीय शुरुआत होगी। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. मोनीषा लांबा एवं जयपाल शास्त्री, सदस्य हरियाणा द्वारा आयुष योग सहायकों एवं जिला की योग से जुड़ी संस्थाओं के साथ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस सफल आयोजन से संबध में बैठक की। जिसमें मिशन जागृति, भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, पंतजलि, जय बाबा बर्फानी योग संस्थान आदि के सदस्य उपस्थित हुए। जहां नौ जून से जिला स्तरीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शुरू होने के बारे में चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि आम जन को अधिक से अधिक योग को अपनाने के लिए जागरूक किया। योग सहायकों को निर्देशित किया गया कि योगशालाओं में अधिक से अधिक लोगों योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शामिल किया जाये।

विश्व कप शॉटगन की कांस्य पदक संजना सूद सम्मानित

फरीदाबाद। ओमेक्स फॉरेस्ट स्पा में आईएसएसएफ विश्व कप शॉटगन-2023 में कांस्य पदक विजेता संजना सूद के सम्मान में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सम्मानित गणमान्य व्यक्ति, खेल के प्रति उत्साही व्यक्ति उपस्थित थे। इस मौके पर संजना सूद की उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए सूद की सराहना की और उन्हें बधाई दी गई व वैश्विक मंच पर देश का झंडा बुलंद करने के लिए उनकी प्रशंसा की गई। कार्यक्रम में बोलते हुए संजना ने अपने प्रशिक्षकों, आकाओं और अपने परिवार और दोस्तों से मिले समर्थन के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस तरह के मील के पत्थर हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत, दृढ़ता और आत्म-विश्वास के महत्व पर जोर दिया। संजना ने विश्व स्तरीय कार्यक्रम की मेजबानी के लिए आईएसएसएफ और आयोजन समिति की भी सराहना की। उन्होनें कहा कि आईएसएसएफ विश्व कप शॉटगन 2023 में जीत ने न केवल उन्हें व्यक्तिगत गौरव दिलाया है, बल्कि दुनिया भर के महत्वाकांक्षी एथलीटों और शूटिंग के प्रति उत्साही लोगों के लिए एक प्रेरणा का काम भी किया है। प्रतिभा के साथ वह शूटिंग खेलों की दुनिया में महत्वपूर्ण प्रगति करना जारी रखने के लिए तैयार हैं व अपने देश का सम्मान और गौरव के साथ प्रतिनिधित्व करती हैं।

एसएसएयू ने अधिवक्ता, समाजसेवियों को किया सम्मानित

फरीदाबाद। एसएसए यूनिवर्सिटी पोर्टलैंड यूएसए ने भारत में पहली बार काऊसिंल आफ भारतीय स्कूल एजुकेशन (कोबसे) के साथ मिलकर हॉनररी पीएचडी अवॉर्ड सेरमनी का आयोजन होटल डायमंड इन में किया। सचिव डॉ. राजेश मदान एडवोकेट और समाजसेवी डॉ. तरुण अरोड़ा एडवोकेट ने इस कार्यक्रम का आयोजन करवाया। इस अवसर पर एसएसए यूनिर्वसिटी में जिला बार एसोसिएशन फरीदाबाद के प्रधान राजेश बैंसला, साकेत बार एसोसिशन दिल्ली के प्रधान विनोद शर्मा, नई दिल्ली बार एसोसिएशन पटियाला हाउस के प्रधान जगदीप वत्स, शाहदरा बार एसोसिएशन के प्रधान प्रवीण चौधरी व दिल्ली बार एसोसिएशन तीस हजारी के महासचिव अतुल शर्मा को हॉनररी पीएचडी देकर डॉक्टर की उपाधि से नवाजा। इसके अतिरिक्त भारत के कई समाजसेवी, अधिवक्ताओं, शिक्षाविदों को भी एसएसए यूनिर्वसिटी के द्वारा डॉक्टर की उपाधि से नवाजा गया। इसके अतिरिक्त एडवोकेट हरीश चीतल, एडवोकेट जेपी अधाना, राजेश बैंसला एडवोकेट, डॉ. लक्ष्मण दास अरोड़ा एडवोकेट को भारत गौरव अवार्ड से सम्मानित किया। डॉ. पीके वर्मा, डॉ. आरके गुप्ता, तेज सिंह चौहान एडवोकेट, अखिल चौधरी एडवोकेट, समाजसेविका दीपांशी अरोड़ा व ओएनशर्मा एडवोकेट, विरेंद्र रहेजा एडवोकेट, मेघा सेहरा एडवोकेट को दिल्ली गौरव की उपाधि दी गई तथा सतेंद्र दुग्गल एडवोकेट, ओमदत्त शर्मा एडवोकेट महासचिव जिला बार एसोसिएशन फरीदाबाद को हरियाणा गौरव अवार्ड से नवाजा गया। वहीं गुरुग्राम से जिला न्यायालय से दीपिका खन्ना एडवोकेट व उमेश भारती एडवोकेट महासचिव सोहना बार एसोसिएशन को गुरूग्राम गौरव की उपाधि से नवाजा गया। फरीदाबाद से दीपांशी अरोड़ा, जितेन्द्र गिरोटी एडवोकेट, डाक्टर मनसा पासवान एडवोकेट, धर्मेन्द्र कुमार एडवोकेट को फरीदाबाद गौरव अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिक्षाविद डॉ. शोभित आजाद, डॉ. भूपेंद्र श्योरान, डॉ. अभिषेक सिंह, रोहित गर्ग, डॉ. अमित जैन, इंडियन प्राईवेट स्कूल एसोसिएशन के चेयरमैन डॉ. विमल पाल, प्रधान प्रदीप गुप्ता सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

मोदी के नौ वर्ष पूरा होने पर भाजयुमो चलाएगा महासंपर्क अभियान

फरीदाबाद। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार के नौ साल पूरे होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा पूरे देश में महा संपर्क अभियान चलाएगी। जिसका नेतृत्व भाजयुमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या करेंगे। जबकि उनका मार्गदर्शन प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजयुमो एवं हरियाणा के प्रभारी युवा मोर्चा डॉ. अभिनव प्रकाश व युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल राणा करेंगे। हाल में फरीदाबाद में आए हरियाणा प्रभारी बिप्लव देव ने प्रैसवार्ता के दौरान इसका विस्तारपूर्वक वर्णन करते हुए कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने हाल ही में नौ साल पूरे किए हैं। इन नौ वर्षों में हमारे देश ने समाज के हर वर्ग की प्रगति और परिवर्तन देखा है। 31 मई से 30 जून तक एक आउटरीच अभियान यानी महा संपर्क अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत भारतीय जनता युवा मोर्चा भी अपनी सक्रिय भूमिका निभाएगा। तेजस्वी सूर्या देशभर के विधानसभा और लोकसभा क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित करेंगे। महा संपर्क अभियान की रूपरेखा इस कदर बनाई गई है कि इसके जरिए सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने वाले ज्यादा से ज्यादा लाभार्थियों तक पहुंचा जा सके, यानी इन कार्यक्रमों में लाभार्थियों को शामिल कर उनसे फीडबैक लिया जाएगा। इसके जरिए आमजन से संवाद, नव मतदाता सम्मेलन, बाइक यात्राएं और ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी।

अनुराग ठाकुर की पहल

टूटा गतिरोध

केन्द्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर की पहल पर पहलवानों व सरकार के बीच चल रहा गतिरोध अंततः टूट गया। खेल मंत्री तथा बड़े पहलवानों के बीच चली 6 घंटे की महत्वपूर्ण बैठक के बाद ओलम्पिक मैडलिस्ट बजरंग पुनिया ने महत्वपूर्ण घोषणा की कि सरकार ने भारतीय कुश्ती फेडरेशन-डब्लूएफआई के पूर्व प्रमुख बृजभूषण सिंह के खिलाफ यौन आरोपों की पुलिस जांच 15 जून तक कराने का आश्वासन दिया है। अनुराग ठाकुर ने पुष्टि की कि बृजभूषण सिंह व उनके समर्थकों को डब्लूएफआई के आम चुनाव में शामिल नहीं किया जाएगा। यह चुनाव 30 जून तक होना प्रस्तावित है। अब सरकार के आश्वासन के बाद सरकार तथा पहलवानों के बीच गतिरोध समाप्त हो गया है, हालांकि पहलवानों ने कहा है कि यदि वादे के अनुसार कार्रवाई न की गई तो वे अपना विरोध पुनः शुरू कर देंगे। खेल मंत्री ने यह आश्वासन भी दिया कि पहलवानों के खिलाफ दर्ज सारी एफआईआर वापस ले ली जाएंगी। सरकार ने डब्लूएफआई के चुनाव कराने की पहलवानों की मांग भी मान ली है जिसमें उनका प्रतिनिधित्व होगा, पर बृजभूषण शरण सिंह व उनके सहयोगियों को शामिल नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही डब्लूएफआई के भीतर एक महिला के नेतृत्व में आंतरिक शिकायत समिति-आईसीसी का गठन किया जाएगा। जब तक 30 जून तक डब्लूएफआई के आम चुनाव नहीं होते हैं, दो सदस्यों की एक समिति उसका कामकाज देखेगी। अनुराग ठाकुर ने यह आश्वासन भी दिया कि महिला पहलवानों को सुरक्षा प्रदान की जाएगी।

पहलवानों ने इसके पहले शनिवार को केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की थी। बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ ये पहलवान महीनों से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। उनके ऊपर एक नाबालिग समेत महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के आरोप हैं। दिल्ली पुलिस ने बृजभूषण के खिलाफ दो एफआईआर दर्ज की हैं। इसमें एक मामला पोक्सो का तथा दूसरा शील भंग का है। उल्लेखनीय है कि विरोध प्रदर्शन में शामिल विनेश फोगाट इस बैठक में शामिल नहीं हो सकी थीं। विरोध प्रदर्शन में पहलवानों का समर्थन करने वाले भारतीय किसान यूनियन-बीकेयू के नेता राकेश टिकैत भी बैठक में शामिल नहीं थे। यदि सरकार ने इस मामले में जल्दी निर्णय ले लिया होता तो मामला इस सीमा तक न पहुंचता। वैसे इस तथ्य से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि पहलवानों का विरोध प्रदर्शन प्रकारान्तर से 'सरकार-विरोधी राजनीतिक कार्रवाई' में बदल गया था। बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पहले कभी महिला-विरोधी होने के आरोप नहीं लगे हैं, लेकिन पहलवानों तथा उनके समर्थक व मोदी-विरोधी राजनीतिक दलों ने जो माहौल बनाया उसमें उनका पक्ष लगभग अनसुना कर दिया गया। बृजभूषण सिंह ने कहा था कि उनके खिलाफ एक खास अखाड़े के पहलवान ही मैदान में उतरे हैं और उनके पीछे कुछ राजनेताओं तथा एक उद्योग घराने का हाथ है। उन्होंने यह अपील भी की थी कि पहलवानों के विरोध प्रदर्शन और उस पर मची हायतोबा के कारण देश के हजारों युवा पहलवानों का कॅरियर प्रभावित हो रहा है, अतः कुश्ती संघ को उसकी गतिविधियां चलाने की अनुमति दी जाए। उल्लेखनीय है कि विवाद शुरू होते ही बृजभूषण सिंह ने स्वयं को खेल संस्था की गतिविधियों से स्वतः अलग कर लिया था। पहलवानों व सरकार के बीच गतिरोध टूटने के बाद सबने राहत की सांस ली है। उम्मीद करनी चाहिए कि केन्द्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर की इस पहल के बाद विवाद समाप्त हो जाएगा तथा भारतीय पहलवान अपनी पूरी क्षमता के साथ राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश का झंडा ऊंचा करने को प्रयासरत होंगे।

नक्सली हिंसा के कारण

आतंकवादी व नक्सली हिंसा की हालिया गतिविधियों ने नई चुनौतियां पेश कर समस्याओं को जटिल बनाया है। इसके कारणों का विश्लेषण जरूरी है।

सुधीर हिंदवान
(लेखक, प्रोफेसर हैं।)

छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के दंतेवाड़ा में नक्सलियों के हालिया जघन्य हमले में जिला रिजर्व गार्ड के 10 सुरक्षाकर्मी शहीद हो गए। इस हत्याकांड की चौतरफा निन्दा होनी चाहिए। थोड़े समय तक शांत रहने के बाद नक्सली गतिविधियां फिर तेज हुई हैं। कुछ साल पहले नक्सलियों ने छत्तीसगढ़ की सुकमा-बीजापुर सीमा पर 22 सुरक्षा बलों की जघन्य हत्या की थी जिससे क्षेत्र में सुरक्षा व संरक्षा के गंभीर सवाल पैदा हुए थे। नक्सलियों द्वारा ऐसे छापामार हमलों का लंबा इतिहास है। कुछ समय पहले छत्तीसगढ़ के सुकमा में भूमिगत सुरंग के विस्फोट से 8 सीआरपीएफ जवान शहीद हुए थे। लगभग दो साल पहले 300 नक्सलियों ने देश की सबसे बड़ी 74वीं अर्धसैनिक बटालियन पर हमला बोला था। 2014 में 26 से अधिक अर्धसैनिक बल के अधिकारी तथा 2010 में 70 से अधिक सीआरपीएफ जवान इसी क्षेत्र में नक्सली हमलों में शहीद हुए थे। इन हत्याओं से पुष्ट होता है कि भले ही नक्सली कुछ समय के लिए शांत रहे हों, पर उनका सफाया नहीं हुआ है। हाल में छत्तीसगढ़ ऐसे हमलों का केन्द्र बनता दिख रहा है। आने वाले दिनों में राज्य सरकार को नक्सली हिंसा का पुरजोर मुकाबला करना होगा। सीआरपीएफ जवानों पर नक्सलियों की हिंसा से परेशान सरकार ने इस बुराई को उभरने से पहले ही समाप्त करने पर विचार किया है क्योंकि इसके कारण पूरी सुरक्षा व्यवस्था गंभीर खतरे में पड़ गई है। हालिया नक्सली हमलों में उत्कृष्ट उपकरणों के प्रयोग के साथ ही उनकी क्रूरता में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। वर्तमान स्थिति में नक्सलियों से वार्ता तथा सुलह-समझौते की कोई संभावना नहीं है।

कोयला खनन अधिकारियों की हत्या, रेल लाइनों को नष्ट करना, ट्रकों को जलाना, पुलिस अधिकारियों के सिर कलम करना, पुलिस चौकियों पर हमला करना तथा निरपराध सिविलियनों की हत्या करना जैसे 70 के दशक वाली फिल्मों के नाटकीय दृश्यों की तरह है और यह आधुनिक भारत को चुनौती दे रहे हैं। प्रधानमंत्री द्वारा नक्सलियों की वर्तमान पीढ़ी को कठोर चेतावनी देने के बावजूद बार-बार क्रूर हिंसा की घटनायें एक चुनौती हैं। वर्तमान नक्सली हिंसा हमें कुछ साल पहले माओवादी छापामारों द्वारा इंस्पेक्टर फ्रांसिस इंदुवार की जघन्य हत्या की याद दिलाती हैं। इसने स्पष्ट संदेश दे दिया था कि तर्क, सम्मान या धमकी से नक्सलियों को अपना रास्ता बदलने के लिए मनाना कठिन है। पिछले कुछ सालों से ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती अशांति छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, बिहार व ओडिशा जैसे राज्यों में हिंसा और टकराव को बढ़ावा दे रही है। नक्सली हिंसा की हालिया घटनाओं से संकेत मिलता है कि उनके अधिकांश निशाने इस उम्मीद से हैं कि जनता सरकार के अधिकार व उसकी क्षमता के बारे में अपनी राय बदल देगी।

नक्सली अपने हमलों की योजना इस प्रकार बनाते हैं जिससे लोग उनको उचित समझें तथा यह मान लें कि नक्सली न्याय के अपने सिद्धान्तों के अनुसार एक न्यायोचित समाज बनाना चाहते हैं। उनको उम्मीद है कि इस रास्ते से एक खास व्यवस्था को उखाड़ फेंकने में सहायता मिलेगी। इस प्रकार वे अपने अनेक उद्देश्य पूरे करने के लिए भय पैदा करने और उसे बनाए रखने का प्रयास कर रहे हैं। महत्वपूर्ण सरकारी इमारतों, टेलीफोन एक्सचेंजों, रेलवे स्टेशनों, गांवों तथा पुलिस टुकड़ियों पर हमले सामान्य हो गए हैं। कुछ क्षेत्रों में लंबे समय से शांति थी, पर अब नक्सली गतिविधियों में बढ़ोत्तरी से शांति नष्ट हो गई है।

पहले बिहार ने विभिन्न अतिवादी संगठनों की कार्रवाई से नक्सली हिंसा का एक चरण देखा है जिनमें इंडियन पीपुल्स फ्रंट, मजदूर किसान संग्राम समिति-एमकेएसएस तथा माओवादी कम्युनिस्ट सेंटर शामिल हैं। उनके द्वारा पुलिस टुकड़ियों पर अनेक हमले किए गए थे। मध्य बिहार के कुछ क्षेत्रों में भूमिगत कार्रवाइयों में भी तेजी आई थी। नक्सली ठेकेदारों की फिरौती, छोटे ठेकों तथा भ्रष्ट अधिकारियों व बड़े जमींदारों से नियमित वसूली के माध्यम से पैसे एकत्र करते हैं। हालांकि, इन समूहों की वास्तविक शक्ति का पता लगाना कठिन है, पर माओवादी कम्युनिस्ट सेंटर-एमसीसी को सर्वाधिक संगठित तथा संवेदनशील हथियारों से लैस संगठन माना जाता है। कुछ साल पहले बिहार की डोडाडीह पहाड़ियों में 11 लोगों के नरसंहार से एमसीसी ने मूलभूत मुद्दों को जाति-युद्ध जैसी स्थितियों में बदल दिया था। एमसीसी द्वारा ऐसी जघन्य हत्याओं के अनेक उदाहरण हैं। यह समूह मध्य बिहार के पटना, जहानाबाद, गया, नालन्दा व नेवादा जिलों में बहुत सक्रिय है। जहानाबाद में आईपीएफ व एमकेएसएस द्वारा कमजोर तबकों की लामबंदी अन्य चीजों के साथ ही मुख्यतः जमीन के समान वितरण तथा न्यूनतम मजदूरी के भुगतान को लेकर रही है। एमसीसी संगठन दरमियाम, दलेलचक, बाघोरा, बकरीध व बारा हत्याकांडों का जिम्मेदार है। औरंगाबाद में दलेलचक बाघोरा नरसंहार के बाद राज्य सरकार ने एमसीसी की गतिविधियों पर प्रतिबंध की घोषणा की थी। पिछले वर्षों में आंध्र प्रदेश सरकार को नक्सली गतिविधियों में उभार के कारण सार्वजनिक व निजी संपत्तियों का भारी नुकसान झेलना पड़ा है। पिछले दो दशकों में पीपुल्स वार ग्रुप ने अपने अधिकारों पर जोर देने के अनेक प्रयास किए हैं। सरकारी नीतियों से असंतुष्ट होकर उसने हिंसक गतिविधियां कीं और उनमें अब भी लिप्त है। इनमें बैंक डकैती, पुलिसजनों की हत्या, बिजनेसमैनों व अधिकारियों का अपहरण तथा राजनीतिक हत्याओं के प्रयास शामिल हैं। राज्य व केन्द्र सरकार द्वारा इस विभीषिका पर नियंत्रण के अनेक प्रयासों के बावजूद नक्सलवाद की समस्या अब भी बढ़ रही है। वे एक भ्रमित समूह हैं जिनका प्रयोग राजनीतिक लाभ के लिए शक्तिशाली सिंडीकेटों ने किया है। आम जनता को ऐसे क्षेत्रों में अत्यधिक भ्रम का शिकार होना पड़ा है क्योंकि वह इन विकृत सोच वाले लोगों के गिरोहों के खिलाफ नहीं जा सकती है और न सुरक्षा बलों का खुलेआम समर्थन कर सकती है। यदि वे पक्ष चुनें तो आम लोगों को एक या दूसरे समूह का गुस्सा और हिंसा झेलनी पड़ती है। ऐसे में नक्सलियों द्वारा पैदा की गई भय की मनोवैज्ञानिक स्थिति तोड़ने के लिए मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति की जरूरत है। इसके साथ ही राज्य द्वारा जनता में विश्वास पैदा करने की जरूरत है ताकि वह खुल कर उसके साथ आ सके।

कोबरा बटालियनों का गठन भारत सरकार द्वारा नक्सलवाद से मुकाबले के लिए सक्रिय कदम है। लेकिन केवल इस कदम से ही तात्कालिक नतीजे नहीं प्राप्त हो सकते हैं, जब तक किस खुफिया पुलिस तथा स्थानीय पुलिस के साथ उनका बेहतर समन्वय सुनिश्चित न किया जा सके। इसलिए समय आ गया है कि हम सूचना एकत्र करने की गतिविधियों में बदलाव लाएं तथा एक बहुआयामी व्यवस्था तैयार करें। इसमें मीडिया के सहयोग से नक्सलियों के प्रति जनता के हमदर्दी वाले दृष्टिकोण में परिवर्तन लाना जरूरी है।

अधिकांश लोगों की दब्बूपन की प्रवृत्ति के कारण सुरक्षा बलों के प्रयास विफल हो जाते हैं क्योंकि इसके कारण वे तत्काल किसी नक्सली की पहचान नहीं कर पाते हैं। इस संबंध में जनता में फौरन विश्वास पैदा करने की आवश्यकता है कि सरकार उनकी रक्षा करने में समर्थ है। नक्सलवाद की समस्या के स्थाई समाधान के लिए यह सोचना काफी नहीं है कि ग्रामीण गरीबों के प्रति सरकारी दृष्टिकोण में कुछ नीतिगत परिवर्तन से प्रभावी नतीजे सामने आएंगे। गरीबों की संकटग्रस्त स्थिति दूर करने तथा सामाजिक समरसता बनाए रखने के लिए पूरे समाज को समुचित प्रयास करने होंगे। एक लोकतांत्रिक समाज में पुलिस की जवाबदेही पर बहुत चर्चा हो चुकी है। हालिया घटनाओं, खासकर आतंकवादियों व नक्सलियों का खतरा बढ़ने से समस्याओं की बदलती प्रकृति के रूप में नई चुनौतियां सामने आई हैं तथा अनेक बाधायें बनी हुई हैं। वैश्वीकरण के प्रसार ने लोकतांत्रिक समाजों में वैश्विक, राष्ट्रीय, स्थानीय व पहचान आधारित राजनीति के बीच संबंधों के नए आधार विकसित किए हैं। कुछ समूह हमेशा इन सामाजिक विभाजनों का लाभ भ्रामक पहचानें पैदा कर अपने हित में उठाना चाहते हैं।

नक्सलवाद की परिघटना पर गंभीर विचार जरूरी है। लोगों को भ्रमित कर सत्ता के खेल में शामिल कर लिया जाता है। हालिया नक्सली हमलों से स्पष्ट है कि गलत सूचनाओं के आधार पर धोखा देने की रणनीति का कैसे प्रयोग हो सकता है। इस मोड़ पर सुनियोजित कार्यनीति तथा स्थानीय जनता में विश्वास पैदा कर नक्सलवाद की नई पकड़ को तोड़ा जा सकता है। इसके लिए समुचित खुफिया तथा जवाबी-खुफिया व्यवस्था जरूरी है। समस्या से निपटने के लिए पुलिस की विभिन्न शाखाओं के बीच खुफिया सूचनाओं का साझा तथा कार्रवाइयों में समन्वय सर्वाधिक महत्वपूर्ण है।

खाद्य वस्तुओं की सुरक्षा का सवाल

> खाद्य उत्पादों के निर्माताओं को मजबूत गुणवत्ता नियंत्रण उपायों के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करना चाहिए।

डॉ. अमित देशपांडे
(लेखक, एक एक्टिविस्ट हैं)

इस विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस पर, आइए हम उन विभिन्न प्रकार के खतरों के बारे में जानें जो खाद्य सुरक्षा को प्रभावित कर सकते हैं।

दूषित खाद्य पदार्थ घातक परिणाम पैदा कर सकते हैं। जीवन के लिए जोखिम पैदा करने और शरीर को गंभीर स्थायी नुकसान पहुंचाने से लेकर, खाद्य खतरों की पहचान करना और 360 डिग्री खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना सर्वोपरि है। ऐसे उपाय न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य की रक्षा करते हैं बल्कि समुदायों के समग्र कल्याण में भी योगदान करते हैं। खाद्य सुरक्षा प्रथाओं में सक्रिय होने से, खाद्य जनित बीमारियों की घटनाओं और उनसे जुड़े आर्थिक और सामाजिक बोझ को काफी कम किया जा सकता है। हालांकि, इसे तभी प्राप्त किया जा सकता है जब इसे उपभोक्ताओं, खाद्य उत्पादकों और एफएसएसएआई जैसे नियामक प्राधिकरणों के बीच एक साझा जिम्मेदारी माना जाए। उपभोक्ता क्या कर सकते हैं, वे उचित स्वच्छता का अभ्यास कर सकते हैं, भोजन को सुरक्षित तापमान पर स्टोर कर सकते हैं, अच्छी तरह से पका सकते हैं और एक्सपायर्ड या क्षतिग्रस्त उत्पादों का सेवन करने से बच सकते हैं। दूसरी ओर, खाद्य उत्पादों के निर्माताओं को मजबूत गुणवत्ता नियंत्रण उपायों के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करना चाहिए, अच्छी निर्माण प्रथाओं का पालन करना चाहिए और उचित भंडारण और परिवहन की स्थिति बनाए रखनी चाहिए।

इस विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस पर, आइए हम यह समझने में और अधिक तल्लीन करें कि विभिन्न प्रकार के खतरे क्या हैं जो खाद्य सुरक्षा को प्रभावित कर सकते हैं। परिभाषित करने के लिए, खाद्य सुरक्षा के खतरे आम तौर पर चार प्रकार के होते हैं, जैविक, रासायनिक, भौतिक या एलर्जेन जो खाद्य गुणवत्ता को खराब करने की क्षमता रखते हैं, जो आगे चलकर उपभोक्ताओं को स्पष्ट नुकसान पहुंचा सकते हैं। खाद्य उत्पादन और प्रसंस्करण से लेकर रख-रखाव और भंडारण तक, ये जोखिम इन विभिन्न चरणों में उत्पन्न हो सकते हैं।

जैविक खतरे : इन खतरों में बैक्टीरिया, वायरस, परजीवी और कवक शामिल हैं जो भोजन को दूषित कर सकते हैं और खाद्य विषाक्तता या संक्रमण जैसी बीमारियों का कारण बन सकते हैं। सामान्य उदाहरणों में साल्मोनेला, ई. कोलाई और नोरोवायरस शामिल हैं।

रासायनिक खतरे : कीटनाशक, एडिटिव्स, एलर्जेंस और प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले विषाक्त पदार्थ जैसे रसायन खाद्य सुरक्षा के लिए जोखिम पैदा कर सकते हैं। दूषित भोजन के सेवन से तीव्र या पुरानी स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। रासायनिक खतरों को कम करने में खाद्य उत्पादों की उचित लेबलिंग और हैंडलिंग महत्वपूर्ण हैं।

भौतिक खतरे : भौतिक खतरे बाहरी वस्तुओं को संदर्भित करते हैं जो अनजाने में कांच, धातु, प्लास्टिक के टुकड़े या पत्थरों जैसे भोजन में प्रवेश करते हैं। इन वस्तुओं को खाने से घुटन या चोट लग सकती है। भौतिक खतरों का पता लगाने और उन्हें खत्म करने के लिए कड़े गुणवत्ता नियंत्रण उपाय आवश्यक हैं।

एलर्जिक खतरे : एलर्जिक खतरे विशिष्ट खाद्य एलर्जी वाले व्यक्तियों में एलर्जी प्रतिक्रियाओं को ट्रिगर करते हैं। इनमें नट्स, डेयरी, अंडे या ग्लूटेन जैसी सामग्री शामिल हो सकती है। एलर्जी के आकस्मिक जोखिम से बचने के लिए स्पष्ट लेबलिंग और उचित हैंडलिंग प्रक्रियाएं महत्वपूर्ण हैं।

खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए क्या किया जा सकता है? असामान्य गंध, रंग बदलने, या भोजन की बनावट में बदलाव के प्रति सतर्क दृष्टिकोण के अलावा, अत्याधुनिक तकनीक खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। ब्लॉकचैन और इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) जैसे अभिनव समाधान खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं जो पूरे खाद्य आपूर्ति श्रृंखला में पता लगाने की क्षमता को सक्षम बनाता है, जिससे पारदर्शिता और उत्तरदायित्व में वृद्धि होती है।

इसके अलावा, उत्पाद जानकारी के लिए क्यूआर कोड प्रदान करना जो पहुंच पर उपभोक्ताओं को खाद्य उत्पादों की उत्पत्ति, हैंडलिंग और सुरक्षा के बारे में जानकारी दे सकता है। ये डिजिटल प्रगति व्यक्तियों को सूचित निर्णय लेने और सुरक्षित खाद्य पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए सशक्त बनाती हैं। इसके अलावा, समाप्ति की तारीखों पर नज़र रखना, एलर्जी के लिए संघटक लेबल को पढ़ना और कच्चे और पके हुए खाद्य पदार्थों को अलग करना सुनिश्चित करना किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए खाद्य सुरक्षा प्रथाओं को बढ़ावा दे सकता है।

आप की बात

राहुल के सपने

राहुल गांधी ने कहा कि भारत की जनता भाजपा को हराने जा रही है तेलंगाना चुनाव के बाद भाजपा को ढूंढना मुश्किल होगा। राहुल को भारत की बात भारत में रहकर ही कहनी चाहिए, विदेशों में जाकर नहीं। राहुल गांधी को इतने बड़बोले नहीं बनना चाहिए। कभी भाजपा को संसद में केवल एक सीट मिली थी, लेकिन जनता ने आज उसकी केंद्र में सरकार बना दी। ठीक इसी तरह एकछत्र राज करने वाली कांग्रेस को भी आपातकाल के बाद जनता ने केंद्र की सत्ता से भारी बहुमत से जनता पार्टी को जिताकर इंदिरागांधी को सत्ता से हटा दिया था। इसी प्रकार 2014 में मोदी की आंधी ने कांग्रेस समर्थित सरकार को सत्ता से दखल कर दिया। 2019 में तो केंद्र से लेकर अनेक राज्यों में कांग्रेस का सफाया हो गया था। दुनिया में सबकुछ रुक सकता है परन्तु परिवर्तन कभी नहीं रुकता। राहुल गांधी राजनीति में परिपक्व बनें और अपने विचारों में गंभीरता लाएं। सपने देखने का अधिकार सबको है, लेकिन वे मुंगेरी लाल के हसीन सपनों की तरह नहीं होने चाहिए। राहुल गांधी आजकल ऐसे ही सपने देख रहे हैं। भाजपा अपने समक्ष उपस्थिति चुनौतियां समझ कर सक्रिय है, पर कांग्रेस व राहुल केवल हसीन सपनों में ही खोए हुए हैं।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

खुले बोरवेल

देश में खुले बोरवेल में गिरने से मासूम बच्चों की मृत्यु की खबरें आए दिन मिलती रहती है। हाल ही में मप्र के सीहोर में तीन वर्षीय बच्ची खुले बोरवेल में गिर गई। सामान्यतः बोरवेल सफल नहीं होने पर उसे तुरंत ही ढक्कन से बंद नहीं करके खुला छोड़ देने की लापरवाही करना आम बात हो गई है। इसी के कारण कई नौनिहालों को असमय ही काल का ग्रास बनना पड़ता है। बच्चे को बचाने में पूरी सरकारी मशीनरी तीन से चार दिन तक दिन-रात बच्चे की मौत से संघर्ष करती रहती है किंतु अधिकतर मामलों में वह सफल नहीं हो पाती है। ऐसी लापरवाही किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। इस संबंध में प्रशासन को कठोरता बरतनी चाहिए। बोरवेल करने वाली कंपनी के लिए अनिवार्य नियम होना चाहिए कि असफल बोरवेल को संपूर्ण रूप से बंद करके ही जाए। बोरवेल खुला छोड़ने वाली कंपनी का लाइसेंस निरस्त कर दिया जाना चाहिए। सरकारी खर्च की वसूली तो संबंधित भूमि मालिक से की जा सकती है किंतु किसी नौनिहाल की मृत्यु का कोई मूल्य नहीं होता है। पुलिस को ऐसे मामलों में स्वतः कार्रवाई करनी चाहिए।

– **रामबाबू सोनी,** इंदौर

दलित उत्पीड़न

यदि देश में आजादी के 75 वर्ष बाद भी किसी दलित का अंगूठा काटकर सजा दे जाने घटना सामने आती है तो यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। गुजरात के पाटन जिले में एक दलित के द्वारा क्रिकेट बॉल के छू जाने के कारण ऐसी घटना हुई है। क्या आज भी जातीय भेदभाव व छुआछूत देश में जारी है? यह प्रश्न देश के प्रतिष्ठित समाजशास्त्रियों, जनप्रतिनिधियों, आला अधिकारियों व स्थानीय शासन-प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती है। कुछ दिनों पहले गुजरात के ही बनासकांठा जिले में एक दलित युवक के फैशनेबल कपड़े पहनने और काला चश्मा लगाने के कारण उसके साथ मारपीट की और जब उसकी मां बचाने आई तब उसके साथ भी मारपीट करते हुए उसके कपड़े तक फाड़ डाले। भारत में यदि दलित उत्पीड़न की घटनाओं पर ईमानदारी से काम नहीं किया गया तो सभ्य समाज की प्रगति पर प्रश्नचिन्ह जरूर लगेगा। दलित उत्पीड़न की घटनायें उन हिंदू धर्मगुरुओं की चिंता का विषय भी होनी चाहिए जो लाखों जनता को एकत्र कर उपदेश देते हैं। शहरी नौजवानों को भी सामाजिक समरसता की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देना चाहिए।

–**वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

समुद्री पर्यावरण

विश्व महासागर दिवस हर साल 8 जून को मनाया जाता है। मगर इससे दुनिया की अधिकांश जनता का कुछ लेना देना नहीं रहता है। समुद्र में रोज गिराए जा रहे करोड़ों टन दूषित प्लास्टिक व अन्य प्रकार के विषैले अवयवों के जिम्मेदार लोगों को अपनी इस गंभीर गलती का एहसास ही नहीं है। वैज्ञानिकों ने बारिश में भी माइक्रो प्लास्टिक के रूप में बड़ी मात्रा में प्लास्टिक बारिश होने की संभावना व्यक्त की है। साथ ही मानव रक्त में भी वैज्ञानिकों ने माइक्रो प्लास्टिक खोज निकाला है। यदि समुद्र में इसी गति से प्लास्टिक व सभी प्रकार का प्रदूषण निरंतर डाला जाता रहा तो पूरी धरती का ही इकोसिस्टम तहस-नहस हो जाएगा और भावी पीढ़ी को कई तरह की मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। इस प्लास्टिक व अन्य प्रदूषण के साथ-साथ कई देशों ने समुद्र में परमाणु परीक्षण तक कर डाले हैं। जिसने समुद्र के अरबों खरबों जंतुओं को भस्म कर डाला। समुद्र के पानी में भारी रेडिएशन हुआ जो देर सवेर धरती को दुष्प्रभावित करके रहेगा। अतः अब संपूर्ण मानवजाति को समुद्री पर्यावरण पर गौर करना होगा।

– **विभूती बुपक्या,** खाचरोद

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

यूपी के हर घर-आंगन तक पहुंचेगा योग

15 से 21 जून के बीच बड़े स्तर पर होगा आयोजन

● प्रत्येक जिले में एक संचालन समिति का डीएम की अध्यक्षता में होगा गठन गैर सरकारी संस्थाओं का भी लिया जाएगा सहयोग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए 'हर घर आंगन योग' के मूलमंत्र को आत्मसात कर उत्तर प्रदेश में भी योग दिवस को लेकर बड़े स्तर पर आयोजन की तैयारी की जा रही है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 21 जून को आयोजित होने वाले 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रदेश भर में सामूहिक योगाभ्यास व अन्य कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर निर्देश दे चुके हैं और इनके सफल आयोजन के लिए तैयारियां भी युद्ध स्तर पर शुरू हो चुकी हैं। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप इस संबंध में विस्तृत कार्ययोजना बनाई गई है, जिसके अंतर्गत प्रदेश के सभी जिलों में 15 से 21 जून के मध्य एक हफ्ते तक योग सप्ताह का बड़े स्तर पर आयोजन होगा। इसके अंतर्गत राज्य के सभी जिलों में जनपद स्तरीय समिति का गठन किया गया है जो इस कार्ययोजना को लागू किए जाने की प्रक्रिया को मॉनिटर करेगी और इसके एग्जिक्यूशन में सहयोग करेगी। शासन की कार्ययोजना के मुताबिक, प्रदेश के सभी जिलों में डीएम की अध्यक्षता में एक समिति का गठन होगा जिसमें मुख्य विकास अधिकारी, नगर आयुक्त, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक व यूनानी अधिकारी, जिला होम्योपैथिक अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी, क्रीड़ा अधिकारी व गैर सरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधि बतौर सदस्य सम्मिलित होंगे। इस कार्ययोजना के अंतर्गत जिला मुख्यालय, तहसीलए ग्राम विकास, ब्लॉक, ग्राम पंचायत, चिकित्सीय शिक्षा, चिकित्सा स्वास्थ्य व परिवार कल्याण, आयुष, परिवहन व पुलिस विभाग समेत कुल 23 विभागों को लक्षित किया गया है। इन सभी विभागों के समायोजन से सामूहिक योग अभ्यास व योग प्रसार संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों का संचालन संभव हो सकेगा। कार्ययोजना के अंतर्गत, जिले में योग गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए सहयोगी गैर सरकारी संस्थाओं की भी मदद ली जाएगी।

इसके अंतर्गत, इस संस्थाओं के प्रशिक्षित योग ट्रेनर के सहयोग से जनपद, ब्लॉक, पंचायत स्तर पर आयोजित सामूहिक योग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिन संस्थाओं का इसमें चयन किया गया है उनमें पं. दीनदयाल उपाध्याय योग संस्थान, रामकृष्ण मिशन सेवा आश्रम, पतंजलि योग संस्थान, गायत्री परिवार, ब्रह्मकुमारी फाउंडेशन, आर्ट ऑफ लिविंग, यूपी नेचुरोपैथी, योग टीचर्स व फीजिशियन एसोसिएशन, सूर्या इंटरनेशनल फाउंडेशन व हार्टफुलनेस प्रमुख हैं। योग सप्ताह के आयोजन को लेकर प्रदेश भर के तकनीकि शिक्षण संस्थानों, कृषि महाविद्यालयों, उच्च शिक्षा महाविद्यालयों, चिकित्सीय शिक्षा महाविद्यालयों व आयुष महाविद्यालयों में भी कार्यक्रमों का संचालन किया जाएगा।

एमएसपी में वृद्धि से किसानों के जीवन में होगा व्यापक परिवर्तनः मुख्यमंत्री

लखनऊ। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के लिए एमएसपी में वृद्धि को केंद्रीय कैबिनेट की ओर से मंजूरी मिलने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे सराहनीय फैसला बताया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि इससे अन्नदाता किसानों को आर्थिक संबल मिलेगा। यह निर्णय किसानों के जीवन में व्यापक परिवर्तन का कारक बनेगा। सीएम योगी ने इस फैसले को किसानों के कल्याण को समर्पित बताया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय कैबिनेट ने गुरुवार को कृषकों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य दिलाने और फसल विविधीकरण को प्रोत्साहित करने के लिए खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि को स्वीकृति प्रदान की है।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 135 गन्ना किसानों को कल सीएम करेंगे सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश के आयुक्त गन्ना एवं चीनी संजय आर भूसरेड्डी ने बताया कि प्रदेश सरकार की मंशा के अनुसार चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास से संबंधित विकास कार्यों को गति प्रदान करने तथा गन्ना कृषकों, सहकारी गन्ना विकास समितियों, चीनी मिलों, महिला स्वयं सहायता समूहों एवं युवा गन्ना किसानों को प्रोत्साहित कर इनके मध्य उत्कृष्ट प्रदर्शन की स्वस्थ प्रतिस्पर्धा उत्पन्न करने के उद्देश्य से गन्न विकास विभाग द्वारा निरन्तर राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन करते हुए गन्ना उत्पादकता को बढ़ाकर गन्ना कृषकों की आय को बढ़ाने का सकारात्मक प्रयास किया जा रहा है।

गन्ना खेती में उत्पादकता के नये प्रतिमान स्थापित करने वाले गन्ना किसानों को सम्मानित करने की अनूठी पहल गन्ना विकास विभाग द्वारा की जा रही है। जिसके अन्तर्गत आगामी 10 जून 2023 को लोक भवन ऑडिटोरियम में राज्य गन्ना उत्पादन प्रतियोगिता पुरस्कार समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस समारोह में गन्ना उत्पादन प्रतियोगिता की 3 योजनाओं के प्रतियोगियो को मुख्यमंत्री के कर-कमलों से प्रमाणपत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा। आयोजित होने वाले कार्यक्रम में राज्य गन्ना प्रतियोगिता, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना एवं उत्कृष्ट कार्य योजना के अन्तर्गत गन्ना उत्पादकता के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले विजेता गन्ना किसानों, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली सहकारी गन्ना विकास समितियों, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली चीनी मिलोंए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले महिला स्वयं सहायता समूहों एवं गन्ना खेती में नवाचार आदि मानकों के आधार पर युवा गन्ना किसानों को सम्मिलित किया गया है।

ओवरलोड वाहनों पर की जाए सख्त कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उप परिवहन आयुक्त परिक्षेत्र लखनऊ सुरेन्द्र कुमार ने आज अपने कार्यालय कक्ष में लखनऊ संभाग के प्रवर्तन अधिकारियों के साथ बैठक आहूत की। उन्होंने सभी सम्भागीय एवं उप सम्भागीय परिवहन अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रवर्तन एवं राजस्व लक्ष्यों की अधिकाधिक पूर्ति के लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत प्राप्ति के लिए ठोस कार्ययोजना बनाकर बकाया वसूली एवं ओवरलोड मालयानों के विरुद्ध प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई करें। उप परिवहन आयुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री एवं परिवहन मंत्री के सख्त निर्देश हैं कि ओवरलोड वाहनों पर सख्त प्रवर्तन की कार्रवाई की जाए, जिससे कि ओवरलोडिंग को प्रभावी रूप से रोका जा सके। उन्होंने कहा कि ओवरलोडिंग से न केवल सड़कों को क्षति पहुंचती है बल्कि इससे राजस्व की भी हानि होती है एवं अवैध खनन को बढ़ावा मिलता है। सुरेन्द्र कुमार ने निर्देश दिए कि लखनऊ परिक्षेत्र में 8 जून 2023 से ओवरलोड मालयानों के विरुद्ध स्वयं के निर्देशन में आठ-आठ घंटे की रोटेशन में ड्यूटी लगाकर प्रभावी प्रवर्तन की कार्रवाई सुनिश्चित करें। चालू माह के शेष दिनों में राजस्व एवं प्रवर्तन लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ऐसे मार्ग जहां पर खनिज पदार्थों का परिवहन मुख्य रूप से किया जाता है ऐसे मार्गों पर प्रवर्तन टीम की 8-8 घंटे रोटेशन में ड्यूटी लगाकर प्रवर्तन कार्रवाई सुनिश्चित करें।

जाली नोट की देशभर में सप्लाई करने वाले गैंग का फरार सरगना गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

जाली भारतीय मुद्रा छापकर देश के अलग-अलग राज्यों में तस्करी के माध्यम से उसकी सप्लाई करने वाले गिरोह के फरार सरगना और बिहार के गया निवासी पचास हजार के ईनामी बबलू बिंद उर्फ बाबिल को आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) की वाराणसी इकाई ने गाजीपुर जिले से गिरफ्तार किया।

इस गिरोह का गाजीपुर पुलिस ने 14 जनवरी 2023 को पर्दाफाश किया था। कोतवाली पुलिस ने गिरोह के आधा दर्जन सदस्यों को गिरफ्तार किया था। जिन्होंने पूछताछ में जानकारी दी थी कि उनके गिरोह का सरगना गया, बिहार निवासी बबलू बिंद है। जो गया में जाली भारतीय मुद्रा को छापकर पूर्वांचल के अलग-अलग जिलों सहित पूरे देश में तस्करी के माध्यम से पहुंचाता है। मुकदमा पंजीकृत होने के उपरांत से ही बबलू बिंद उर्फ बाबिल फरार था। जो कि लगातार अपनी जगह बदल-बदल कर रह रहा था। सरगना की गिरफ्तारी पर डीआईजी वाराणसी रेंजन द्वारा 28 अप्रैल को पचास हजार रुपए का ईनाम घोषित किया गया था। उसकी तलाश में उच्चाधिकारियों के निर्देश पर एटीएस की वाराणसी यूनिट को भी लगाया गया था। जो सरगर्मी पूर्वक उसकी तलाश कर रही थी। गुरुवार को गाजीपुर जनपद के जमनिया थाना क्षेत्र से वाराणसी फील्ड इकाई द्वारा अभियुक्त बबलू उर्फ बाबिल बिन्द को गिरफ्तार किया गया।

बबलू बिन्द एक शातिर एवं अभ्यस्त तस्कर है, जो लगातार इस प्रकार के अपराधों में संलिप्त रहकर तस्करी का कार्य कर रहा था एवं पूर्व में हत्या, चोरी, मारपीट, गैंगस्टर सहित अनेक अपराधों में जेल जा चुका है। इस गिरोह के अन्य सदस्यों पर शीघ्र ही कार्रवाई की जाएगी।

प्रभावी पैरवी कर अपराधियों को कम से कम समय में दिलाई जाए सजाः संजय प्रसाद

● प्रमुख सचिव गृह ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए की यूपी की कानून-व्यवस्था की समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के क्रम में प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने योजना भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश की कानून-व्यवस्था की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने शासन, जोन, रेंज, कमिश्नरेट व जनपद स्तर के पुलिस अधिकारियों को मुख्यमंत्री के निर्देशों से अवगत कराते हुए कहा कि राज्य सरकार अपराध व अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्य कर रही है। प्रभावी जनसुनवाई, महिला सुरक्षा, अवैध खनन, अतिक्रमण, टैक्सी स्टैंड इत्यादि के सम्बन्ध में प्रदेशव्यापी अभियान संचालित किए जा रहे हैं। जीएसटी चोरी, गो-तस्करी, मादक पदार्थों की तस्करी व अन्य संगठित अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

प्रमुख सचिव गृह ने निर्देश देते हुए कहा कि अपराध की सूचनाओं के सम्बन्ध में इंटरस्टेट इंटेलिजेंस ग्रुप को सक्रिय रखते हुए कार्रवाई सम्पन्न की जाएं। जघन्य अपराधों में संलिप्त अपराधियों की कोर्ट में प्रभावी पैरवी कराते हुए कम से कम समय में उन्हें सजा दिलायी जाए। पीड़ित को न्याय दिलाना हमारा लक्ष्य होना चाहिए। प्रमुख सचिव गृह ने कहा कि सभी जेलों में जेल मैनुअल का कड़ाई से पालन हो। बस अड्डों, रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट्स सहित सभी महत्वपूर्ण संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाए। किसी भी दशा में अवैध टैक्सी स्टैंड-बस स्टैंड संचालित न हों। वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा उसका कड़ाई से पालन कराया जाए। जनपद, रेंज व जोन स्तर के सभी पुलिस अधिकारी अपने कार्यक्षेत्र में ही रात्रि निवास करें तथा अपने कार्यालय के टेलीफोन एवं मोबाइल फोन को ऐक्टिव रखें। अधिकारी अवकाश के दिन को छोड़कर कैम्प कार्यालय से कार्य न करें तथा क्षेत्र में फुट पेट्रोलिंग नियमित रूप से करें।

जिला प्रशासन की अनुमति से ही जुलूस व अन्य यात्राएं सम्पन्न हों। जिला स्तरीय समन्वय समिति आगामी पर्व एवं त्योहारों के दृष्टिगत सभी धर्मस्थलों पर साफ-सफाई, पेयजल व सुरक्षा की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। किसी भी सार्वजनिक स्थल पर पूजा पाठ व अन्य धार्मिक क्रियाएं सम्पन्न न हों। धार्मिक यात्रा मार्गों में ट्रैफिक के समुचित प्रबन्ध किए जाएं। राज्य सरकार शहरों की सुरक्षा व्यवस्था एवं ट्रैफिक व्यवस्था को चाक-चौबन्द बनाने के लिए शहरों को सेफ सिटी के रूप में विकसित कर रही है। जिला प्रशासन सेफ सिटी के सम्बन्ध में सभी आवश्यक कार्रवाई समय से पूरी करें। प्रदेश सरकार राज्य की कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा को मजबूत करने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। इस सम्बन्ध में राज्य सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस बल की आधारभूत सुविधाओं में वृद्धि की गई है। पुलिस बल को सुरक्षा उपकरणों के साथ लॉजिस्टिक्स की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है।

इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक विजय कुमार ने महिला सम्बन्धी अपराधों पर प्राथमिकता के साथ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति के माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन के कार्य किए जा रहे हैं। महिला बीट अधिकारी महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए अपने क्षेत्र की महिलाओं-बालिकाओं से नियमित रूप से संवाद कर उनकी समस्याओं का निराकरण करें। न्यायालय परिसरों की सुरक्षा व्यवस्था, सर्वाच्च न्यायालय, उच्च न्यायालय, गृह मंत्रालय भारत सरकार तथा शासन स्तर के आदेशों के अनुरूप सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर स्पेशल डीजी लॉ एंड ऑर्डर प्रशान्त कुमार सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

महारैली कर सरकार का ध्यान आकर्षित करेगा पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा के प्रान्तीय संयोजकों की एक बैठक पीडब्लूडी परिसर स्थित प्रेरणा सदन में गुरुवार को हुई। बैठक में आगे की रणनीति पर निर्णय हुआ। उत्तर प्रदेश फेडरेशन ऑफ मिनिस्टीरियल सर्विस एसोसिएशन के प्रदेश प्रवक्ता सीपी श्रीवास्तव ने बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि मोर्चा के कार्यक्रम जून के अन्तिम सप्ताह से होकर नवम्बर 2023 तक चलेंगे। इन कार्यक्रमों में पुरानी पेंशन बहाली शंखनाद रैली के साथ-साथ लखनऊ में महारैली कर केन्द्र व प्रदेश सरकार का ध्यान आकर्षित करेंगे। बैठक में प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुशील पांडेय, पंचायती राज ग्रामीण सफाई संघ के प्रदेश अध्यक्ष क्रान्ति सिंह, उप्र राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष राम लाल यादव, उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग मिनिस्टीरियल एसोसिएशन के प्रदेश महामंत्री जेपी पांडेय, यूनिक टीचर्स एम्प्लाइज कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप सरल, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की प्रदेश अध्यक्ष शशि सिंह के साथ ही महाविद्यालय परिषद तथा प्रयोगशाला सहायक संघ सहित कई संगठन के कर्मचारी नेताओं ने भाग लिया।

अब खुद एमओयू करने वाले निवेशकों को खोज रही सरकार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार के झूठे दावों की कलई एक-एक कर खुलती जा रही है। मुख्यमंत्री के अपराधमुक्त प्रदेश के दावों की हवा अदालतों में दिनदहाड़े गोलीकांडों से निकल चुकी है। प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्त है। अपराधी खुलेआम हत्याएं कर रहे हैं। हर तरफ डर का माहौल है। सरकार को अब खुद एमओयू करने वाले निवेशकों को खोजना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में बीती फरवरी में हुए ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट में प्रदेश में 33 लाख करोड़ के निवेश का दावा था। इसी भाजपा सरकार के पिछले कार्यकाल में उत्तर प्रदेश में 4.50 लाख करोड रुपए निवेश के एमओयू का दावा किया गया था लेकिन जमीन पर न कोई उद्योग लगा न किसी को रोजगार मिला। जिन नौजवानों ने नौकरियों की मांग की तो उन्हें भाजपा सरकार ने लाठियों से पिटवाया। हकीकत तो यह है कि इन्वेस्टर्स समिट में पहले तो भाजपा सरकार के दबाव में कुछ निवेशक हां कहकर चले गए लेकिन अब उनका पता नहीं चल रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार प्रदेश में इन्वेस्टमेंट के बड़े-बड़े दावे कर रही है लेकिन अब निवेश को जमीन पर उतारने के लिए अधिकारियों को ढूंढ़ने पर भी निवेशक नहीं मिल रहे हैं। उत्तर प्रदेश में सिर्फ एक जिले गाजियाबाद के आंकड़े ने सरकार के निवेश दावे की हवा निकाल दी है। इन्वेस्टर्स समिट में 28 विभागों के लिए 3328 निवेशकों ने 110484.12 करोड़ रुपए के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए थे लेकिन इनमें से बड़ी संख्या में निवेशक अधिकारियों के सम्पर्क में ही नहीं आ रहे हैं। उदाहरण के तौर पर हथकरघा एवं वस्त्र उद्योग विभाग में 607 एमओयू हुए। उनमें से 400 एमओयू करने वालों से विभाग का सम्पर्क ही नहीं हो पा रहा है। इसी तरह से उद्यान विभाग में 57 एमओयू हुए। उनमें से 26 से विभाग का सम्पर्क नहीं हो पा रहा है।

सपा नेता सीपी राय व बीजेपी के पूर्व विधायक राकेश राठौर समर्थकों सहित कांग्रेस में शामिल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और संस्थापक सदस्य सीपी राय, सीतापुर से 2017 से 2022 तक भाजपा से विधायक रहे राकेश राठौर, भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव सर्वेश शर्मा और प्रदेश के नेता सर्वेश कुशवाहा व उनके भारी संख्या में समर्थकों व सहयोगियों ने गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने कांग्रेस ज्वाइन करने वाले सभी लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि पार्टी से लगातार लोग जुड़ते जा रहे हैं, यही कारवां जनता की लड़ाई भी लड़ेगा और 2024 के लोकसभा चुनाव में जनविरोधी भाजपा को केन्द्र की सत्ता से बाहर करने का काम करेगा।

इस मौके पर प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा करते हुए खाबरी ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार कानून व्यवस्था को संभाल पाने में पूरी तरह विफल साबित हो गई है। प्रदेश में अपराध की बाढ़ आ गई है।

पर्यटन नीति-2022

हॉस्पिटेलिटी सेक्टर में बड़े पैमाने पर छूट देने का प्राविधानः जसवीर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

पर्यटन नीति-2022 में सेवा सेक्टर को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से हेरिटेज पर्यटन इकाइयों को विभिन्न प्रकार की वित्तीय प्रोत्साहन, सब्सिडी एवं छूट के प्राविधान किये गये हैं। इसके तहत पूंजीगत निवेश पर सब्सिडी, ब्याज सब्सिडी, स्टैम्प ड्यूटी से छूट, भू-उपयोग परिवर्तन शुल्क आवश्यक होने पर निशुल्क आबकारी लाइसेंस शुल्क तथा इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएंगी।

प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि पंजीकृत हेरिटेज इकाई के मूल स्वरूप-वाह्य संरचना में बिना बदलाव लाए इकाई के संरक्षण विस्तार, रेनोवेशन तथा रेट्रोफिटिंग आदि के लिए पूंजीगत निवेश के 25 प्रतिशत तथा अधिकतम 5 करोड़ रुपए की सब्सिडी प्रदान की जायेगी। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित होने वाले हेरिटेज होटलों के परिसर में बार लाइसेंस के लिए लाइसेंस शुल्क में 50 प्रतिशत प्रतिपूर्ति किये जाने का प्राविधान किया गया है। इसी प्रकार पर्यटन नीति में पात्र इकाइयों को हेरिटेज इकाई के मूल स्वरूप से छेड़छाड़ किए बिना बदलाव लाये जाने के लिए अधिकतम 5 करोड़ ऋण पर 5 वर्ष तक 5 प्रतिशत तक का ब्याज अनुदान दिया जायेगा। हेरिटेज होटल की स्थापना अथवा विस्तार के लिए एक ही व्यक्ति के स्वामित्व के अधीन कोई भवन और उससे लगी हुई भूमि क्रय की जाती है तो सम्पूर्ण स्टैम्प ड्यूटी पर्यटन विभाग द्वारा सब्सिडी के रूप में दी जाएगी।

जयवीर सिंह ने बताया कि पर्यटन नीति में भू-उपयोग परिवर्तन शुल्क में पर्यटन नीति के तहत हेरिटेज होटल की स्थापना के लिए भू-उपयोग परिवर्तन आवश्यक होने पर परिवर्तन निशुल्क किए जाने का प्राविधान किया गया है। इसके अतिरिक्त राज्य सरकार हेरिटेज होटल तक सर्वऋतु मार्ग तथा अतिक्रमणमुक्त लिंक रोड की व्यवस्था करायी जायेगी। निरंतर विद्युत आपूर्ति हेतु विद्युत सब स्टेशन ट्रांसफार्मर की व्यवस्था की जायेगी तथा आकर्षक संकेतक लगाये जाएंगे।

बीजेपी यूपी के घर-घर तक पहुंचा रही केंद्र सरकार की उपलब्धियां

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

भारतीय जनता पार्टी के महा जनसम्पर्क अभियान से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 9 वर्षों की उपलब्धियां नगर, गांव, मोहल्ले, गली तथा पगडंडियों से होते हुए हर जन-हर घर तक पहुंच रही हैं। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह के सतत समीक्षा व माइक्रो मैनेजमेन्ट से अभियान के तहत आयोजित प्रत्येक कार्यक्रम जनसम्पर्क व जनसंवाद का बड़ा माध्यम बन रहा है। अभियान के तहत आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन समाज के ऐसे प्रबुद्ध नागरिकों के बीच संवाद का माध्यम बना है, जिन्होंने अपने परिश्रम तथा विशिष्ठ कार्यों से समाज को दिशा देने का काम किया है।

पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय राय ने बताया कि प्रदेश के 80 लोकसभा क्षेत्रों में प्रबुद्ध सम्मेलन के माध्यम से साहित्यकार, गीतकार, संगीतकार, चित्रकार, शिल्पकार, लोक कलाकार, खिलाड़ी, सामाजिक, व्यापारिक, शिक्षा, चिकित्सा सहित विभिन्न क्षेत्रों के विशिष्ठ लोगों से मोदी सरकार की योजनाओं को लेकर सम्पर्क व संवाद हो रहा है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व बृजेश पाठक सहित केन्द्रीय मंत्री, केन्द्रीय पदाधिकारी, प्रदेश सरकार के मंत्री, प्रदेश पदाधिकारी तथा पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रबुद्ध जनों के साथ संवाद कर रहे है। राय ने बताया कि प्रबुद्ध सम्मेलन के तहत पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी 9 जून को श्रावस्ती तथा 10 जून को अम्बेडकर नगर लोकसभा क्षेत्र के प्रबुद्ध जनों के साथ संवाद करेंगे। वहीं 10 जून को ही प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक गोरखपुर लोकसभा क्षेत्र के प्रबुद्ध सम्मेलन को सम्बोधित करेगें। जबकि केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर 13 जून को रायबरेली में प्रबुद्धजनों के साथ संवाद करेंगे। केन्द्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल 20 जून को चंदौली संसदीय क्षेत्र के प्रबुद्धजनों के बीच आत्मनिर्भर भारत का संदेश लेकर पहुंचेगें। राय ने बताया कि 9 जून को झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास डुमरियागंज, भाजयुमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या गाजियाबाद, प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सूर्यप्रताप शाही रॉबर्टसगंज, क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येन्द्र सिसौदिया मुरादाबाद, सांसद नीरज शेखर घोषी तथा प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सिंह गौतमबुद्ध नगर लोकसभा क्षेत्र के प्रबुद्ध सम्मेलनों में मोदी सरकार के नौ वर्ष की उपलब्धियों का रिपोर्ट कार्ड लेकर पहुंचेगे।

संजय राय ने बताया कि 10 जून को प्रदेश सरकार के मंत्री अजीत पाल फतेहपुर, प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सिंह लखनऊ व मेरठ, सांसद विवेक ठाकुर मुजफ्फरनगर, विधान परिषद सदस्य उमेश द्विवेदी धौरहरा, जम्मूकश्मीर के पूर्व विधायक देवेन्द्र राणा बुलन्दशहर तथा किसान मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद पाण्डेय बांसगांव संसदीय क्षेत्र के प्रबुद्ध सम्मेलन में मोदी सरकार की उपलब्धियां लेकर पहुंचेगे। महा जनसम्पर्क अभियान के तहत आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलनों में 11 जून को पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह बस्ती, विधान परिषद सदस्य डॉ. रत्नपाल सिंह महराजगंज तथा पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष संतराज यादव कुशीनगर लोकसभा क्षेत्र के प्रबुद्ध सम्मेलन में उपस्थित रहेगें।

सपा का नैमिषारण्य में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आज से

लखनऊ। सामाजिक न्याय तथा जातीय जनगणना की मांग को विस्तार देने तथा सन् 2024 के लोकसभा चुनाव की रणनीति पर विचार कर बूथ, सेक्टर से लेकर जिला स्तर तक के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से 9-10 जून 2023 को समाजवादी पार्टी के लोक जागरण यात्रा अभियान के अन्तर्गत नैमिषारण्य, सीतापुर में जनपदीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन होगा। 9 जून 2023 को प्रातः ध्वजारोहण पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव द्वारा किया जाएगा, तत्पश्चात् पूर्व मंत्री नरेन्द्र वर्मा का स्वागत भाषण होगा। सत्र की शुरुआत प्रोफेसर रामगोपाल यादव के सम्बोधन से होगा। विधायक राम अचल राजभर तथा लालजी वर्मा के अतिरिक्त प्रोफेसर सुधीर पवार प्रथम सत्र को सम्बोधित करेंगे। दूसरे सत्र स्वामी प्रसाद मौर्य, राजीव निगम, जूही सिंह और इन्द्रजीत सरोज के अतिरिक्त मुख्य सम्बोधन राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव का होगा। 10 जून 2023 को समाजवादी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ सांस्कृतिक गीत प्रस्तुत करेगा।

एमओयू को मूर्त रूप देने के लिए निवेशक से बनाएं रखें संवादः सीएस

● मुख्य सचिव की अध्यक्षता में इंवेस्ट यूपी 2.0 की समीक्षा बैठक सम्पन्न

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में इंवेस्ट यूपी 2.0 की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। मुख्य सचिव ने कहा कि आगामी अक्टूबर माह में प्रस्तावित ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) में 10 लाख करोड़ रुपए के एमओयू को धरातल पर उतारने का लक्ष्य रखा गया है। एमओयू को धरातल पर उतराने के लिए प्रत्येक निवेशक से निरंतर संवाद बनाए रखा जाए और उन्हें आवश्यकतानुसार भूमि और समय से एनओसी उपलब्ध करा दी जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि ऐसे एमओयू को यथाशीघ्र चिन्हित कर लिया जाए जो जीबीसी के लिए तैयार हों।उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग निवेशकों के साथ बैठक व वीडियो कॉफ्रेंसिंग कर उनकी समस्याओं का तत्परता से निस्तारण सुनिश्चित कराएं तथा निवेशकों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आनी चाहिए। साथ ही बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने के लिए हर सेक्टर में तेजी से काम किया जाए। बैठक में अपर मुख्य सचिव ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत महेश कुमार गुप्ता, अपर मुख्य सचिव कृषि देवेश चतुर्वेदी, प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा आलोक कुमार, सीईओ इनवेस्ट यूपी अभिषेक प्रकाश सहित सम्बन्धित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

दिया हुआ पैसा न मिलने पर पति ने गला दबाकर की थी हत्या

संवाददाता। सीतापुर

●सदरपुर में महिला की हत्या मामले में पुलिस ने किया खुलासा, बीती 31 मई को घर के बाहर झाड़ियों में मिला था पत्नी का शव

●सदरपुर पुलिस ने सरैंया नहर पुल के पास से आरोपी को किया गिरफ्तार, रामकरन उर्फ बबलू ने पत्नी की हत्या की बात कुबूली, साक्ष्य मिटाने की भी कोशिश की

सीतापुर के सदरपुर थाना क्षेत्र इलाके के पट्टी सरैंया महिपत सिंह गांव में घर के बाहर झाड़ियो में पड़े मिले महिला के शव मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। पुलिस के खुलासे में महिला की हत्या उसके पति द्वारा गला दबाकर की गयी थी जिसके बाद पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की है। दरअसल बीती 31 मई को पट्टी सरैंया महिपत सिंह गांव में 38 वर्षीया जानकी कश्यप पत्नी रामकरन उर्फ बबलू का शव घर के बाहर झाड़ियों में पड़ा मिला था। महिला का शव मिलने के बाद पुलिस का शक पति रामकरन उर्फ बबलू पर था। महिला की पीएम रिपोर्ट आने के बाद महिला की हत्या गला दबाकर होनी सामने आयी जिसके बाद सदरपुर पुलिस ने रामकरन उर्फ बबलू पुत्र स्व. भजन को सरैंया लहरपुर के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस द्वारा पूछताछ किए जाने पर रामकरन ने बताया कि उसका आवास प्रधानमंत्री आवास योजना में स्वीकृत हुआ था, वह और उसकी पत्नी एक भट्ठे पर मजदूरी का काम करते थे। एक कमरे में दरवाजा लगवाने को लेकर आरोपी रामकरन ने अपनी पत्नी से उसके द्वारा दिए गए पासे मांगे गए जिस पर पत्नी जानकी कश्यप ने मना कर दिया जिसके बाद रामकरन ने अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी और साक्ष्य मिटाने का भी प्रयास किया। रामकरन ने बताया कि उसे शक था कि उसकी पत्नी किसी और को पैसा दे रही है। पुलिस ने रामकरन पर पत्नी की हत्या करने पर धारा 302 के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की है। पुलिस ने मौके से मृतका जानकी कश्यप का मोबाइल और एक अदद पायल बरामद की है। अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी एनपी सिंह के पर्यवेक्षण में सीओ महमूदाबाद रविशंकर प्रसाद द्वारा गठित टीम में प्रभारी निरीक्षक महमूदाबाद विजेन्द्र सिंह एसओ सदरपुर अजय कुमार रावत, उप निरीक्षक राजेन्द्र रावत, सुनील कुमार सिंह, आरक्षी अंकित पाल, विपुल कुमार, महेन्द्र कुमार सहित स्वाट टीम के निरीक्षक सत्येन्द्र विक्रम सिंह, हेड कांस्टेबल शिवशंकर व रोहित कुमार, कांस्टेबल अमित, दानवीर, राजू व प्रशांत शेखर ने हत्याभियुक्त रामकरन उर्फ बबलू को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।

ईवीएम बन्द कंटेनर में ईसीआईएल हैदराबाद भेजी जायेंगी

शाहजहांपुर। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एडीएम प्रशासन संजय मिश्रा ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उप्र के निर्देशानुसार ईसीआईएल मेक एम-3 मॉडल (प्री- 2020) की कन्ट्रोल यूनिट की प्री-चेकिंग में रिजेक्टेड पायी गयी कुल 868 कन्ट्रोल यूनिट की ईएमएस के माध्यम से स्कैनिंग इत्यादि के कार्य के लिए गुरूवार को सुबह ईवीएम वेयरहाउस तथा मघई टोला स्थित वीवीपैट वेयरहाउस को राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में उनके के समक्ष खोला गया। उपरोक्त प्रकार की रिजेक्टेड 759 कन्ट्रोल यूनिट की ईवीएम वेयरहाउस के तथा 109 कन्ट्रोल यूनिट की वीवीपैट वेयरहाउस में ईएमएस पर स्कैनिंग आदि का कार्य करके जाने के पश्चात प्रश्नगत कन्ट्रोल यूनिट दिनांक शनिवार को बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी ईवीएम को पर्याप्त सुरक्षा के साथ एक बन्द कन्टेनर में ईसीआईएल हैदराबाद भेजी जायेंगी।

न्यायालय परिसर में सुरक्षा-मानकों की चेकिंग

●पुलिस अधीक्षक ने गुरूवार को चैकिंग कर दी सख्त हिदायत

संवाददाता। शाहजहांपुर

बीते दिवस लखनऊ में कोर्ट में शातिर शूटर संजीव माहेश्वरी की हत्या के बाद जारी हुए अलर्ट के बाद शाहजहांपुर न्यायलय परिसर में सुरक्षा के मानकों की चेकिंग के तहत पुलिस अधीक्षक एस आनंद व अपर पुलिस अधीक्षक नगर ने फोर्स के साथ न्यायलय परिसर की सुरक्षा जायजा लेकर पूरे परिसर की चौकिंग की। इस दौरान कचहरी प्रभारी निरीक्षक चिन्तामणी शर्मा समेत समस्त पुलिस स्टाफ मौजूद मिले। पुलिस अधीक्षक एस आंनद ने बताया कि सुरक्षा की तहत समस्त न्यायालय परिसर का भ्रमण कर न्यायालय परिसर के चारों गेटों पर लगे पुलिस बल को चौक किया गया। कचहरी प्रभारी निरीक्षक चिन्तामणी शर्मा मय समस्त पुलिस स्टाफ मौजूद मिले। न्यायालय परिसर में कुल निरीक्षक-2, उ0नि0- 6, एचसीपी-2, हे0का0-4, आरक्षी 21 है। प्रभारी निरीक्षक चिन्तामणि शर्मा को आदेश दिया गया है कि न्यायालय परिसर में प्रवेश करने वाले प्रत्येक व्यक्ति की नियमानुसार चौकिंग की जाए तथा न्यायालय परिसर में सतर्क नजर रखते रखते हुये सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाएं तथा न्यायालय परिसर में कुल 31 कैमरे लगे हैं जो सुचारु रुप से कार्य कर रहे हैं व चारों गेटों पर 07 डीएफएमडी ध् 07 एचएचएमडी तथा गेट नं0 02 पर लगा बैग स्कैनर भी सही से कार्य कर कर रहा हैं। बार एसोसियेशन मिटिंग हॉल की तरफ अधिवक्तागणों के बैठने के स्थान व रास्तों में कैमरे नहीं लगे है, बार काउंसिल से सम्पर्क कर संभावित स्थानों पर कैमरा लगवाने के लिये कहा गया तथा न्यायालय परिसर में स्थित कैन्टीन में भी कैमरा लगवाने के लिये कैन्टीन ठेकेदार से कहा गया है। अवकाश के दिनों में भी आवश्यकतानुसार पुलिस बल लगाये जाने की हिदायत दी गयी है।

पीएम आवास में लाभार्थियों से अवैध वसूली में प्रधान पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

ब्लॉक नकहा कि ग्राम पंचायत रवंही में प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना के अंतर्गत लाभार्थियों से आवास के नाम पर प्रधान द्वारा अवैध वसूली का मामला संज्ञान में आया है। परियोजना निदेशक के0के0 पान्डेय की जांच आख्या रिपोर्ट में लाभार्थियों से की गई। प्रधान द्वारा वसूली की बात सही पाई गई है। लाभार्थियों के बयान दर्ज किए गए। बयान के आधार पर परियोजना निदेशक के निर्देश पर ग्राम पंचायत अधिकारी जमालुद्दीन ने लाभार्थियों से की गई। अवैध वसूली की शिकायत पर प्रधान पर कोतवाली सदर लखीमपुर में मुकदमा दर्ज कराया है। आलोक कुमार वर्मा बी0डी0ओ नकहा ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रधान व सचिव को अवैध वसूली के मामले में कड़ी फटकार लगाते हुए लाभार्थियों से की गई वसूली के रुपए लाभार्थियो को वापस करने हेतु सचिव को निर्देश दिए हैं। ग्राम पंचायत रवंही ग्राम पंचायत अधिकारी जमालुद्दीन ने कोतवाली सदर में तहरीर देकर देकर बताया कि परियोजना निदेशक द्वारा 20 अप्रैल 2023 को ग्राम पंचायत में स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान लाभार्थी आसमा पत्नी असलम के 20 हजार, पंकज सिंह पुत्र बृजराज से 15 हजार, सीमा देवी पत्नी संतोष से 12 हजार, शिल्पी देवी पत्नी प्रमोद से 10 हजार, पार्वती पत्नी नीरज से 10 हजार, राजेश पुत्र संतराम से 10 हजार, आरती पत्नी नरेंद्र से 10 हजार की अवैध वसूली की बात लाभार्थियों ने कही। परियोजना निदेशक की जांच रिपोर्ट के आधार पर ग्राम पंचायत अधिकारी ने ग्राम प्रधान पर कोतवाली सदर में मुकदमा दर्ज कराया है। हलाकि ग्राम प्रचायत अधिकारी ने अपनी गर्दन को फंसता देख प्रधान पर मुकदमा दर्ज कराया है। इससे पहले भी जमालुद्दीन ग्राम पंचायत अधिकारी विवादों में रह चुके हैं।

पुलिस ने मंदिर के पास दूसरे समुदाय की प्रसाद की दुकानें हटवाईं

●नेशनल हाइवे चौड़ीकरण के दौरान मुस्लिम समुदाय ने एक बीघा जमीन मंदिर को दान की थी

संवाददाता। शाहजहांनपुर

कछियानी खेड़ा मंदिर के पास मुस्लिम समुदाय की कुछ दुकानें हटवा दी गईं थी। करणी सेना के पदाधिकारियों ने साफतौर पर दुकानदारों को चेतावनी दी है कि वह हनुमान मंदिर के बाहर दुकानें नहींम लगने देंगे। दुकानें किसी दूसरे स्थान पर लगाई जाएं। हालांकि कुछ दुकानदारों ने दुकान हटाने में आनाकानी की तो, शिकायत के बाद एसडीएम के आदेश पर पुलिस ने पहुंचकर दुकानें हटवा दीं। बता दें कि, नेशनल हाइवे चौड़ीकरण के दौरान बाधा बनने वाले मंदिर को कुछ फुट पीछे खिसकाया गया था। तब एक मुस्लिम समुदाए के व्यक्ति ने अपनी एक बीघा का खेत दिया था। उसके ऊपर मंदिर को शिफ्ट किया गया है। वहीं पुलिस का कहना है कि, प्रसाद के अलावा कुछ और बेच लें, किसी को कोई आपत्ति नहीं है।

मंदिर को शिफ्ट किया गया था

शाहजहांपुर में तिलहर थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे 24 पर स्थित कछियानी खेड़ा के पास एक हनुमान मंदिर है। नेशनल हाइवे चौड़ीकरण के दौरान मंदिर बीच में आने के कारण मंदिर को करीब 72 फुट पीछे शिफ्ट करने का काम चल रहा है। हाईवे से इतने पीछे शिफ्ट करने पर मंदिर के लिए जमीन नही मिल पा रही थी। तब आपसी सौहार्द बनाए रखने के लिए मुस्लिम समुदाय के बाबू अली ने मंदिर को शिफ्ट करने के लिए अपनी एक बीघा का खेत दिया था। तब उस जमीन पर मंदिर को शिफ्ट किया गया था।

दुकानदारों ने आनाकानी की

उसके बाद तमाम हिंदूवादी संगठनों के अलावा तमाम राजनीतिक लोगों ने उनकी इस पहल का स्वागत किया था। हनुमान मंदिर के बाहर हर मंगलवार को मेला होता है। जिसमें तमाम लोग प्रसाद से लेकर खिलौने की दुकानें लगाते हैं। मंगलवार को छह मुस्लिम समुदाय के युवकों ने मंदिर के बाहर प्रसाद की दुकाने लगाई थीं। मेले में आने वाले कुछ लोगों ने मुस्लिम समुदाय की दुकानों पर एतराज किया था। दुकानदारों ने दुकान हटाने के लिए कहा तो, दुकानदारों ने आनाकानी की। तभी उन्होंने करणी सेना के पदाधिकारियों को सूचना दे दी थी। पदाधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर दुकाने हटाने के लिए कहा, तब स्थिति ऐसी बन गई कि, पुलिस और प्रशासन को दखल देना पड़ा। एसडीएम के निर्देश पर तिलहर थाने की पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। करणी सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष रनधीर सिंह राठौर ने कहा कि, सूचना मिली थी कि, दूसरे समुदाय के लोग दुकाने लगाकर प्रसाद बेच रहे हैं। ये बहुत गलत हो रहा है। 15 से 16 दुकानें लगाई गई थीं। उनको तत्काल प्रभाव से हटवा दिया गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। करणी सेना के पदाधिकारियों से बातचीत की गई तो, उन्होंने साफतौर पर दुकाने हटाने मांग रख दी। इसके बाद पुलिस ने दुकानदारों को हटने का फरमान सुना दिया। थाना प्रभारी ने कहा कि, सूचना के बाद पुलिस बल मौके पर गया था। मंदिर के पुजारी से बातचीत हुई थी। उन्होंने कहा था कि, प्रसाद न बेचकर कुछ और बेच लें, उस पर किसी को कोई एतराज नहीं होगा।

क्विक न्यूज

सीतापुर गौरव' की उपाधि से पत्रकार पंकज सिंह गौर सम्मानित

सीतापुर। पत्रकारिता व समाज सेवा में सराहनीय योगदान से जिले का मान सम्मान बढ़ाने वाले डॉक्टर पंकज सिंह गौर को अन्नपूर्णा सेवा संस्थान सीतापुर ने 'सीतापुर गौरव' की उपाधि देकर सम्मानित किया। ज्ञात हो कि पिछले दिनों हमारे जिले की नामचीन हस्ती तथा उत्कृष्ट व सरल स्वभाव के हर दिल अजीज पत्रकार आई इंडिया के चीफ एडिटर पंकज सिंह गौर को नई दिल्ली में सुकरात सोशल रिसर्च यूनिवर्सिटी नई दिल्ली के द्वारा डॉक्टरेट की मानद उपाधि देकर सम्मानित किया गया है। यह उपाधि उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति आरके अग्रवाल, हिमाचल प्रदेश के डीजीपी संजय कुट्टू, सुकरात सोशल रिसर्च यूनिवर्सिटी के वीसी आशीष गुप्ता, ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति डॉक्टर महरूफ मिर्जा आदि विशिष्ट जनों के द्वारा दी गयी थी। यह उपलब्धि हासिल करके पंकज सिंह गौर ने सीतापुर का नाम दिल्ली सहित पूरे भारत में रोशन किया है। इस अवसर पर अन्नपूर्णा सेवा संस्थान अध्यक्ष नवीन द्विवेदी, यासीन इब्ने उमर, महफूज रहमानी, राम किशोर श्रीवास्तव, तथा नफीस सीतापुरी आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर अन्नपूर्णा साहित्य संगम के वरिष्ठ उपाध्यक्ष महफूज रहमानी का काव्य संग्रह बिसात खाना भी उन्हें भेंट किया गया। श्री गौर ने संस्थान परिवार को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए संस्थान संस्थापक अनिल द्विवेदी जी को याद किया, तथा उन्हें सीतापुर के लोगों के लिए प्रेरक प्रेरणा स्रोत बताया।

जीआरपी सिपाही पर लगाया चोरी का आरोप

बरेली। जीआरपी सिपाही पर उसके पड़ोस में रहने वाली युवती ने अपने घर मे लगा लोहे का जीना चोरी करने का आरोप लगाया और कहा कि पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई उसने घटना की शिकायत एसएसपी से कर आरोपी के खिलाफकार्रवाई की मांग की ।कोतवाली थाना क्षेत्र में सिविल लाइन माल गोदाम जंक्शन चौकी के पास रहने वाली सोनम खान पुत्री जमील खान ने बताया कि जीआरपीएफथाना इज्जतनगर में तैनात सिपाही अजय कुमार पुत्र विजय कुमार और उसके साथी शोभित कुमार व नाजिर अहमद 3 जून को सुबह लगभग 4रू30 बजे उसका लोहे का जीना चोरी कर लिया। यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई, जिसकी शिकायत उसने कोतवाली पुलिस से की। जिसके बाद जंक्शन चौकी से पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली तो जीना आरोपी के पास पाया गया। लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। जब आरोपी को इस बात का पता लगा तो वह उसके घर आया और उससे गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी तब आज उसने एसएसपी से कार्रवाई की मांग की।

दुर्बल आश्रम की दुकान पर कब्जा करने का प्रयास

लखीमपुर-खीरी। लखीमपुर के स्थित दुर्बल आश्रम के नाम से जाना जाता है। दुर्बल आश्रम के संस्थापक श्री श्री 108 चंद्रिका प्रसाद अवस्थी उर्फदुर्बल जी महाराज ने लगभग 40 वर्ष पहले। स्थापना की थी। दुर्बल आश्रम में राधा कृष्ण जी हनुमान जी शिव परिवार के मंदिर का निर्माण करवाया गया। अपने जीवन काल में में ही पूरे वर्ष में कार्तिक पूर्णिमा गुरु पूर्णिमा में विशाल भंडारे करवाते थे। कृष्ण जन्माष्टमी रामनवमी दुर्गाष्टमी तथा प्रभात फेरिया का कार्यक्रम तथा शरद पूर्णिमा ही मनाया जाता है। दुर्बल आश्रम के संस्थापक श्री श्री 108 श्री चंद्रिका प्रसाद अवस्थी उर्फ दुर्बल दास जी महाराज वर्ष 1994 ईश्वर में विलीन हो गए। अपने जीवन काल में ही दुर्बल आश्रम के अपना उत्तराधिकारी और गधी धर स्वर्ण जीत सिंह उर्फदुर्बल दास को नियुक्त कर दिया। स्वर्ण जीत सिंह उर्फदुर्बल दास ने अपने निजी धन से दुकानों का यज्ञशाला का और महाराज जी की समाधि का निर्माण कराया। दुर्बल आश्रम मार्केट में एक दुकान पर अनैतिक रूप से शिव रतन लाल ने कब्जा कर लिया। वाद न्यायालय में दायर है। न्यायालय की अवहेलना करके अपनी का गेट उखाड़ने के लिए से उसको खोज रहे। मिश्राना चौकी पर खबर देने पर वहां के आए पुलिसकर्मी की सहायता से उसको उखाड़ नहीं पाए। पुनः उसको उसी तरह बना दिया।

न्यायालय परिसर में बढ़ाई गई सुरक्षा

बरेली। लखनऊ में मुकदमे की तारीख पर न्यायालय पहुंचे अपराधी की गोली मारकर हत्या के बाद बरेली न्यायालय परिसर में भी सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी गई जिसके चलते न्यायालय परिसर में पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बल तैनात कर दिया गया इसके बाद अब बिना जांच के कोई भी न्यायालय परिसर में नहीं जा सकेगा ।ज्ञात हो कि लखनऊ न्यायालय परिसर में मुख्तार अंसारी के शूटर संजीव जीवा की गोली मारकर हत्या के बाद राज्य की सभी कोर्ट-कचहरियों में अलर्ट जारी किया गया है। डीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने इस संबंध में आदेश जारी कर सभी पुलिस अधीक्षकों को कहा है कि प्रदेश के सभी कोर्ट परिसर की सुरक्षा बढ़ा दी जाए।जिसके बाद बरेली में भी न्यायालय परिसर में सुरक्षा व्यवस्था बड़ा दी गई जिसके चलते बिना किसी कारण न्यायालय परिसर में जाने वालों से पूछताछ की गई । अगर कोई पेशी आदि काम से आ रहा है तो चेकिंग के बाद ही न्यायालय परिसर में जाने की अनुमति दी गई, जिससे परिसर में अनावश्यक रूप से आने जाने वालों की भीड़ भी काफी कम रही ।

बेटे ने बुजुर्ग मां के लाखों रुपये हड़पे

बरेली। बुजुर्ग मां से बेटे और पोते ने सरकारी टेंडर के नाम पर एफडी पर लोन कराकर नौ लाख रुपये हड़प लिए। विरोध पर महिला को घर से निकालने की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी। प्रेमनगर के मॉडल टाउन निवासी रमा धवन ने बताया कि जनवरी में उनका बेटा आकाश धवन अपने बेटे मेहुल धवन उनके पास आया। उसने बताया कि सरकारी टेंडर के लिए उसे 10 लाख रुपये की जरूरत है। गारंटी के साथ जल्द रुपये वापस देने का विश्वास दिलाया। बुजुर्ग महिला ने आकाश और मेहुल को यह कहते हुए मना कर दिया कि यह धनराशि उनके बुढ़ापे के लिए है, लेकिन दोनों लगातार विश्वास दिलाते रहे कि वह दो महीने में पैसे वापस कर देंगे। महिला ने विश्वास करके कुछ बैंक के दस्तावेज पर हस्ताक्षर कर दिए। महिला ने अप्रैल में आकाश और मेहुल से एफडी वापस करने के बारे में पूछा तो वह टालमटोल करने लगे। शक होने पर बुजुर्ग महिला ने बैंक जाकर जानकारी ली तो पता चला कि बैंक ने महिला की एफडीआर पर नौ लाख रुपये का लोन स्वीकृत किया था, जो बैंक ने महिला के खाते में दो जनवरी को रुपये जमा करा दिए थे।

चिकित्सकों ने मोटा अनाज के प्रयोग की दी सलाह

शाहजहांपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिलहर पर अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स (मोटा अनाज)के उपलक्ष्य पर वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज बंथरा में सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चिकित्सकों ने उपस्थित लोगों को मोटे अनाज के प्रति जागरूक कर उसके लाभ के बारे में बताया। सेमिनार में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आरके गौतम ने उपस्थित चिकित्साधिकारियों सीएचओ, एएनएम और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी लोगों अपने खाने में मोटे अनाज का प्रयोग करेंगे तो हमें खाने में विभिन्न प्रकार के पोषक तत्वों की पूर्ति होगी, हम अनेकों प्रकार की बीमारियों से बच सकते हैं। इसलिए हम सभी लोग आम जनमानस को इसके फायदे के बारे में बताए तथा लोगों को जागरूक करें। डॉ राकेश आर्या (प्रोफेसर कम्युनिटी मेडिसिन) वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज ने संबोधित करते हुए मोटे अनाज जैसे ज्वार,बाजरा,रागी, काकुन , कोदो, सानवा,शवान आदि के स्वास्थ्य के लाभ के बारे में बताया जैसे मोटे अनाज के खाने के फायदे के बारे में बताया कि मोटा अनाज मधुमेह में लाभदायक कोशिका निर्माण करने में सहायक है और कोलेस्ट्रॉल को कम करता है। इसके खाने से ब्लड प्रेशर को कंट्रोल में रहता है और वजन नहीं बढ़ता है ।

मास्टर माइन्ड सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

●सीतापुर में रिवाल्वर लूट की घटना का पुलिस ने किया खुलासा, महज 24 घंटे में कोतवाली और स्वाट टीम ने हासिल की सफलता

संवाददाता। सीतापुर

यूपी के सीतापुर जनपद के मुख्य चौराहे के समीप पुलिस चौकी के बगल शराब की दुकान में शराब पीने के दौरान महज 20-22 साल की उम्र के 4 नवयुवकों ने रिवाल्वर लूटने का प्लान कर घटना को अंजाम दे डाला। इतना ही नहीं अपने अपराध को छिपाने के लिए आपस में इंस्टाग्राम पर चैटिंग कर कुछ दिनों के लिए शहर छोड़ देने का भी प्रोग्राम बना लिया। घटना की भनक पुलिस को तो नहीं ही लग सकी, पीड़ित ने भी पुलिस को दो दिन तक जानकारी नहीं दी। पीड़ित ने जब पुलिस को रिवाल्वर लूटे जाने की सूचना दी तो पुलिस के पैरों तले जमीन घिसक गई। आनन-फानन पुलिस ने घटना के खुलासे के लिए जाल बिछाया, शराब की दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज को जब खंगाला तो रिवाल्वर लूटने वाले दो नवयुवकों की पहचान हो गई, जिनके जरिए पुलिस रिवाल्वर लूटने वाले लूटेरों तक न सिर्फ पहुंच गई, बल्कि लूटे रिवाल्वर को बरामद भी कर लिया। लूट का मास्टर माइन्ड सीतापुर रेलवे कालोनी में तैनात खलासी का बेटा है। पुलिस ने तीन लुटेरों को तो पकड़ लिया है जबकि एक अभी तक फरार है। घटना 4 जून की बताई जा रही है। शहर कोतवाली इलाके के लालबाग चौराहे पर तामनसेनगंज पुलिस चौकी के बगल स्थित अंग्रेजी की शराब की मॉडल शॉप है। जहां पर शराब पीने के लिए शहर कोतवाली के सिविल लाइन्स के अन्तर्गत चर्च रोड निवासी अजय कुमार दीक्षित गए थे वहीं पर पहले से मौजूद चार नवयुवको ने अजय कुमार दीक्षित की लाइसेंसी रिवाल्वर को लूटने का प्लान बनकर उसे अंजाम दे दिया। पुलिस के अनुसार शराब पीने के दौरान अजय कुमार दीक्षित और चारों नवयुवकों में करीबी बन गई जिसके बाद नव युवकों ने क्रिकेट खेलने जाने की बात कहते हुए कार से लालबाग पार्क छोड़ देने की बात कही। पुलिस के अनुसार लालबाग पहुंचने पर चारों नवयुवकों ने अजय कुमार दीक्षित की रिवाल्वर लूट ली और फरार हो गए। पुलिस के मुताबिक अजय कुमार ने शराब पी रखी थी उसे डर था कि अगर वह घटना की जानकारी पुलिस को देता है तो उसकी रिवाल्वर का लाइसेंस ही न निरस्त हो जाए। इसलिए दो दिन बात 6 जून को घटना की जानकारी जैसी ही पुलिस को दी पुलिस के होश उड़ गए। आनन फानन एसपी घुले सुशीलचन्द्र भान ने खुलासे के लिए शहर कोतवाली पुलिस के अलावा स्वाट टीम को लगाया और 24 घंटे के अन्दर ही घटना का खुलासा कर दिया। क्योंकि लुटेरों के नाम और पते पीड़ित नही बता पा रहा था। सीसीटीवी के जरिए लुटेरों की पहचान मूल रूप से बरेली निवासी और हाल पता सीतापुर रेलवे कॉलोनी मोहित सिंह पुत्र स्व. कुवंर सिंह, तामसेनगंज के गुरूद्वारा रोड निवासी आदर्श शुक्ला पुत्र महेश चन्द्र शुक्ला और आलमनगर जामा मस्जिद के समीप रहने वाले साहिल उर्फ गोलू पुत्र मनोज सिंह उर्फ प्रिंस प्रजापति के रूप में हुई। इस घटना का मास्टर माइन्ड रेलवे कॉलोनी निवासी मोहित सिंह बताया जाताहै जिसकी निशानदेही पर पुलिस ने जमीन के नीचे गाड़ रखी गई लूटी गई रिवाल्वर मय कारतूस बरामद की ली। इसी के साथ तीनों अभियुक्तों को पकड़कर उनके कब्जे से एक तमन्चा मय कारतूस और तीन मोबाइल फोन बरामद कर लिए। एक अन्य आरोपी सरदार कॉलोनी निवासी फरहान पुलिस की पकड़ से बाहर है। शाहखर्ची और आवारा गर्दी ने इन नवयुवकों को लुटेरा बनाकर जेल पहुचा दिया। इस खुलासे के बारे में सीओ सिटी सुशील कुमार सिंह ने जानकारी दी।

भारत के योगाचार्य करेंगे श्रीलंका में अन्तर्राष्ट्रीय योग कार्यशाला का आयोजन

गोला गोकर्णनाथ खीरी। काशी योग संस्थान के संचालक अन्तर्राष्ट्रीय योगाचार्य शशिकांत दीक्षित द्वारा श्रीलंका में अन्तर्राष्ट्रीय योग कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है जिसमें कई यूरोपीय देशों के लोग योग सीखेंगे जाने से पहले योगाचार्य के सफल आयोजन के लिए नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू के द्वारा शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, मण्डल अध्यक्ष कुम्भी रविन्द्र कटियार, जिला कार्यसमिति सदस्य उदित प्रताप सिंह, नगर महामंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा प्रवीण डेविड, अनुराग गुप्ता, अविनाश गुप्ता, अमित गुप्ता, गोपी मिश्रा अनेक लोग उपस्थित रहे।

बकरीद और कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं : कोतवाल

संवाददाता। संडीला(हरदोई)

कोतवाली में आयोजित शांति कमेटी की बैठक में प्रभारी निरीक्षक नित्यानंद सिंह ने उपस्थित प्रबुद्ध नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि बकरीद और कांवड़ यात्रा को मिलजुल कर आपसी भाईचारे और प्रेम के साथ मनाएं। कोतवाली प्रांगड़ में आयोजित शांति कमेटी की इस बैठक में सभासद हसन मक्की ने कहा कि बकरीद के त्यौहार के मद्देनजर नगर में सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए। पेय जलापूर्ति और मार्ग प्रकाश की व्यवस्था को सुधारा जाए। उन्होंनें कहा कि कुरबानी के अवसर पर पशुओं के अवशेषों के निस्तारण की नगर पालिका परिषद द्वारा उचित व्यवस्था की जाए। इसके अलावा ईदगाह की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए और रास्ते में क्षतिगृस्त पाइप लाइनों की मरम्मत कराई जाए। इस पर वहां मौजूद अधिशासी अधिकारी विजेता गुप्ता ने आश्वासन दिया कि नगर की तमाम व्यवस्थाएं जिनका संचालन नगर पालिका परिषद द्वारा किया जाता है, उन्हें बेहतर कराने का गंभीर प्रयास किया जाएगा। इसके अलावा कांवड़ यात्रा के दौरान भी सफाई व्यवस्था को सदृण बनाने के निर्देश अधिशासी अधिकारी द्वारा दिए गए। बैठक में नगर पालिका परिषद के कई सभासदगण एवं प्रबुद्ध नागरिक मौजूद रहे।

आवारा पशुओं से किसान परेशान

संवाददाता। मितौली खीरी

तहसील क्षेत्र में आवारा पशुओं की बढ़ती संख्या को लेकर किसान काफी परेशान है। किसानों द्वारा अपनी गाढ़ी कमाई से अपने खेतों मे गन्ने की बुवाई करने के उपरांत आवारा पशुओं द्वारा किसानों की फसल को नष्ट किया जा रहा है। काफी किसानों द्वारा अपने खेतों के चारों तरफ तारबंदी का कार्य कराया गया किंतु आवारा पशु उन तारों को भी नहीं मानते किसानों की फसलों को काफी छति पहुंचा रहे हैं। प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के हित में विकास विभाग की ओर से गौशालाओं का निर्माण कराए जाने के निर्देश दिए गए थे इसी क्रम में ग्राम पंचायत बबौना में नवीन पशु आश्रय केंद्र बनाया गया था, परन्तु पशु आश्रय बनाए जाने के बावजूद कचियानी पुरवा लखीमपुर मैगलगंज मार्ग के समीप शाम होते ही दर्जनों आवारा पशु बैठे दिखाई देंगे, रात होते ही आवारा पशु किसानों के खेतों में पहुंचकर फसलों को चट कर देते हैं। किसानों ने बताया कि आवारा पशुओं को पशु आश्रय केंद्र बबौना में पहुंचवाने हेतु कई बार ब्लाक एवं तहसील के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अवगत कराया गया है परंतु अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। जिससे किसान खासा परेशान है। वहीं विकासखंड मितौली क्षेत्र में जिला पंचायत द्वारा ग्रामपंचायत लल्हौआ में पशु आश्रय केंद्र एवं ग्राम पंचायत तेंदुआ के मजरा लोहागढ़ में पशु आश्रय केंद्र बनाए गए हैं जिनको समय.समय पर विभागीय अधिकारियों द्वारा देखा भी जा रहा है किंतु क्षेत्र के गांवों में सैकड़ों आवारा पशु किसानों के खेतों में फसलों का नुकसान कर रहे हैं। किसान रात दिन जागकर अपनी फसलों को बचाने को मजबूर हैं। अभी हाल ही में क्षेत्र के कुछ स्थानों के किसानों को आवारा सांड द्वारा दो व्यक्तियों को जान से मार दिया गया था ग्राम पंचायत कल्लिया रामपुर में बीडीओ मितौली द्वारा क्षेत्रीय कर्मियों की मदद से उक्त सांड को पकड़वा कर जंगल में छुड़वाया गया किंतु इसी प्रकार विकासखंड मितौली क्षेत्र के ग्रामों में सैकड़ों की संख्या में घूम रहे आवारा पशु किसानों की फसलों को बेतहाशा छति पहुंचा रहे हैं।

हाउसकीपिंग की जगह साफ कराया शौचालय, नहीं दिया वेतन

संवाददाता। बरेली

युवक को 90 हजार रुपए लेकर ओमान की राजधानी मस्कट भेजा। यहां उससे शौचालय की सफाई कराई गई। किसी तरह वह वह वापस घर लौटा। उसने 6 माह का वेतन मांगा तो आरोपी ने देने से साफ इंकार कर दिया। एडीजी के निर्देश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। कोतवाली के बाग अहमद अली का तालाब निवासी तबस्सुम ने अपने रिश्तेदारों से रुपये उधार लेकर अपने बेटे कुनाल को विदेश भेजने के लिए सैलानी निवासी मोहम्मद जफर से संपर्क किया। जफर ने कहा, उसने बहुत से लोगों को विदेश में अच्छा काम दिलवाया है। उनकी प्रतिमाह वेतन 30-30 हजार रुपये है। महिला आरोपी की बातों में आ गई। सितंबर 2022 में जफर के बैंक खाते में 70 हजार ट्रांसफर किए और 20 हजार नगद दिए। इसके बाद जफर ने महिला से कहा कि तुम्हारे बेटे को ओमान की राजधानी मस्कट में फाइव स्टार होटल में हाउस कीपिंग की दो साल की नौकरी मिलेगी। वेतन 22 हजार रुपये होगा। महिला ने अपने पुत्र कुनाल को हाउस कीपिंग की नौकरी के लिए भेजा था लेकिन उसे हाउस कीपिंग की नौकरी नहीं मिली, बल्कि उससे ओमान के जुमैरा होटल में शौचालय साफ कराया जाने लगा। यह बात कुनाल ने मां से कहीं तो महिला ने जफर से कहा कि उसने उनके बेटे को हाउसकीपिंग की नौकरी पर ओमान भेजा था वह तो ओमान में सफाई कर रहा है। जिस पर जफर ने महिला को दोबारा बातों में फंसा दिया, कहा कि वह दूसरी जगह लगवा दे

विकास कार्यों की धीमी प्रगति पर डीएम का कड़ा रुख, लगाई फटकार

● लापरवाह कार्यदायी संस्थाओं पर पेनाल्टी लगाने के दिये निर्देश

संवाददाता। चित्रकूट

जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में 50 लाख से अधिक लागत के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट के सभागार में संपन्न हुई। बैठक में अंतराज्यीय /अंतरराष्ट्रीय सीमा पर गेट निर्माण, बरगढ़ क्षेत्र में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, नवीन थाना सरधुवा के अनावासीय भवन का निर्माण, विकास भवन, पुलिस लाइन में ट्रांजिस्ट हॉस्टल, राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज मानिकपुर, ड्रग वेयरहाउस , नगर पंचायत भवन मऊ, तुलसी स्मारक वाटिका का निर्माण, राजकीय आईटीआई मानिकपुर में वर्क शाप क्लास रूम का निर्माण, सीतापुर का पर्यटन विकास कार्य, आदि अन्य बहुत से बिंदुओं पर चर्चा हुई। मऊ सराय अकिल मार्ग पर (यमुना नदी) महिला घाट पर बन रहे सेतु के संबंध में कहा कि मानसून से पहले जो कार्य बचा है वह पूर्ण कराएं एवं साथ ही साथ अप्रोच रोड का भी निर्माण कराएं। पुलिस लाइन आवास निर्माण के संबंध में कहा कि जो कार्यदाई संस्था है अगर कार्य नहीं करा रही है तो उसके ऊपर पेनाल्टी लगाएं। महर्षि बाल्मीकि आश्रम की पर्यटन विकास के संबंध में उन्होंने क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी व प्रभागीय बना अधिकारी को निर्देशित किया कि इसमें समन्वय बनाकर कार्य करें। रुर्बन उद्यमिता प्रशिक्षण केंद्र मऊ के संबंध में कहा कि अगर कार्यदाई संस्था कार्य नहीं कर रही है तो इनके खिलाफ कार्रवाई करें।

राजापुर तुलसी स्मारक पर्यटन के विकास कार्य पर उन्होंने यूपीपीसीएल को कार्य की धीमी गति पर कड़ी फटकार लगाई। बैठक में सीडीओ समेत अन्य कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

तहसीलदार और एसडीएम के विरोध में वकील हड़ताल पर

● तीन दिन में मांग पूरी न होने पर होगी अनिश्चित कालीन हड़ताल

संवाददाता। कालपी, जालौन

गुरुवार को अधिवक्ता एसोशियेसन के अध्यक्ष जय किशोर कुलश्रेष्ठ की अध्यक्षता में एक मीटिंग कर तहसील दार और एसडीएम कोर्ट में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुये एक हंगामेदार मीटिंग की गई जिसका संचालन बार महामंत्री एड. राजेश यादव ने किया। अधिवक्ताओं द्वारा बैठक में बात रखी गई कि तहसीलदार और एसडीएम कोर्ट में भ्रष्टाचार व्याप्त है। हालांकि भ्रष्टाचार के बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा नहीं की गई। इसके बाद कुछ अधिवक्ताओं ने कहा कि एसडीएम कोर्ट में बटे की हथबंदी नहीं की जा रही नये पुराने वादों को फीड नहीं किया जा रहा जिससे वादकारियों का अहित हो रहा है। अभिलेखागार में समय से मुआयना नहीं हो पाते हैं। मुआयना के लिए अनुचित पैसे की मांग की जाती है। तहसीलदार कोर्ट में नकले समय से नहीं मिलतीं, दुरुस्तीकरण की रिपोर्ट भी समय से नहीं मिल पाती हथबंदी। की फाईलों में कार्य नहीं हो पा रहा है। अविवादित मामलों में बिना धन लिए वाद स्वीकृत नहीं किये जाते हैं। साक्ष्य के अभाव में वाद खारिज कर दिये जाते हैं।

बरसात में जलभराव हुआ तो होगी कार्रवाईः जिलाधिकारी

● लापरवाही बरतने पर समस्त बीडीओ एवं ईओ को लगाई फटकार

● अधिकारियों को समन्वय स्थापित कर कार्य करने की दी हिदायत

संवाददाता। कानपुर देहात

जिलाधिकारी नेहा जैन की अध्यक्षता में मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में गौशाला में गौवंशो को संरक्षण करने के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया, बैठक में गौवंशों को उपलब्ध कराए जाने हेतु भूसा खरीद हेतु संबंधित खंड विकास अधिकारियों एवं अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा साल भर हेतु भूसा भंडारण अवश्य सभी लोग कर ले, तथा आगे किसी प्रकार की समस्या ना हो तथा इसमें इसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

पशुओं को हारा चारा उपलब्ध हो इसके लिए जिलाधिकारी ने निर्देशित किया था कि चरागाह की भूमि को संरक्षित किया जाये, जिससे पशुओं को हरा चारा उपलब्ध हो सके, परन्तु इस सम्बन्ध में खण्ड विकास अधिकारियों एवं अधिशाषी अधिकारियों द्वारा लापरवाही बरतने के कारण जिलाधिकारी ने उनको कड़ी फटकार लगायी और उनको सख्त हिदायत दी की चरागाह की भूमि को खाली कराकर हरा चारा उगाए जाने का प्रबन्ध किया जाये।

जिलाधिकारी ने उपस्थित पशु चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने अपने क्षेत्र की गौशालाओं का भ्रमण कर गौवंशों का स्वास्थ्य परीक्षण अवश्य किया जाए इसमें लापरवाही ना हो इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। कहा कि आगामी दिनों में बरसात आने वाली है इस हेतु जनपद के समस्त नाला-नाली की सफाई का कार्य पहले से ही पूर्ण कर ले तथा किसी भी विद्यालय, गौशाला आदि स्थलों में पानी का भराव ना हो।

कार्यदायी संस्थाएं अपने कार्यों में लाएं सुधार : डीएम

कानपुर देहात। जिलाधिकारी नेहा जैन द्वारा प्रत्येक जनपद वासी को नल के माध्यम से जल उपलब्ध कराने हेतु जल जीवन मिशन के अंतर्गत शासन की प्राथमिकता की योजना का कार्यदायी संस्थावार समीक्षा की तथा जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा जनपद में विभिन्न कार्य कराये जाने हेतु नामित 4 कार्यदायी संस्थाओं से उनके कार्यो के लक्ष्य एवं अद्यतन प्रगति के सम्बन्ध में मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कलेक्ट्रेट में जानकारी ली गयी। जिसमें कार्यों में सुधार लाने की हिदायत दी गई।

सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय में शासकीय सर्जनों की कार्यशाला का शुभारम्भ

चित्रकूट। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उप्र ने राष्ट्रीय दृष्टि विहिंता एवं दृष्टि दोष नियंत्रण के तहत नेत्र सर्जरी में गुणवत्ता लाने को प्रदेश के 18 मंडलों से लगभग 40 नेत्र सर्जनों को चित्रकूट के सद्गुरू नेत्र चिकित्सालय जानकीकुंड में दो दिवसीय कार्यशाला में शामिल होकर प्रशिक्षण लेने को आदेशित किया है। गुरुवार को दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट के डायरेक्टर/ट्रस्टी डा बीके जैन, उप्र राज्य मेडिकल परामर्शदाता अभय द्विवेदी एवं साइट सेवर के स्टेट प्रोग्राम लीड प्रमोद त्रिपाठी ने परमपूज्य गुरुदेव रणछोड़दास जी महाराज की पूजाकर दीप जलाया। दो दिवसीय कार्यशाला की शुरुआत करते हुए डा जैन ने प्रशिक्षण लेने आए सभी नेत्र सर्जनों से कहा कि नेत्र रोगियों को चाहे सरकारी सेक्टर हो चाहे प्राइवेट सेक्टर हो चाहे एनजीओ हो अकेले बहुत अच्छा काम कोई नही कर सकता। जब ये सब मिलकर एक साथ काम करते है तो बहुत ही अच्छा काम होता है। हर नेत्र सर्जन चाहता है उसका परिणाम सौ फीसदी सही हो, इसी उद्देश्य से सबको काम करना चाहिए। साइट सेवर के प्रोग्राम लीड प्रमोद त्रिपाठी ने कहा कि साइड सेवर उतर प्रदेश सरकार के साथ मिलकर अंधत्व निवारण पर काम कर रहा है।

समस्याओं को लेकर भाकियू ने आंदोलन की बनाई रणनीति

फतेहपुर। भारतीय किसान यूनियन की कार्यकारिणी बैठक में समस्याओं पर चर्चा करते हुए आंदोलन पर रणनीति बनाई गई। बैठक का आयोजन नहर कालोनी के प्रांगण में किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष रामेंद्र सिंह ने की। बैठक में युवा जिलाध्यक्ष शाहिद शेख को सुल्तानपुर घोष थानाध्यक्ष द्वारा नाजायज तरीके से उत्पीड़न किए जाने पर चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि यदि उत्पीड़न बंद नहीं हुआ तो भाकियू खागा सीओ कार्यालय का घेराव करेगी। हस्वा ब्लाक के अचिंतपुर पिटाई, सखियांव, औया, सरांय मोहन सलेमपुर आदि गांवों में व्याप्त पशुओं के आतंक पर चर्चा करते हुए वक्ताओं ने कहा कि सैकड़ो बीघा फसल बर्बाद हो रही है यदि उचित व्यवस्था न की गई तो संगठन ब्लाक परिसर में अनिश्चितकालीन धरना देगा। ग्राम सभा कल्यानपुर कचरौली ग्राम पलवा मजरे सरसौली में सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण हो रहा है। यदि शासन ने कानूनी कार्रवाई न की तो तहसील खागा में 13 जून को पंचायत की जायेगी।

निषादों का स्वतंत्रता आन्दोलन में रहा अहम योगदान : संजय निषाद

● कैबिनेट मंत्री ने कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

संवाददाता। हमीरपुर

मत्स्य विभाग के कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने भाजपा सरकार के साथ साथ निषाद जाति की प्रशंसा करते हुये कहा कि निषादों का स्वतंत्रता आन्दोलन में बहुत योगदान है। अंग्रेजों ने करवल में 167 निषादों को फांसी पर चढ़ा कर हत्या कर दी थी, मगर निषादों ने किसी तरह अंग्रेंजो के सामने हार नही मानी थी। उन्होंने कहा कि आज निषाद पार्टी के बारह विधायक हैं जो इनके उत्थान के लिये विधान सभा में वकालत करते हैं। दल के पास भाड़े के वकील नहीं, अखाड़े के वकील हैं।

निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार के नौ साल बेमिसाल के साथ साथ निषाद पार्टी का काम भी बेमिसाल है। कहा कि निषाद राज बोट सब्सिडी योजना के तहत शासन से दो हजार नावे चालिस फीसदी सब्सिडी पर निषादों को मिलेगी इसके लिये सरकार ने मानक तय कर दिया है। मछुवा क्रेडिट कार्ड में बैंको के असहयोग करने के प्रश्न के जवाब में कहा कि इस मामले की रिपोर्ट आने के बाद संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। नदियों के जल क्षेत्र में सहकारी समितियों के बनाये जाने के मामले में कैबिनेट मंत्री ने कहा कि नये शासनादेश में समिति बनाये जाने की व्यवस्था की गयी है। नदियों के जल प्रदूषित होने पर आने वाले मछलियों के संकट के बारे में कहा कि इस मामले में वह पूरी तरह नजर रखे हुये हैं। शीघ्र ही ई लाइब्रेरी की व्यवस्था की शासन स्तर पर की जायेगी ताकि ग्रामीण क्षेत्र के मछुवा समुदाय के गरीब बच्चे घर बैठे मोवाइल में ही तकनीकी शिक्षा की जानकारी ले सके। प्रदेश में मत्स्य पालक कल्याण कोष योजना में 25 करोड़ रुपये का बजट का प्राविधान किया गया है।

क्विक न्यूज

बड़ी माता मंदिर पुजारी से 25 हजार की रंगदारी मांगी

जालौन, उरई। गांव में बड़ी माता मंदिर परिसर स्थित यज्ञशाला में पुजारी द्वारा लगभग 6 माह से रामायण पाठ कराया जा रहा है। बुधवार की रात गांव के ही दबंग ने पुजारी के साथ अभद्रता करते हुए 25 हजार रुपये गुंडा टैक्स की मांग कर दी। न देने पर रामायण पाठ बंद कराने की धमकी भी दी है। पीड़ित पुजारी ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अमखेड़ा निवासी मनोज बाबा ने पुलिस को बताया कि गांव में बड़ी माता मंदिर परिसर में यज्ञशाला में वह भजन पूजन करते हैं। यज्ञशाला में दिसंबर 2022 से वह अनवरत रामायण का पाठ करा रहे हैं। लेकिन गांव का ही संजय अक्सर व्यवधान करते हैं। पुजारी का आरोप है कि उक्त संजय बुधवार की रात करीब 11 बजे शराब के नशे में यज्ञशाला में आए और उनके साथ गाली, गलौज करते हुए अभद्रता करने लगे। जब उन्होंने रोकने की कोशिश की तो धमकी दी कि सुबह तक 25 हजार रुपये गुंडा टैक्स दो अन्यथा वह रामायण पाठ बंद करा देगा।

सिटी मजिस्ट्रेट के समझाने पर राहुल जैन ने तोड़ा अनशन

फर्रुखाबाद। नगर पालिका के खिलाफ हो रहा आमरण अनशन नगर मजिस्ट्रेट नें आश्वासन के बाद समाप्त करा दिया। जिसके बाद गांधीवादी आंदोलन कर रहे राहुल जैन को जूस पिलाया गया।शहर के टाउन हाल पर फर्रुखाबाद विकास मंच के राहुल जैन बीते तीन दिन से नगर पालिका के ईओ रविन्द्र कुमार व ग्राफिक ठेकेदार अरविन्द पाण्डेय के खिलाफआमरण अनशन कर रहें थे। अनशन के तीसरे दिन नगर मजिस्ट्रेट दीपाली भार्गव व ईओ रविन्द्र कुमार मौके पर पंहुचे और अनशनकारी राहुल की समस्या को सुना और तीन दिन के भीतर न्याय संगत कार्यवाही का भरोसा दिया। जिसके बाद उन्हें जूस पिलाकर आमरण अनशन खत्म करा दिया गया । राहुल जैन नें बताया कि यदि दो दिन में उनकी मांगों का तय समय पर निस्तारण नही होता है तो दोबारा अनशन करेंगे और अन्न जल त्याग देंगे।

पुरानी रंजिश में किसान की नौ वर्ष बाद हत्या

फर्रुखाबाद। किसान का नौ वर्ष बाद पुरानी रंजिश में कर दिया कत्ल खेत में मक्का की फसल की रखवाली करते समय कुल्हाड़ी मार कर वृद्ध किसान की हत्या करने के आरोप में मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दो अन्य आरोपियों की पुलिस को तलाश है। इसमें एक पीडब्ल्यूडी व एक रोडवेज हरदोई में कर्मचारी है। पकड़े गए आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने कुल्हाड़ी बरामद कर ली है। पूछताछ में पता चला कि आरोपी वृद्ध की करीब नौ साल से रंजिश चल रही थी। 27 मई की सुबह पुत्र अमृत कुमार चाय देने के लिए खेत पर गया। वहां पिता नन्हेलाल का शव खून से लहूलुहान पड़ा हुआ था। शमसाबाद थानाध्यक्ष बलराज भाटी मुकदमे की विवेचना कर रहे हैं।

लहचूरा मजार के समीप मिले शव पर थे चोटों के निशान

जालौन, उरई। घर से ससुराल शादी समारोह में जाने की बात कहकर घर से निकले युवक का शव संदिग्ध अवस्था में लहचूरा मजार के पास सड़क किनारे पड़ा मिला। मृतक के शरीर पर चोटों के निशान थे। सूचना मिलने पर सीओ व कोतवाल सहित पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचा व शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। शुक्रवार की सुबह लहचूरा गांव के पास स्थित सैयद वली की मजार के पास एक युवक का शव संदिग्ध अवस्था में सड़क किनारे पड़ा था। वहां से निकल रहे राहगीरों ने जब शव को पड़ा हुआ देखा तो इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। युवक के शरीर पर चोटों के निशान थे। उसके गुप्तांग के पास एक कट लगा था और पीठ पर भी चोटों के निशान थे। सूचना मिलते ही सीओ रविंद्र गौतम, कोतवाल समीर सिंह, एसएसआई आनंद सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। शव की शिनाख्त करने पर चहचान तीतरा खलीलपुर गांव निवासी मिथुन पुत्र काशीराम के रूप में हुई। पुलिस ने परिजनों को सूचना दे शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

पेमेंट बैंक में खाता खुलवाने पर नहीं मिलेगी छात्रवृत्ति

फतेहपुर। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि महाविद्यालयों, इंटर कालेजों एवं हाईस्कूल के प्रधानाचार्य/प्राचार्य छात्रों के खाते राष्ट्रीयकृत बैंको में खोलवायें तथा पेमेन्ट बैंक फिनो पेमेन्ट बैंक, एयरटेल पेमेन्ट बैंक व पेटीएम बैंक में खाते न खोलवायें। छात्रों के आधार नंबर में उक्त बैंक खातों से न कराये अन्यथा वर्ष 23-24 की छात्रवृत्ति छात्रों के खातों में हस्तान्तरित नहीं की जायेगी। इसी प्रकार आय प्रमाण पत्र एक पाठ्यक्रम में एक ही बार लगेगा। चाहे पाठ्यक्रम तीन या चार साल का ही क्यों न हो लेकिन आय प्रमाण पत्र की वैधता प्रथम वर्ष माह जुलाई की प्रथम तिथि की होनी चाहिए। आय प्रमाण पत्र पिता के नाम का मान्य होगा यदि पिता की मृत्यु व माता दोनों की मृत्यु की स्थिति में अभिभावक व विवाहित पुत्री की स्थिति में पति का आय प्रमाण पत्र मान्य होगा।

गुणवत्तापूर्ण तरीके से करायें भवनों का निर्माण कार्यः डीएम

● स्वास्थ्य सेवाओं के ढांचे को बनाया जायेगा सुदृढ़

संवाददाता। फतेहपुर

ईसीआरपी द्वितीय फेज योजना के अंतर्गत भवन विहीन स्वास्थ्य उपकेन्द्रों, ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट व क्रिटिकल केयर ब्लॉक के निर्माण की प्रगति समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी श्रुति की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुरूप कोविड-19 महामारी के दृष्टिगत जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं के ढांचे को सुदृढ़ किये जाने हेतु 39 स्वास्थ्य उपकेन्द्र, 35 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में छह बेड की यूनिट, सात सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में बीस बेड यूनिट, पचास यूनिट बेड के एक सीएचसी का निर्माण/रिनोवेशन 15 वें वित्त आयोग से किया जाना है। इसके लिए नामित कार्यदायी संस्थाएं बनाये गए स्टीमेट/ड्राईंग के अनुसार गुणवत्तापूर्ण चरणबद्ध तरीके से भवनों का निर्माण/रिनोवेशन का कार्य करें। उन्होंने जिले मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि जिन उपकेन्द्रों को बनाने में भूमि संबंधी समस्या आ रही है उनके संबंधित उप जिलाधिकारियों से समंन्वय बनाते हुए समस्या का निराकरण कराते हुए रिपोर्ट से अवगत करायें।

उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य की निरंतर निगरानी बनाये रखें। कार्यदायी संस्थाए समय से अपनी यूसी रिपोर्ट नियमानुसार कार्यवाही पूरी करते हुए भेजें। जिससे शासन स्तर से समय से धनराशि प्राप्त हो सके और निर्माण व रिनोवेशन का कार्य समय से हो सके।

दबंग कर रहा भूमि कर कब्जा, एसपी से गुहार

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र की महिलाओं ने एसपी को शिकायती पत्र देते हुए मोहल्ले के दबंग पर मकान की ज़मीन कब्जाने का आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई है। गुरुवार को महिला कल्याण संस्था के बैनर तले मोहल्ला मसवानी थाना कोतवाली निवासी रेशमा व ज्ञानमती समेत अन्य महिलाओं ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायती पत्र देते हुए दबंग ठेकेदार मुमताज पर मकान की भूमि कब्ज़ा करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की।

रस्तोगी समाज के मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

फतेहपुर। शहर के एक गेस्ट हाउस में समाजसेवी प्रदीप रस्तोगी व नूतन रस्तोगी ने स्वर्गीय रामप्यारी रस्तोगी मेधा सम्मान समारोह का आयोजन किया। मुख्य अतिथि जेल अधीक्षक अकरम खान व विशिष्ट अतिथि मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर डॉ प्रदीप कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया। समाजसेवियों व गणमान्य व्यक्तियों को माल्यार्पण, बैज अलंकृत व शाल भेंटकर सम्मानित किया तत्पश्चात रस्तोगी समाज के 47 मेधावी छात्र/छात्राओं को शील्ड, प्रमाण पत्र, भगवदगीता व अन्यान्य उपहार देकर सम्मानित किया गया जिन्होंने 2023 की परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये। बच्चों द्वारा मनमोहक नृत्य भी प्रस्तुत किये गए।

किशोरी की आत्महत्या का कारण बना शोहदा पुलिस के हत्थे चढ़ा

● आये दिन धमकाने से त्रस्त किशोरी ने आग लगाकर दी थी जान

जालौन, उरई। शोहदे द्वारा बार बार फोन करने व धमकाने से परेशान किशोरी ने तीन दिन पूर्व कैरोसीन डालकर आग लगा ली थी। गंभीर रूप से झुलसी किशोरी की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। किशोरी की बाबा की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। उक्त मामले में पुलिस आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। कोतवाल समीर सिंह को गुरुवार की सुबह सूचना मिली कि आरोपी निक्की चुर्खी रोड पर अक्षदा गार्डन के पास कहीं भागने की फिराक में खड़ा है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे एसआई विपिन कुमार ने आरोपी को पकड़ लिया।

लेखपाल को रौंदने वाला ट्रैक्टर चालक गिरफ्तार

जालौन, उरई। अवैध रूप से हो रहे मिट्टी खनन की सूचना पर मौके पर पहुंचे लेखपाल पर ट्रैक्टर चढ़ाने का प्रयास करने एवं लेखपाल के घायल होने के मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। तहसील क्षेत्र के ग्राम कुतौंदा बुजुर्ग में मिट्टी खनन की शिकायत संपूर्ण समाधान दिवस में की गई थी। जिसकी जांच के लिए क्षेत्रीय लेखपाल हरेंद्र सिंह बुधवार की सुबह करीब 10 ग्राम प्रधान के साथ मिट्टी खनन वाल स्थान पर जांच के लिए गए थे। जहां मिट्टी लेकर जा रहे ट्रैक्टर चालक पवन कुमार ने उन पर ट्रैक्टर चढ़ा देने का प्रयास किया।

पेज एक का शेष

सरकार ने...

बच्चों को पढ़ने से भेजने से पहले कॉलेज तथा ट्रेवल एजेंट की सत्यता को जरूर परख लें। बड़ी संख्या भारतीय छात्र कनाडा से निर्वासन की संभावना के खिलाफ विरोध करते हुए सड़कों पर उतर आए हैं। इन छात्रों का दावा है कि कई साल पहले जब वे कनाडा पहुंचे तो उन्हें अपने प्रवेश पत्रों की जालसाजी की जानकारी नहीं थी। जब उन्होंने स्थायी निवास के लिए आवेदन किया तो इन झूठे पत्रों का खुलासा हुआ, जिसके कारण उनके निर्वासित होने की स्थिति बन गई है। प्रभावित छात्रों की मानसिक स्थिति में भी गिरावट आ रही है। कुछ तो आत्महत्या जैसे कदम उठाने की बात कह रहे हैं। प्रदर्शन कर रहे छात्र लवप्रीत सिंह ने कहा भारत सरकार को कनाडा सरकार से इस मुद्दे को उठाना चाहिए। उसे कनाडा से छात्रों के निर्दोष होने और उनके साथ धोखाधड़ी होने के मुद्दे को प्रमुखता से उठाना चाहिए। यह मुद्दा कनाडा की संसद में भी उठा है, जहां एनडीपी नेता जगमीत सिंह ने प्रधानमंत्री ट्रूडो से कहा कि वह इन छात्रों के निर्वासन को रोकें।

कनाडाई संसदीय...

छात्रों को धोखाधड़ी का शिकार बताते हुए प्रस्ताव रखा। प्रस्ताव में कहा गया है, पहले कदम के तौर पर यह पूरी तरह आवश्यक है। छात्र धोखाधड़ी के शिकार हैं और उन्हें दंडित नहीं किया जाना चाहिए। अखबार ने क्वान के हवाले से लिखा, मैं इनमें से कई छात्रों से मिली हूं जो अब बुरी स्थिति में हैं। उन्होंने पैसा गंवाया और अब इस हालत में फंस गए हैं। इनमें से कुछ के खिलाफ निर्वासन का आदेश है। कुछ के मामले सीबीएसए में लंबित हैं।

लिव इन...

आरी व अन्य हथियार बरामद किया गया है। पुलिस को हॉल में लकड़ी काटने वाली आरी और बेडरूम में प्लास्टिक का एक टुकड़ा मिला। उन्होंने कहा कि रसोई में तीन बाल्टियों में खून, शव के कटे टुकड़े और हड्डियां भी पड़ी थीं। इस घटना को लेकर विपक्षी दल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और राज्य में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच जुबानी जंग छिड़ गई।

रिजर्व बैंक...

प्रतिशत रहने का अनुमान रखा गया था। मौद्रिक नीति समिति की मंगलवार से शुरू हुई तीन दिन की बैठक में लिए गए निर्णय की जानकारी देते हुए आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने बृहस्पतिवार को कहा, एमपीसी ने नीतिगत दर को यथावत रखने का निर्णय किया है। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था और वित्तीय क्षेत्र मजबूत बना हुआ है। उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति चार प्रतिशत के लक्ष्य से ऊपर बनी हुई है। शेष साल में भी इसके लक्ष्य से ऊपर ही रहने का अनुमान है। दास ने कहा, एमपीसी अपने उदार रुख को वापस लेने पर ध्यान केंद्रित करेगी। अप्रैल की पिछली मौद्रिक समीक्षा बैठक में भी रिजर्व बैंक ने रेपो दर में बदलाव नहीं किया था। इससे पहले मुद्रास्फीति को काबू में लाने के लिए रिजर्व बैंक पिछले साल मई से लेकर कुल छह बार में रेपो दर में 2.50 प्रतिशत की वृद्धि कर चुका है। रेपो दर वह ब्याज दर है, जिसपर वाणिज्यिक बैंक अपनी फौरी जरूरतों को पूरा करने के लिए केंद्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं। केंद्रीय बैंक नीतिगत दर के बारे में निर्णय करते समय मुख्य रूप से खुदरा महंगाई दर पर गौर करता है। उसे मुद्रास्फीति दो से छह प्रतिशत के बीच रखने की जिम्मेदारी मिली हुई है।

नाबालिग पहलवान...

सुधारूं। उन्होंने अपनी और अपनी बेटी की बृजभूषण के खिलाफ कड़वाहट का भी स्पष्टीकरण दिया। इसकी शुरूआत लखनऊ में 2022 में एशियाई अंडर 17 चैम्पियनशिप के ट्रायल से हुई जिसमें नाबालिग लड़की फाइनल में हारकर भारतीय टीम में जगह नहीं बना सकी थी। उन्होंने रैफरी के फैसले के लिए बृजभूषण को दोषी ठहराया। उन्होंने कहा, मैं बदले की भावना से भर गया था क्योंकि रैफरी के एक फैसले से मेरी बच्ची की एक साल की मेहनत बेकार हो गई थी। मैने बदला लेने का फैसला किया।

केरल में...

कासरगोड जिले में एक या दो स्थानों पर बारिश होने का अनुमान है। कुरियाकोस ने कहा कि अरब सागर में चक्रवात बिपरजॉय ने भले ही मॉनसून की शुरुआत को प्रभावित किया हो, लेकिन इसकी तीव्रता पर इसका ज्यादा प्रभाव नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा, वास्तव में, आईएमडी ने इस मॉनसून के मौसम में केरल में सामान्य से अधिक बारिश का अनुमान जताया है। उन्होंने कहा कि तटीय इलाकों में पिछले सप्ताह से चेतावनी जारी की गई है कि मछुआरे समुद्र में न जाएं। उधर सामान्य तारीख से सात दिन बाद केरल पहुंचने पर बृहस्पतिवार को उसकी महाराष्ट्र में प्रगति की निगरानी की जा रही है। आईएमडी क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के मुंबई प्रमुख एस.जी. कांबले ने कहा कि महाराष्ट्र में मानसून की शुरुआत की सामान्य तारीख 10 जून और मुंबई में 11 जून है। उन्होंने कहा, मानसून की प्रगति पर नजर रखी जा रही है।

रेल आरक्षण...

था लेकिन लोगों ने विरोध किया था। अब यहां समस्या पेश आ रही तथा उम्मीद है कि सभी वर्गों के यात्री और लाभार्थी इस जरूरत को समझेंगे। हादसे की स्थिति में यूआईडीएआई (आधार) कर्मचारी को रेलवे की राहत टीम, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ आदि के साथ तुरंत मौके पर भेजा जाएगा। बालासोर हादसे में एम्स भुबनेश्वर की मोर्चरी में केवल 40 शवों को रखने की जगह थी , लेकिन शवों की संख्या ज्यादा होने के कारण पांच कोल्ड स्टोरेज शिपिंग कंटनेरों को मंगना पड़ा ऐसे एक शिपिंग कंटेनर में 20 शवों को रखा जा सकता है तथा तापमान माइनस 18 डिग्री रखा जाता है। एम्स के अधिकारियों ने कहा कि अस्पताल ने 73 शवों को उनके रिश्तेदारों को सौंपा दिया है और अब 89 शव कंटनेरों में रखे हैं। अधिकारी ने कहा कि रिश्तेदारों से संपर्क किया गया है यदि उनका डीएनए सैंपल मिला तो शवों को उनके हवाले कर दिया जाएगा।

बंगाल में...

आठ जुलाई को होंगे। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 15 जून है। नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि 20 जून है। राज्य के त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के दौरान, 22 जिला परिषदों की 928 सीटों, 9,730 पंचायत समिति सीटों और 63,229 ग्राम पंचायत सीटों पर चुनाव होंगे। लगभग 5.67 करोड़ लोग चुनाव में मतदान करने के पात्र हैं। त्रिस्तरीय पंचायती राज प्रणाली में ग्राम पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद शामिल हैं। सिन्हा, हालांकि, इस सवाल का सीधा जवाब देने से बचते रहे कि क्या चुनाव केंद्रीय बलों की निगरानी में होंगे, जैसा कि विपक्षी दलों ने मांग की थी। उन्होंने कहा, राज्य के पास निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त पुलिस बल है। हमें राज्य पुलिस पर पूरा भरोसा होना चाहिए। विपक्षी दलों की चिंताओं के बारे में पूछे जाने पर कि 2018 के पंचायत चुनावों की तरह ग्रामीण चुनावों में हिंसा हो सकती है, सिन्हा ने विश्वास जताया कि चुनाव शांतिपूर्ण होंगे। बुधवार को नियुक्त किए गए एसईसी ने जोर देकर कहा, मुझे संदेह क्यों होना चाहिए कि चुनाव शांतिपूर्ण होंगे या नहीं? हमें विश्वास है कि चुनाव शांतिपूर्ण और निष्पक्ष होंगे। प्रदेश में 2018 के ग्रामीण चुनावों में टीएमसी ने 90 प्रतिशत पंचायत सीटों और सभी 22 जिला परिषदों पर जीत हासिल की। हालांकि, इन चुनावों को व्यापक हिंसा और अनाचार से प्रभावित किया गया था, विपक्ष ने आरोप लगाया था कि उन्हें राज्य भर में कई सीटों पर नामांकन दाखिल करने से रोका गया था। सिन्हा ने सर्वदलीय बैठक के बिना चुनावों की तारीख की घोषणा के बारे में पूछे गए एक सवाल को खारिज करते हुए कहा कि ऐसा कोई नियम नहीं है कि सर्वदलीय बैठक के बिना तारीखों की घोषणा नहीं की जा सकती। सत्तारूढ़ टीएमसी ने केंद्रीय बलों को तैनात करने की मांग को अनुचित बताया। टीएमसी प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा, पंचायत चुनाव के लिए तृणमूल कांग्रेस ने कमर कस ली है। विपक्ष को पार्टी का समर्थन देखने को मिलेगा। किसी भी राज्य में केंद्रीय बलों की तैनाती के साथ ग्रामीण चुनाव नहीं कराए जाते हैं। तो बंगाल अपवाद क्यों होना चाहिए? मांग अवास्तविक और तर्कहीन है। नामांकन दाखिल करने के वास्ते समय की कमी की शिकायत करने के लिए विपक्ष का मज़ाक उड़ाते हुए, घोष ने कहा, अग

जेलेंस्की ने बाढ़ प्रभावित इलाके का दौरा किया

● रूस के कब्जे वाले शहर में पांच लोगों की मौत

भाषा। खेरसॉन (यूक्रेन)

यूक्रेन में बांध टूटने से आई बाढ़ के बाद रूस के कब्जे वाले क्षेत्र में पांच लोगों की मौत हुई है। यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद 15 महीनों से अधिक समय में एक बड़े पर्यावरणीय संकट के कारण पहली बार आधिकारिक तौर पर मौतों की पुष्टि हुई है। नोवा कखोव्का शहर के रूस द्वारा नियुक्त मेयर व्लादिमीर लियोन्तीव ने रूसी सरकारी टीवी को बृहस्पतिवार को बताया कि मंगलवार को बांध के टूटने के बाद लापता घोषित किए गए सात स्थानीय लोगों में से पांच की मौत हो गई है। रूस के नियंत्रण वाला यह शहर उस स्थान से पांच किलोमीटर दूर है जहां कखोव्का बांध टूटा है। उन्होंने कहा कि दो अन्य लोगों का पता लगा लिया गया है और उन्हें निकालने की कोशिश की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि नाइपर नदी के पास रूस और यूक्रेन नियंत्रित इलाकों से छह हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा गया है तथा कई शहर और गांव पानी में डूब गए हैं। यह नदी लड़ाई का मोर्चा बनी हुई है। वहीं, राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की बांध के टूटने से हुए नुकसान का मूल्यांकन करने के लिए बृहस्पतिवार को यूक्रेन के नियंत्रण वाले पश्चिम तट पर पहुंचे। यूक्रेन के नेता ने अपने टेलीग्राम अकाउंट पर लिखा कि वह नागरिकों को निकालने के प्रयासों का आकलन करने में मदद कर रहे हैं। उनके दफ्तर ने ऑनलाइन अपडेट में बताया कि सहायता वितरण केंद्र और चिकित्सा शिविर का दौरा करने के बाद ज़ेलेंस्की ने यूक्रेन के अधिकारियों को आदेश दिया कि वे बाढ़ से हुए नुकसान का उचित मूल्यांकन मुहैया कराएं और प्रभावित लोगों को मुआवज़ा देने के लिए एक योजना बनाएं। रूस के कब्जे वाले इलाकों में रूस की ओर से नियुक्त अधिकारियों ने बताया कि तकरीबन दो दर्जन लोगों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है जबकि 4280 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है तथा करीब 14000 इमारतों में पानी भर गया है। क्षेत्रीय गवर्नर ऑलेक्ज़ेंडर प्रोकुदिन ने कहा कि बृहस्पतिवार सुबह क्षेत्र में बाढ़ का स्तर सामान्य से 5.6 मीटर ज्यादा था और क्षेत्र का करीब 600 वर्ग किलोमीटर का हिस्सा पानी में डूबा हुआ है जो रूसी नियंत्रण वाले पूर्वी तट का दो-तिहाई से ज्यादा हिस्सा है। इस बीच फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों ने ट्विटर पर कहा कि बांध को नष्ट करना एक हमला है और अत्याचारी कृत्य है। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि इसके लिए कौन जिम्मेदार है। पेरिस ने कहा कि वह आपदा से विस्थापित हुए लोगों की मदद के लिए सहायता भेज रहा हैं जिसमें जल शोधक, पानी को शुद्ध करने वाली पांच लाख गोलियां और स्वच्छता किट शामिल है। यूक्रेन के अधिकारियों ने रूस पर जानबूझकर बांध को तबाह करने का आरोप लगाया है, क्योंकि यह रूस के बलों वाले इलाके में स्थित था जबकि रूस ने बांध टूटने के लिए यूक्रेन की गोलाबारी को जिम्मेदार ठहराया है।

संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत को क्रीमिया व आतंकवाद के वित्तपोषण पर यूक्रेन के मामले को खारिज करना चाहिए : रूस

द हेग। रूस ने बृहस्पतिवार को संयुक्त राष्ट्र की सर्वोच्च अदालत मे न्यायाधीशो से आग्रह किया कि वे 2014 मे क्रीमिया प्रायद्वीप को देश मे मिलाने और फरवरी 2022 मे यूक्रेन पर हमले से पहले पूर्वी यूक्रेन मे विद्रोहियो को हथियार मुहैया कराने को लेकर उसके खिलाफ लाए गए मामलो को खारिज कर दे। नीदरलैंड मे रूस के राजदूत अलेग्जेंडर शुलगिन ने अंतरराष्ट्रीय न्याय अदालत (आईसीजे) मे न्यायाधीशो को बताया, हम आज आपके सामने यह प्रदर्शित करने के लिए उपस्थित हुए है कि यूक्रेन के आवेदन को खारिज कर दिया जाना चाहिए क्योकि यह बिना किसी कानूनी आधार के है। न ही इसके समर्थन मे कोई तथ्यात्मक प्रमाण है। यूक्रेन के वकीलो ने मंगलवार को सुनवाई शुरू होने पर कहा कि रूस ने 2014 मे शुरू हुए पूर्वी यूक्रेन मे विद्रोहियो द्वारा डराने और आतंक के अभियान को नियंत्रित किया और क्रीमिया के बहुजातीय समुदाय को भेदभावपूर्ण रूसी राष्ट्रवाद से बदलने की मांग की।यूक्रेन ने 2017 मे मामला दायर किया और विश्व अदालत से मास्को को 17 जुलाई, 2014 को मॉस्को समर्थित विद्रोहियो द्वारा नियंत्रित क्षेत्र से दागी गई एक रूसी मिसाइल द्वारा मलेशिया एयरलाइंस की उड़ान एमएच17 को मार गिराने जैसे हमलो और अपराधो के लिए क्षतिपूर्ति का भुगतान करने का आदेश देने के लिए कहा। विमान मे सवार 298 यात्रियो व चालकदल के सदस्यो की मौत हो गई थी। यूक्रेनी सरकार का आरोप है कि रूस ने दो संधियो- आतंकवाद के वित्तपोषण के दमन के लिए अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन और नस्ली भेदभाव के सभी रूपो के उन्मूलन पर अंर्ताष्ट्रीय सम्मेलन- का उल्लंघन किया।आतंकवाद के वित्तपोषण के आरोप को संबोधित करते हुए, रूस का प्रतिनिधित्व करने वाले एक ब्रिटिश वकील माइकल स्वेनस्टन ने कहा कि यूक्रेन की कानूनी टीम यह स्थापित करने मे विफल रही कि पूर्वी यूक्रेन मे मास्को समर्थक विद्रोहियो द्वारा किए गए कार्यो को आतंकवाद माना जा सकता है।सुनवाई अगले सप्ताह समाप्त होने की उम्मीद के बाद, न्यायाधीशो को मामले मे निर्णय लेने मे महीनो लगेगे। अदालत के फैसले अंतिम और कानूनी रूप से बाध्यकारी है।

फ्रांसः चाकू से किए गए हमले में चार बच्चे गंभीर रूप से घायल

भाषा। पेरिस

फ्रांस में आल्प्स क्षेत्र के एक शहर में बृहस्पतिवार को एक हमलावर ने कई बच्चों और वयस्क व्यक्तियों पर चाकू से हमला किया, जिसमें कुछ को जानलेवा चोटें आई हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एनेंसी शहर के एक पार्क में हुई इस घटना की जांच कर रहे अभियोजक ने बताया कि हमले में 22 महीने और तीन साल के बीच की आयु के चार बच्चों को जानलेवा चोटें आई हैं। साथ ही, दो वयस्क व्यक्ति भी घायल हुए हैं। अभियोजक ने कहा कि हमलावर के मकसद का पता नहीं चल पाया है, लेकिन यह आतंकवाद से जुड़ा प्रतीत नहीं होता। अधिकारियों ने बताया कि हमले के सिलसिले में 31 वर्षीय एक सीरियाई व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। प्रधानमंत्री एलिजाबेथ बोर्न ने कहा कि व्यक्ति को स्वीडन में शरणार्थी का दर्जा प्राप्त है। सोशल मीडिया पर प्रसारित घटना के वीडियो में यह देखा जा सकता है कि झील के किनारे स्थित एनेंसी शहर में बच्चों के एक पार्क में यह हमला हुआ।

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given on behalf of Axis Bank Ltd that **Mrs.Madhu Khosla** intends to purchase & mortgage the Plot bearing No. 18. having area measuring 486.25 Sq. Yds, On Road No.13. Situated at Punjabi Hugh Ext. New Delhi. with our client against financial assistance. Whereas Sh. Vinod Datta S/o Sh. O.P. Dana was the owner of above said property by way of Conveyance Deed dt. 1/302.2002, reg. on 13.02.2002 and after his death his legal heirs 1) Sh. Nishant Dana & 2)Sh. Vikrant Data **(as per Surviving Member Certificate)** becomes the joint owners of said property. Now, 1) Sh. Nishant Dana & 2) Sh. Vikrant Dana intends to sell the same to **Mrs. Madhu Khosla.**

If any person (s) having objection with regard to ownership/mortgage of the said property is/are requested to intimate in writing to undersigned within 07 days from the date of issue of this notice at below mentioned address. In the event no information is received within 07 days from date hereof, our Client i.e. **Axis Bank Ltd** will proceed with the mortgage process.

MANOJ YADAV
ADVOCATE
9-13, Diwan Estate,
Dwarka Mor Metro Station,
New Delhi-110059
 # 011-49930937, 9810957163

भारत से 170 सिख जोड़ मेला में लाहौर पहुंचे

लाहौर। पांचवे सिख गुरु अर्जुन देवजी की पुण्यतिथि के अवसर पर जोड़ मेला मे शामिल होने के लिए करीब 170 भारतीय सिख श्रद्धालु बृहस्पतिवार को यहां पहुंचे। इवेक्युएट ट्रस्ट प्रोपर्टी बोर्ड (ईटीपीबी) के अवर सचिव (श्राइन) राणा शाहिद सलीम और पाकिस्तान गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान (अध्यक्ष) आमिर सिंह ने वाघा सीमा पर सिख तीर्थयात्रियों का स्वागत किया। महिलाओं समेत करीब 170 भारतीय सिख गुरुद्वारा पंजा साहिब, हसनबदल मे लगने वाले जोड़ मेला मे शामिल होने के लिए बृहस्पतिवार को वाघा सीमा के रास्ते यहां पहुंचे।

टीटीपी के आतंकवादियों ने तीन की हत्या की

पेशावर। पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत मे प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान के बंदूकधारियो ने बृहस्पतिवार को सुरक्षा बलो पर गोलीबारी की जिसमे दो पुलिसकर्मी और एक बैंक सुरक्षा गार्ड की मौत हो गई। अधिकारियो ने बताया कि स्वात जिले की राजधानी मिंगोरा शहर के एक सब्जी बाजार मे आतंकवादियो ने ड्यूटी पर तैनात दो पुलिस कांस्टेबल की गोली मारकर हत्या कर दी। इस गोलीबारी मे निजी बैंक का एक सुरक्षा गार्ड घायल हो गया, जिसने बाद मे दम तोड़ दिया। प्रतिबंधित आतंकी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी ली है।

पूर्वी कांगो में चरमपंथी विद्रोहियों के हमले में 18 लोगों की मौत

किन्शासा (कांगो)। कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य के इटुरी प्रांत मे चरमपंथी विद्रोहियो ने कई गांवो मे हमले कर कम से कम 18 लोगो की हत्या कर दी। एक मानवाधिकार समूह ने यह जानकारी दी। कन्वेंशन फॉर द रिस्पेक्ट ऑफ ह्यूमन राइट्स समूह के समन्वयक क्रिस्टोफ मुन्यांदेरो ने बताया कि एलाइड डेमोक्रेटिक फोर्सेज (एडीएफ) के लड़ाको ने पिछले सप्ताहांत मे इस्मु क्षेत्र के गांवो मुतुएई, बेकेम्बेले और बुलेसी मे हमले किए। इस दौरान चरमपंथियो ने घरो मे लूटपाट भी की।

गर्मी के अनुसार परिधान

मुंबई। भारत के इवनिंग वियर सोच ने गर्मी सीज़न के लिए शानदार परिधान बनाया है जो आपके स्टाइल कोशेंट को बढ़ाने के लिए तैयार हैं। 50 प्रतिशत तक की आकर्षक छूट के साथ, देश भर के सोच स्टोर्स पर और ऑनलाइन उपलब्ध होंगे। साड़ी, सलवार सूट, कुर्ता, कुर्ता सेट, ड्रेस मटेरियल, ट्यूनिक्स और कपतान इसमें शामिल हैं। कॉटन से लेकर कॉटन सिल्क, सिल्क ब्लेंड और जॉर्जेट तक, सोच गर्मियों से प्रेरित रंगों का एक आकर्षक पैलेट प्रस्तुत करता है जो मौसम के सार को पूरी तरह से कैप्चर करता है। सोच की लगभग 16 वर्षों से देश में रिटेल उपस्थिति है और वर्तमान में ब्रांड के 60 शहरों में 150 से अधिक विशिष्ट स्टोर हैं और एक मजबूत ऑनलाइन उपस्थिति है।

पाकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान ने गैस परियोजना के हस्ताक्षर किए

इस्लामाबाद। पाकिस्तान और तुर्कमेनिस्तान ने बृहस्पतिवार को अरबो डॉलर की तुर्कमेनिस्तान-अफगानिस्तान-पाकिस्तान-भारत (तापी) गैस पाइपलाइन परियोजना को क्रियान्वित करने के लिए एक संयुक्त कार्यान्वयन योजना पर हस्ताक्षर किए।सरकारी प्रसारक रेडियो पाकिस्तान ने बताया कि हस्ताक्षर समारोह मे प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और तुर्कमेनिस्तान के ऊर्जा एवं जल संसाधन मंत्री दलेर जुमा के नेतृत्व मे एक प्रतिनिधिमंडल शामिल हुआ।पेट्रोलियम राज्य मंत्री मुसादिक मलिक और तुर्कमेनिस्तान के राज्य मंत्री और तुर्कमेन गैस के अध्यक्ष मस्कट बाबाएव ने समझौते पर हस्ताक्षर किए।

प्रधानमंत्री मोदी ने सिख समुदाय की मांगों को पूरा करने में अहम भूमिका निभाईः अमेरिकी सिख नेता

भाषा। वाशिंगटन

अमेरिका के एक प्रभावशाली सिख नेता जस्सी सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका के सिख समुदाय की मांगों और इच्छाओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। समुदाय के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए गठित सिख ऑफ अमेरिका संगठन के अध्यक्ष सिंह ने पीटीआई-भाषा से कहा कि इस महीने के अंत में प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका की आधिकारिक राजकीय यात्रा भारत के लिए एक ऐतिहासिक क्षण होगी। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडन के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री मोदी 21 से 24 जून तक अमेरिका की यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान, वह कांग्रेस के संयुक्त सत्र को भी संबोधित करेंगे। सिंह ने कहा, प्रधानमंत्री का आना भारत के लिए एक बड़ा ऐतिहासिक क्षण है। सिंह उन सभी सिख प्रतिनिधिमंडलों का हिस्सा रहे हैं, जिनसे 2015 के बाद से प्रधानमंत्री ने अपनी अमेरिकी यात्रा के दौरान मुलाकात की है। उन्होंने कहा कि सिख प्रतिनिधिमंडलों ने हमेशा मोदी को ज्ञापन सौंपा है और उनकी लगभग सभी इच्छाएं प्रधानमंत्री ने पूरी की हैं। सिंह ने कहा कि इस बार फिर से सिख समुदाय का एक प्रतिनिधिमंडल प्रधानमंत्री से मिलने की योजना बना रहा है, ताकि समुदाय के प्रति उनके योगदान के लिए उनका शुक्रिया अदा किया जा सके। उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, मुझे लगता है कि 2014 में हम पहली बार प्रधानमंत्री मोदी से मिले थे। काफी लंबे समय बाद किसी सिख प्रतिनिधिमंडल ने भारतीय प्रधानमंत्री से मुलाकात की थी। प्रधानमंत्री मोदी का हमारे प्रति बेहद सकारात्मक रवैया था। सिंह ने कहा, वह (मोदी) सिखों की समस्याओं को समझते हैं। वह दक्षिण एशियाई समुदाय के लिए दिल से महसूस करते हैं। यह उनके सिख समुदाय के लोगों से मिलने और उसने बात करने के दौरान महसूस होता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के सिख समुदाय की मांगों और इच्छाओं को पूरा करने में प्रधानमंत्री मोदी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। सिंह ने कहा कि हालिया समय की बात करें तो, किसी अन्य प्रधानमंत्री ने सिख समुदाय के लिए इतना नहीं किया, जितना प्रधानमंत्री मोदी ने किया है। सिंह ने कहा कि वह चाहते हैं कि जब प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन व्हाइट हाउस में मुलाकात करें तो अन्य मुद्दों के साथ-साथ वे भारतीय-अमेरिकियों को प्रभावित करने वाले आव्रजन के मुद्दे पर भी चर्चा करें।

इमरान को संरक्षण के साथ जमानत

● आठ अन्य अर्जियों पर फैसला सुरक्षित

भाषा। इस्लामाबाद

पाकिस्तान के एक उच्च न्यायालय ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को उनके खिलाफ दर्ज एक वरिष्ठ वकील की हत्या के मामले में गिरफ्तारी से संरक्षण के साथ बृहस्पतिवार को जमानत दे दी और आठ अन्य मामलों में उनकी जमानत याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रखा। उच्चतम न्यायालय के वकील अब्दुल रज्जाक शर की हत्या के मामले में खान पर आरोप हैं। वकील की अज्ञात बंदूकधारियों ने छह जून को क्वेटा में गोली मारकर हत्या कर दी थी। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष खान ने इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में एक याचिका दाखिल की थी जहां मुख्य न्यायाधीश आमिर फारूक और न्यायमूर्ति मियांगुल हसन औरंगजेब की खंडपीठ ने मामले में सुनवाई की। शर के बेटे का आरोप है कि उनके पिता की हत्या इमरान खान के इशारे पर की गई क्योंकि वकील ने बलूचिस्तान उच्च न्यायालय में खान के खिलाफ एक मामला दर्ज कराया था। प्रारंभिक दलीलों के बाद पीठ ने दो सप्ताह के संरक्षण के साथ खान को जमानत दे दी। खान की पार्टी के आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर डाले गए एक वीडियो में उनकी काली एसयूवी गाड़ी को उनके निजी सुरक्षा कर्मियों के घेरे में अदालत परिसर में प्रवेश करते हुए देखा जा सकता है। इससे पहले इमरान खान लाहौर से इस्लामाबाद पहुंचे और गत नौ मई को अपनी गिरफ्तारी के बाद हुए हिंसक प्रदर्शनों से जुड़े एक दर्जन से अधिक मामलों और तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में अपनी जमानत याचिकाओं पर सुनवाई के लिए पेश हुए। खान ने शर की हत्या के मामले में जमानत के लिए भी इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल की थी।

राष्ट्रपति मुर्मू ने सर्बियाई राष्ट्रपति से मुलाकात की, द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की

भाषा। बेलग्रेड

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को यहां सर्बियाई राष्ट्रपति अलेक्जेंद्र वुकिक के साथ बातचीत की और कहा कि द्विपक्षीय संबंध आपसी विश्वास, परस्पर समझ और आपसी हित के मुद्दों पर एक दूसरे के समर्थन पर आधारित हैं। सर्बिया की यात्रा करने वाली प्रथम भारतीय राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, हम इस महत्वपूर्ण संबंध में और अधिक आकांक्षाओं को समाविष्ट करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। दोनों राष्ट्रपतियों ने शिष्टमंडल स्तर की वार्ता में भारत-सर्बिया द्विपक्षीय संबंध के महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की और साथ ही समान हित के वैश्विक एवं क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की। मुर्मू ने एक प्रेस वक्तव्य में कहा, मेरी आज सुबह राष्ट्रपति वुकिक के साथ सकारात्मक और लाभप्रद बातचीत हुई जिसमें हमारे द्विपक्षीय संबंध के सभी महत्वपूर्ण पहलुओं तथा समान हित के वैश्विक एवं क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि भारत और सर्बिया के संबंध गुट-निरपेक्ष आंदोलन (नैम) के दिनों से विशिष्ट रहे हैं। मुर्मू ने कहा, हमने अपने लंबे समय से चले आ रहे द्विपक्षीय संबंधों, विशेष रूप से व्यापार और निवेश, सूचना और डिजिटल प्रौद्योगिकियों सहित विज्ञान और प्रौद्योगिकी और लोगों से लोगों के बीच संपर्क को और बढ़ावा देने का संकल्प लिया। हम संयुक्त राष्ट्र और अन्य बहुपक्षीय मंचों पर अपने समन्वय और सहयोग को मजबूत करने पर सहमत हुए। राष्ट्रपति ने कहा कि वह किसी यूरोपीय देश की अपनी पहली राजकीय यात्रा पर सर्बिया आकर बहुत प्रसन्न हैं। उन्होंने अपने स्वागत के लिए राष्ट्रपति वुकिक और सर्बिया की जनता का आभार जताया। उन्होंने 2017 में तत्कालीन सर्बियाई प्रधानमंत्री के रूप में राष्ट्रपति वुकिक की भारत यात्रा को याद किया और कहा कि उनकी यात्रा ने हमारे द्विपक्षीय संबंधों के और अधिक विस्तार की रूपरेखा तय की। राष्ट्रपति मुर्मू बुधवार को सूरीनाम से यहां पहुंचीं थीं। हवाई अड्डे पर उनका स्वागत सर्बियाई राष्ट्रपति वुकिक ने किया। यह किसी भारतीय राष्ट्रपति की पहली सर्बिया यात्रा है।

ऑस्ट्रिया में सुरंग में आग लगने के बाद ट्रेन से यात्रियों को निकाला गया

भाषा। बर्लिन

ऑस्ट्रिया में एक सुरंग में आग लगने के बाद उसमें फंसी ट्रेन को निकाल लिया गया है। इस घटना में बचाव कर्मियों ने ट्रेन में सवार 151 यात्रियों को भी सकुशल बाहर निकाल लिया। टाइरोल प्रांत में क्षेत्रीय सरकार ने कहा कि बुधवार शाम को हुई घटना में 33 लोग मामूली रूप से घायल हुए हैं और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। प्रतीत होता है कि इन लोगों की परेशानी का मुख्य कारण धुंआ था जिसकी वजह से उन्हें सांस संबंधी दिक्कत हुई। इससे पहले अधिकारियों ने कहा था कि ट्रेन में 370 से अधिक यात्री सवार थे। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि करीब 370 यात्रियों के साथ रात्रि ट्रेन टाइरोल क्षेत्र में इन्सब्रुक के पूर्व में फ्रिट्जेंस के पास सुरंग में थी, तभी वहां आग लग गई। रेलवे संचालक ओईबीबी ने कहा कि रात आठ बजकर 40 मिनट पर ओवरहेड वायर में खराबी की सूचना मिली थी।

भारत में ऊर्जा परिवर्तन की प्रक्रिया का अध्ययन कर रहा है रॉकफेलर

भाषा। सिंगापुर

रॉकफेलर फाउंडेशन भारत के ऊर्जा परिवर्तन, खासकर तेजी से बदलते नवाचारों और प्रौद्योगिकियों का अध्ययन कर रहा है, जो कम कार्बन उत्सर्जन वाली बिजली प्रणालियों के विकास तथा जीवाश्म ईंधन को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने में मददगार होंगे। फाउंडेशन के एशियाई कार्यालय की उपाध्यक्ष दीपाली खन्ना ने कहा, हम यह समझने की कोशिश कर रहे हैं कि जी20 के दौरान और जी20 के बाद भारत में किन अहम चीजों की जरूरत होगी। वह छह से आठ जून के बीच सिंगापुर में आयोजित इकोस्पिरिटी वीक को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि भारत तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और उन्हें भरोसा है कि भारत 2070 तक नेट-जीरो (शून्य उर्त्सजन) के अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लेगा, लेकिन अभी बहुत कुछ होने की जरूरत है। उन्होंने ऊर्जा संक्रमण पारिस्थितिकी तंत्र के विकास के संदर्भ में कहा, "हम कैसे और कहां तकनीकी मदद मुहैया कर सकते हैं... हम वैश्विक सीख कैसे ले सकते हैं... हम यह देखने के लिए अपनी नजर खुली रख रहे हैं कि नवाचार के तौर पर क्या हो रहा है। काफी कुछ हो रहा है और काफी कुछ होने की जरूरत है। फाउंडेशन अन्य देशों के अलावा इंडोनेशिया, वियतनाम और दक्षिण अफ्रीका में ऊर्जा परिवर्तन कार्यक्रमों पर भी पहले से काम कर रहा है। खन्ना ने भारत में फाउंडेशन की अब तक की सफलता को साझा किया,।

भारतीय मूल के वरिष्ठ मंत्री थर्मन सिंगापुर में राष्ट्रपति चुनाव लड़ेंगे

सिंगापुर। सिंगापुर में भारतीय मूल के एक वरिष्ठ मंत्री थर्मन शनमुगरत्नम ने इस साल होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में भाग लेने के अपने इरादे की बृहस्पतिवार को घोषणा की। थर्मन ने 22 साल बाद सक्रिय राजनीति से अलग हटने का फैसला किया। उन्होंने यह भी कहा कि वह सत्तारूढ़ पीपुल्स एक्शन पार्टी (पीएपी) से इस्तीफा देना चाहते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री ली हिसयन लूंग को सक्रिय राजनीति से दूर होने और सरकार में अपने सभी पदों को छोड़ने और राष्ट्रपति चुनाव में लड़ने के बारे में सूचित किया। संगापुर में राष्ट्रपति चुनाव 13 सितंबर तक कराया जाना अनिर्वाय है।म ंन (66) पहली बार 2001 में जुरोंग ग्रुप रिप्रेजेंटेटिव कांस्टीट्यूएंसी (जुरोंग जीआरसी) में संसद सदस्य चुने गए थे।थर्मन ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर अपने निर्णयों की जानकारी दी है। सलाहकार परिषद के अध्यक्ष और अन्य जिम्मेदारियों को छोड़ देंगे।उन्होंने अपने पत्र में कहा, यह एक कठिन निर्णय रहा है।

PUBLIC NOTICE

To be known to all that I, **RENU GOEL D/O SHRI BHAJAN LAL GUPTA, R/O D-180 PUNDRIK VIHAR, PITAMPURA, NEW DELHI - 110034**, have lost her original property Documents as **Membership Share Certificate, Issued from PUNDRIK CGSH Ltd.** in respect of Property Bearing No. D-180 Block No D Situated in PUNDRIK VIHAR PITAM PURA NEW DELHI 110034, have been logged an NCR Vide LR No: 527504/2023 against this effect has been lodged in Crime Branch Police Station Delhi.
Any persons claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents may write contact with above named person at above address/phone No. 9810855005 within **15 days** from the date of publication of this notice.

कम्पनी (निगमन) नियमावली, 2014

"प्रपत्र सं. आईएनसी– 26"

[कम्पनी (निगमन) नियमावली, 2014 के नियम 30 के अनुसरण में]

कम्पनी का पंजीकृत कार्यालय एक राज्य से अन्य राज्य में स्थानांतरित करने के संबंध में समाचारपत्र में प्रकाशन हेतु विज्ञापन

केन्द्र सरकार
उत्तरी क्षेत्र के समक्ष

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उप–धारा (4) तथा कम्पनी (निगमन) नियमावली, 2014 के नियम 30 के उप–नियम (5) के क्लॉज (क) के विषय में

तथा

पैराडाज कॉन्टैक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के विषय में, जिसका पंजीकृत कार्यालय 10/80, पंजाबी बाग, नई दिल्ली–110026 में स्थित है,

याचिकादाता एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि कम्पनी द्वारा 27–04–2023 को सम्पन्न इसकी असाधारण सामान्य बैठक में पारित विशेष प्रस्ताव के निबंधनों में कम्पनी को इसका पंजीकृत कार्यालय "रा. रा. क्षे. दिल्ली एवं हरियाणा" से "कर्नाटक राज्य" में स्थानांतरित करने हेतु सक्षम बनाने के लिए कम्पनी के संस्था ज्ञापन में संशोधन की पुष्टि हेतु कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के अधीन एक आवेदन, केन्द्र सरकार के समक्ष प्रस्तुत किया जाना प्रस्तावित है।

कोई भी व्यक्ति जिसका हित कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित परिवर्तन से प्रभावित होने की संभावना है, अपने हित के स्वरूप तथा विरोध के आधार के उल्लेखकारी शपथपत्र द्वारा समर्थित अपनी आपत्तियां निवेशक अनुपालन प्रपत्र भरकर एमसीए–21 पोर्टल (www.mca.gov.in) पर सुपुर्द कर सकता है अथवा क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र को बी–2 विंग, द्वितीय तल, पंडित दीन दयाल अंत्योदय भवन, द्वितीय तल, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली–110003 के पते पर इस सूचना के प्रकाशन के चौदह दिन के भीतर सुपुर्द करवा सकता है अथवा पंजीकृत डाक से भेज सकता है, जिसकी एक प्रति आवेदक कम्पनी को नीचे वर्णित पते पर स्थित इसके पंजीकृत कार्यालय भेजी जानी चाहिए :

10/80, पंजाबी बाग,
नई दिल्ली–110026

कृते एवं हिते पैराडाज कॉन्टैक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड
हस्ता./– चंदर प्रकाश क्वात्रा
(निदेशक) डीआईएन : 03033841
तिथि : 09–06–2023
स्थान : दिल्ली

आम सूचना

सर्व साधारण या जिससे संबंधित हो को सूचित किया जाता है कि :
श्री अनिल कुमार जैन सुपुत्र स्व. श्री प्रेम चंद जैन निवासी फ्लैट नं. 53, सी–455, इन्दिरा नगर, तहसील लखनऊ द्वारा एक फ्लैट संख्या एफ–906ए, टावर–एफ, प्रोजेक्ट आर. जी. लग्जरी होम्स स्थित प्लाट नं. – जी. एच. 07ए,सैक्टर–16बी, ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर, यू. पी. में बुक कराया था लेकिन दुर्भाग्यवश श्री अनिल कुमार जैन की दिनांक 24.04.2021 को मृत्यु हो गई है। मृतक श्री अनिल कुमार जैन के दो पुत्र जो मृतक के विधिक प्रतिनिधि है तथा आपसी सहमति से राहुल जैन पुत्र स्व. श्री अनिल कुमार जैन निवासी फ्लैट नं. 53, सी–455, इन्दिरा नगर, लखनऊ, उ. प्र. –226016 ने बतौर स्वर्गवासी श्री अनिल कुमार जैन के उक्त फ्लैट संख्या एफ–906ए, मे अपना नाम दर्ज कराने हेतु राजेश प्रोजेक्ट्स (इंडया) प्रा. लि. के समक्ष आवेदन किया है।
यदि श्री राहुल जैन के अलावा अन्य कोई व्यक्ति मृतक स्व. श्री अनिल कुमार जैन का विधि प्रतिनिधि हो तो वह अपनी आपत्ति आर. जी. लग्जरी होम्स के सेल्स कार्यालय स्थित प्लाट नं. जी. एच. 07ए, सैक्टर–16बी, ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर में लिखित रूप में विज्ञापन प्रकाशित कराने की तिथि से पन्द्रह दिन के अंदर दर्ज करा सकते है अन्यथा की स्थिति में श्री राहुल जैन का नाम बतौर वरिस उक्त फ्लैट संख्या एफ–906ए, आर. जी. लग्जरी होम्स में दर्ज करा दिया जायेगा व नियत तिथि के बाद किसी भी व्यक्ति की कोई आपत्ति स्वीकार नही की जाएगी।
हस्ता./– (मुकेश गुप्ता), ऐडवोकेट
वेवोड लीगल ज्युरिस्ट्स एलएलपी
एडवोकेट एण्ड सोलिसिटर
चैम्बर नं. ई–512, लायर्स चैम्बर्स ब्लाक,
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली
दिनांक : 07.06.2023 **Mobile No. 9650968840**

प्रपत्र सं. 3
[विनियम–15 (1) (क) /16 (3) देखें]
ऋण वसूली न्यायाधिकरण चंडीगढ़ (डीआरटी 2)
प्रथम तल एससीओ 33–34–35, सेक्टर–17 ए, चंडीगढ़ (तृतीय एवं चतुर्थ तल पर भी अतिरिक्त स्पेस आबंटित)

वाद सं. : ओ.ए./231/2023
ईएक्सएच. नंबर : 18087

ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियमावली, 1993 के नियम 5 के उप–नियम (2क) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप–धारा (4) के तहत सम्मन

आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
बनाम
अखंड कीर्ति प्रताप सिंह

सेवा में,
(1) अखंड कीर्ति प्रताप सिंह डी/डब्ल्यू/एस/ओ. – देवेन्द्र सिंह, अखंड कीर्ति प्रताप सिंह पुत्र श्री देवेन्द्र सिंह निवासी फ्लैट नंबर 320, ऑर्चिड आइलैंड, प्रथम तल, निकट आर्टेमिस हॉस्पिटल, सेक्टर–51, गुरूग्राम, हरियाणा–122018, पैन नंबर सीसीआईपीएस8782एच

दूसरा पता :– नंबर 10/1, वानरपेट ऑफीसर्स कालोनी, ऑस्टिन टाउन, बेंगलुरू, कर्नाटक–560047

तीसरा पता :– सी/ओ डेलोइट कंसल्टिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, 5वां तल, बीपीटीपी क्रेस्ट नंबर 15, उद्योग विहार गुरूग्राम, हरियाणा–122015 गुरूग्राम, हरियाणा

अन्य पता :– नंबर 10, 1 वानरपेट ऑफीसर्स कालोनी, ऑस्टिन टाउन, बेंगलुरू, कर्नाटक

अन्य पता :– सी/ओ डेलोइट कंसल्टिंग इंडिया प्राइ

जलाशय मानव जीवन के लिए अमृत धरोहर: अश्विनी चौबे

● आर्द्रभूमि संरक्षण के लिए बच्चों को गोकुल जलाशय का कराया भ्रमण

पायनियर समाचार सेवा। नईदिल्ली

बक्सर में केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने विश्व महासागर दिवस पर स्कूली बच्चों को कराया गोकुल जलाशय का भ्रमण।

बक्सर से सांसद व केंद्रीय राज्यमंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने विश्व महासागर दिवस के अवसर पर बृहस्पतिवार को ब्रह्मपुर विधानसभा के गोकुल जलाशय आर्द्रभूमि के प्रति स्कूली बच्चों में जागरूकता के लिए दल्लूपुरा घाट का भ्रमण कराया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने जलाशय संरक्षण को लेकर शपथ ली। केंद्रीय मंत्रीचौबे ने कहा कि जलाशय मानव जीवन के लिए अमृत धरोहर की तरह है। इसका संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है। खासकर बच्चों में इसके प्रति जागरूकता अति आवश्यक है। जलाशय जीवन रेखा का आधार है। उसे हम सब मिलकर संरक्षित करेंगे।

केंद्रीय मंत्री चौबे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पर्यावरण संरक्षण को लेकर दिए गए मिशन लाइव यानी लाइफ स्टाइल फॉर एनवायरमेंट से सभी को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि दैनिक कार्यों में जागरूक होकर छोटी-छोटी आदतों में सुधार लाकर पर्यावरण को संरक्षित करने में हम सभी अपना बहुमूल्य योगदान दे सकते हैं। जलाशय की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जीव जंतु सहित मानव जीवन के लिए जलाशय का होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बीज का गोला बनाकर बांध किनारे रोपण किया।

नीतीश की ओर से 23 जून को बुलाई गई बैठक में जाऊंगा: शरद पवार

पुणे। राकांपा के प्रमुख शरद पवार ने बृहस्पतिवार को कहा कि 23 जून को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा भारतीय जनता पार्टी के विरोधी दलों की बुलाई गई बैठक में वह हिस्सा लेंगे। पवार ने यहां पत्रकारों से कहा कि इस बैठक के लिए उनके पास बुधवार को नीतीश कुमार ने फोन किया था। राकांपा प्रमुख ने कहा, उन्होंने देश के प्रमुख विपक्षी नेताओं को इस बैठक के लिए बुलाया है और मैं भी जाऊंगा। उन्होंने इस बैठक के लिए निमंत्रण दिया है क्योंकि राष्ट्रीय मुद्दों पर साथ मिलकर काम करने की जरूरत है और इस मकसद में साथ देना हमारी जिम्मेदारी है। सत्तारूढ़ राजद और जदयू ने पटना में संवाददाता सम्मेलन में घोषणा की थी कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल और वाम नेता साथ मिलकर बैठने तथा अगले लोकसभा चुनाव के वास्ते रणनीति तैयार करने पर राजी हो गए है।

धर्म परिवर्तन को बढ़ावा दे रही छत्तीसगढ़ सरकार: गिरिराज

भाषा। जगदलपुर

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली सरकार पर राज्य में धर्म परिवर्तन को बढ़ावा देने का आरोप लगाया और कहा कि यदि भाजपा राज्य में सत्ता में आती है तब इस संबंध में कानून बनाया जाएगा। केंद्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री ने यहां एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यदि सनातन और आदिवासी अपनी पहचान खो देंगे तो लोकतंत्र खतरे में पड़ जाएगा। उन्होंने कहा बघेल सरकार विशेष रूप से बस्तर क्षेत्र में धर्म परिवर्तन को प्रोत्साहित कर रही है। इस सरकार की उलटी गिनती शुरू हो गई है। धर्म परिवर्तन के आधार पर आप (कांग्रेस) सरकार नहीं बना पाएंगे। देश में एक साजिश की जा रही है और बघेल भी इसका एक हिस्सा है।

सिंह ने कहा कि जब भाजपा राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव में सत्ता में आएगी तो धर्म परिवर्तन के खिलाफ एक कानून बनाया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा, सनातन और जनजातियों के बिना भारत की कोई पहचान नहीं है। जिस दिन सनातन और जनजाति अपनी पहचान खो देंगे, उस दिन लोकतंत्र भी खतरे में पड़ जाएगा। इसे बचाना होगा। उन्होंने कहा कि हमें उन सभी का विरोध करना होगा जो भारत के गौरव को नष्ट करना चाहते हैं। मुख्यमंत्री बघेल पर निशाना साधते हुए सिंह ने कहा कि उनकी पार्टी के नेताओं ने उन्हें सूचित किया कि बघेल खुद को काका (चाचा के लिए एक स्थानीय शब्द) कहते हैं, लेकिन काका के रूप में लोगों के कल्याण में काम करने के बजाय वह भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। उन्होंने कहा कि अगर वह वास्तव में काका होते, तब गरीबों को पक्का घर मिलता और जनजातियों को उनका अधिकार मिल जाता। छत्तीसगढ़ में इस वर्ष के अंत में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं।

एनसीपीसीआर ने कथित धर्मांतरण के लिए कुछ गेमिंग मंच के खिलाफ जांच की मांग की

नई दिल्ली। बाल अधिकारों के लिए काम करने वाली शीर्ष संस्था राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने एक नाबालिग लड़के के धर्मांतरण में कथित संलिप्तता का आरोप लगाते हुए इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय से ऑनलाइन गेमिंग मंच फोर्टनाइट और तत्काल संदेश भेजने वाले मंच डिस्कॉर्ड के खिलाफ जांच की मांग की है। एनसीपीसीआर के अध्यक्ष प्रियांक कानूनगो ने इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी सचिव को एक पत्र लिखकर कहा कि एक खबर उनके संज्ञान में आई है जिसमें कहा गया है कि गाजियाबाद में एक मस्जिद की देखरेख करने वाला एक व्यक्ति और मुंबई का एक अन्य व्यक्ति ऑनलाइन गेमिंग मंच फोर्टनाइट के जरिए एक नाबालिग लड़के के धर्मांतरण में शामिल है। एनसीपीसीआर ने आरोप लगाया, नाबालिग लड़के को पहले गेमिंग मंच फोर्टनाइट के जरिए बातचीत करके फुसलाया गया और दूसरे सोशल मीडिया मंच डिस्कॉर्ड के जरिए धर्मांतरण के लिए गुमराह किया गया। आयोग ने फोर्टनाइट और डिस्कॉर्ड के खिलाफ जांच शुरु करने की अपील की है।

मोदी सरकार ने भारत के स्वास्थ्य ढांचे में सुधार किया: अमित शाह

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि पिछले नौ साल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने देश के स्वास्थ्य ढांचे में सुधार कर उसे प्राथमिक से तृतियक स्तर पर पहुंचाया है और गरीबों के लिए पांच लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज सुनिश्चित किया है। शाह ने ट्वीट कर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने एक ऐसा भविष्य पाया है जहां स्वास्थ्य सेवा अब विशेषाधिकार नहीं रह गई है। पिछले नौ साल के कार्यकाल में सभी के लिए स्वास्थ्य के तहत भारत ने अपने स्वास्थ्य ढांचे में सुधार कर उसे प्राथमिक से तृतियक स्तर पर पहुंचाया जबकि गरीबों के लिए पांच लाख रुपए तक का मुफ्त उपचार सुनिश्चित किया गया।

गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने स्वास्थ्य सेवा को सभी की पहुंच में लाने के लिए प्रौद्योगिकी की परिवर्तनकारी शक्ति का उपयोग किया। उन्होंने कहा, चाहे वह कोविड-19 रोधी टीका हो, टेलीमेडिसिन, अस्पताल में पंजीकरण हो या स्वास्थ्य रिकॉर्ड तक पहुंच की बात हो, स्वास्थ्य सेवा अब नागरिकों की उंगलियों पर उपलब्ध है।

स्वास्थ्य सेवा के लिए मोदी सरकार की प्रमुख पहल आयुष्मान भारत योजना को लागू करना है, जिसके तहत पात्र लोगों को प्रति वर्ष प्रति परिवार पांच लाख रुपए का स्वास्थ्य लाभ बीमा उपलब्ध होगा। यह सुनिश्चित करने के लिए कि योजना के लाभ से विशेष रूप से महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग समेत कोई भी वंचित नहीं रह जाए, योजना में परिवार के आकार और आयु पर कोई सीमा नहीं रखी गई है। योजना के तहत अस्पताल में भर्ती होने से पहले और बाद के खर्च भी शामिल हैं और पहले से मौजूद सभी शर्तें बीमा के पहले दिन से कवर की जाती हैं। योजना के तहत, लाभार्थी को अस्पताल में भर्ती होने पर परिवहन भत्ता भी दिया जाता है।

आर्यन खान को क्लीन चिट देना एनसीबी की विशेष जांच टीम का अंतिम मकसद था : समीर वानखेडे

मुंबई। स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के मुंबई जोन के पूर्व निदेशक समीर वानखेडे ने बृहस्पतिवार को बंबई उच्च न्यायालय में कहा कि क्रूज से मादक पदार्थ की जब्ती मामले में बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को क्लीन चिट देना और उनके खिलाफ मौजूद सबूतों को दबाना एनसीबी की विशेष जांच टीम (एसईटी) का अंतिम मकसद था। बंबई उच्च न्यायालय ने सीबीआई की ओर से दर्ज रिश्वत और उगाही के मामले में वानखेडे की गिरफ्तारी पर अंतरिम रोक की अवधि बृहस्पतिवार को 23 जून तक के लिए बढ़ा दी। वानखेडे ने अपने प्रत्युत्तर हलफनामे में दावा किया कि एसईटी ने ईमानदार अधिकारियों के करियर और चरित्र को नुकसान पहुंचाने के लिए तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश किया और झूठे आरोप लगाए।

हलफनामे में यह भी दावा किया गया है कि एसईटी ने कानूनी प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए भौतिक जानकारी और सबूतों को दबाकर आर्यन खान को क्लीन चिट दी। वानखेडे ने रिश्वतखोरी और जबरन वसूली के आरोप में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा उनके खिलाफ दर्ज मामले को रद्द करने के अनुरोध वाली याचिका में प्रत्युत्तर हलफनामा दाखिल किया।

सीबीआई का आरोप है कि वानखेडे और चार अन्य आरोपियों ने कॉर्डेलिया जहाज से मादक पदार्थों की कथित जब्ती मामले में आर्यन खान को आरोपी नहीं बनाने के लिए शाहरुख खान से 25 करोड़ रुपए की रिश्वत की मांग की थी। केंद्रीय जांच एजेंसी ने एनसीबी की ओर से की गई लिखित शिकायत के आधार पर वानखेडे व अन्य के खिलाफ पिछले महीने मामला दर्ज किया था। न्यायमूर्ति ए एस गडकरी और न्यायमूर्ति एस जी दीगे की खंडपीठ ने कहा कि वह सीबीआई की ओर से दर्ज की गई प्राथमिकी को खारिज करने संबंधी वानखेडे की याचिका पर 23 जून को सुनवाई करेगी।

उच्च न्यायालय ने मामले में वानखेडे की गिरफ्तारी पर लगाई गई अंतरिम रोक की अवधि भी 23 जून तक के लिए बढ़ा दी। एनसीबी ने कॉर्डेलिया क्रूज से मादक पदार्थ की बरामदगी मामले में वानखेडे द्वारा की गई कथित अनियमितताओं की जांच के लिए एसईटी का गठन किया था। इस मामले में आर्यन खान को तीन अक्टूबर 2021 को गिरफ्तार किया गया था। हालांकि, आर्यन पर लगे आरोपों को सही साबित करने के लिए पर्याप्त साक्ष्य पेश करने में मादक पदार्थ रोधी एजेंसी के नाकाम रहने पर बंबई उच्च न्यायालय ने उन्हें तीन हफ्ते बाद जमानत दे दी थी। वानखेडे ने आरोप लगाया, एसईटी ने कॉर्डेलिया क्रूज मामले के बारे में संदेह पैदा करने की पूरी कोशिश की, ताकि वह आर्यन खान को क्लीन चिट देने के अपने अंतिम मकसद को पूरा कर सके। उन्होंने प्रत्युत्तर हलफनामे में कहा कि एसईटी की रिपोर्ट पक्षपातपूर्ण थी और इसे सिर्फ वानखेडे से बदला लेने के लिए तैयार किया गया था, क्योंकि एनसीबी के उप महानिदेशक ज्ञानेश्वर सिंह उनके खिलाफ व्यक्तिगत रंजिश रखते थे।

वानखेडे ने दावा किया कि उन्होंने अगस्त 2022 में सिंह के खिलाफ गंभीर जातिगत अत्याचार करने की शिकायत दर्ज कराई थी। क्रूज में मादक पदार्थ की जब्ती के मामले में आर्यन खान के साथ सेल्फी खींचने के एक स्वतंत्र गवाह के कदम का बचाव करते हुए वानखेडे ने हलफनामे में कहा कि आर्यन के सेलेब्रिटी दर्जे के मद्देनजर कई लोग उनके साथ फोटो खिंचवाना चाहते थे। हलफनामे में दावा किया गया है कि गवाह केपी गोसावी ने एनसीबी की अनुमति के बिना आर्यन के साथ सेल्फी ली थी।

क्विक न्यूज

रूस में फंसे यात्रियों को लेकर एअर इंडिया का विमान सैन फ्रांसिस्को पहुंचा

मुंबई, सैन फ्रांसिस्को। एअर इंडिया के विमान में तकनीकी खराबी आने के कारण रूस के मगदान में फंसे यात्रियों को लेकर एक अन्य विमान बृहस्पतिवार को सैन फ्रांसिस्को पहुंच गया। एअर इंडिया के दिल्ली से सैन फ्रांसिस्को के लिए रवाना हुए एक विमान को इंजन में तकनीकी खराबी के कारण मंगलवार को रूस के सुदूर मगदान शहर में आपात स्थिति में उतारना पड़ा था। एअर इंडिया ने एक बयान में कहा, हमारे सभी यात्रियों को निकासी औपचारिकताएं पूरी करने, सहित अन्य आवश्यक मदद मुहैया कराई जा रही है। एअर इंडिया ने विमान में सवार 216 यात्रियों और 16 चालक दल के सदस्यों को उनके मूल गंतव्य सैन फ्रांसिस्को पहुंचाने के लिए एक फेरी विमान भेजा था। एअर इंडिया की उड़ान संख्या एइआई-173 छह जून को दिल्ली से सैन फ्रांसिस्को के लिए रवाना हुई थी, लेकिन बीच हवा में बोइंग-777 विमान के एक इंजन में तकनीकी खराबी आने का पता चला। इसके बाद उसे आपात स्थिति में रूस के मगदान में उतारा गया। एअर इंडिया ने एक बयान में कहा, विमान संख्या एइआई-173डी आठ जून 2023 रात 12 बजकर सात मिनट पर (स्थानीय समयानुसार) सुरक्षित सैन फ्रांसिस्को पहुंच गया।

गुरद्वारे में फिल्माए गए गदर-2 के दृश्य पर आपत्ति जताई

चंडीगढ़। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) ने एक गुरुद्वारे के परिसर में सनी देओल अभिनीत गदर 2 फिल्म के एक दृश्य की शूटिंग किए जाने पर कड़ी आपत्ति जताई है। इस दृश्य के ऑनलाइन क्लिप में सनी देओल और अभिनेत्री अमीषा पटेल हाथ में हाथ डाले एक दूसरे को देख रहे है जबकि गतका के जानकार उनके इर्द-गिर्द अपनी प्रस्तुति दे रहे है। सनी देओल भाजपा सांसद भी है। एसजीपीसी महासचिव गुरचरण सिंह ग्रेवाल ने कहा कि इस फिल्म के नायक और नायिका को गुरुद्वारे में खास मुद्रा में देखा जा सकता है जो आपत्तिजनक है। ग्रेवाल ने एक ट्वीट में कहा, फूलों की पंखुड़ियां (अभिनेता-अभिनेत्री पर) बरसाई जा रही है।

आरएसएस प्रमुख भागवत उदयपुर पहुंचे

उदयपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत बृहस्पतिवार को उदयपुर पहुंचे। तय कार्यक्रम के अनुसार भागवत यहां 8 और 9 जून को 40 वर्ष से अधिक उम्र के स्वयंसेवकों के विशेष द्वितीय वर्ष प्रशिक्षण शिविर में भाग लेंगे। भागवत इससे पहले हिडौन में लग रहे चालीस वर्ष से कम आयु के स्वयंसेवकों के प्रशिक्षण शिविर में थे जहां से वे ट्रेन से उदयपुर पहुंचे। रेलवे स्टेशन पर संघ के स्थानीय पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया जहां से उनका काफिला कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच विद्या निकेतन स्कूल के लिए रवाना हुआ। आरएसएस के एक पदाधिकारी के मुताबिक, वह शुक्रवार को भी उदयपुर में रहेंगे।

सैकड़ों सर्जरी करने वाले 41 वर्षीय हृदय रोग विशेषज्ञ की दिल का दौरा पड़ने से मौत

गुजरात। गुजरात के जामनगर शहर के जाने-माने हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. गौरव गांधी का यहां उनके आवास पर दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 41 वर्ष के थे। उनके परिवार के सदस्यों और एक सहयोगी ने बुधवार को यह जानकारी दी। डॉ. गांधी के आकस्मिक निधन से शहर सदमे और शोक में है। उनकी अंतिम यात्रा में सैकड़ों लोग शामिल हुए। डॉ. गांधी गुरु गोविंद सिंह सरकारी अस्पताल में सेवाएं देते थे। अस्पताल के डॉ. एच के वासवदा ने कहा, डॉ गांधी ने बड़ी संख्या में हृदय संबंधी सर्जरी की थी।

पर्यावरण के अनुकूल वाहनों की बढ़ रही मांग

नोएडा। ऑटोमोबाइल उद्योग अधिक स्थायी और पर्यावरण के अनुकूल मोबिलिटी के समाधान के रूप में इलेक्ट्रिक वाहनों (ई.वी.) की ओर एक बड़े परिवर्तन का अनुभव कर रहा है। इस उभरते हुए बाज़ार में प्रमुख कंपनियों में टाटा मोटर्स और एम.जी. मोटर इंडिया शामिल हैं, दोनों ज़बरदस्त इलेक्ट्रिक एस.यू.वी. पेश कर रहे हैं। ज़ैड.एस. ई.वी., एम.जी. मोटर इंडिया का एक प्रसिद्ध इलेक्ट्रिक वाहन है, जो अपनी बेहद अच्छी सुविधाओं और क्षमताओं के कारण कार प्रेमियों के बीच अत्यधिक मॉंग वाला वाहन बन गया है। इलेक्ट्रिक वाहन की तलाश कर रहे ड्राइवरों के लिए यह एक लोकप्रिय विकल्प साबित हुआ है जो बेहतरीन प्रदर्शन, कुशलता और स्थायित्व प्रदान कर सकता है। बाजार के नज़रिए से नेक्सॉन ई.वी. और ज़ैड.एस. ई.वी. के बीच कड़ी टक्कर है। यद्यपि, ज़ैड.एस. ई.वी. को फास्ट चार्जर से सिर्फ 50 मिनट में 80 प्रतिशत तक चार्ज किया जा सकता है, जबकि नेक्सॉन ई.वी. को फास्ट चार्जर से 60 मिनट में 80प्रतिशत तक चार्ज किया जा सकता है। डूम के विश्लेषण के अनुसार, यह देखा गया है कि ज़ैड.एस. ई.वी. का उस मूल्य सीमा में अन्य प्रतिस्पर्धी एस.यू.वी. की तुलना में सबसे अधिक रीसेल क़ीमत है।

इसी साल स्कूली पाठ्यपुस्तकों की समीक्षा की जाएगी: कर्नाटक शिक्षा मंत्री

भाषा। बेंगलुरु

कर्नाटक के प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा मंत्री मधु बंगरप्पा ने बृहस्पतिवार को कहा कि विद्यार्थियों के हित में इसी साल ही स्कूली पाठ्यपुस्तकों की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह मामला शीघ्र ही मंत्रिमंडल के सामने उसकी मंजूरी के लिए रखा जाएगा। कांग्रेस ने अपने चुनाव घोषणापत्र में भाजपा के सत्ता में रहने के दौरान स्कूली पाठ्यपुस्तकों में किए गए बदलावों को तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति को रद्द करने का वादा किया था। बंगरप्पा ने कहा, मुख्यमंत्री व्यक्तिगत रूप से इसमें दिलचस्पी ले रहे हैं। हमारे चुनाव घोषणापत्र, जिसका मैं अध्यक्ष था, में इस बात स्पष्ट रूप से उल्लेख भी है कि हम विद्यार्थियों के हित में पाठ्यपुस्तकों की समीक्षा करेंगे। जिस तरह हम गारंटियों को लागू कर रहे हैं, उसी तरह अपने विभाग में हम उसे पूरा करेंगे जिसका हमने वादा किया था। उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा, मीडिया में ऐसी खबर है कि हम इस साल पाठ्यपुस्तकों की समीक्षा नहीं कर सकते क्योंकि पाठ्यपुस्तकें पहले ही विद्यार्थियों तक पहुंच गई हैं। नहीं, पूरक के रूप मे जो भी जरूरी होगा, हम उसे शुरू कर इसी साल यह काम करेंगे। ऐसी व्यवस्था है और अतीत में ऐसा कई बार किया जा चुका है। हमने इस संबंध में पहले ही काम शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि इसकी वजह से विद्यार्थियों पर बोझ न हो। उन्होंने कहा कि विशेषज्ञों की इस सलाह पर विद्यार्थियों के लिए जो जरूरी होगा, वह सामग्री रखी जाएंगी तथा अनावश्यक चीजें हटाई जाएंगी।

यह पूछे जाने पर कि पिछली भाजपा सरकार द्वारा शुरू किए गए अध्यायों को हटाने की योजना है, उन्होंने उसके बारे में विस्तार से नहीं बताया। पिछली भाजपा सरकार के दौरान पाठ्यपुस्तकों को लेकर विवाद हो गया था। तब विपक्षी कांग्रेस और कुछ लेखकों ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार के भाषण को अध्याय के रूप में शामिल कर तथा स्वतंत्रता सेनानियों, समाज सुधारकों संबंधी अध्यायों को हटाकर पाठ्यपुस्तकों का कथित रूप से भगवाकरण करने को लेकर पाठ्यपुस्तक समीक्षा समिति के तत्कालीन प्रमुख रोहित चक्रतीर्थ को बर्खास्त करने की मांग की थी।

कांग्रेस ने गोहत्या पर बयान देने वाले कर्नाटक के मंत्री को फटकार लगाई

नई दिल्ली। कांग्रेस ने गोहत्या पर प्रतिबंध हटाने से संबंधित बयान देने वाले कर्नाटक के पशुपालन मंत्री के. वेंकटेश को फटकार लगाते हुए कहा है कि वह अपने विभाग पर ध्यान दें और नीतिगत फैसला नहीं करें। पार्टी महासचिव और कर्नाटक प्रभारी रणदीप सुरजेवाला ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सुरजेवाला ने बताया कि उन्होंने वेंकटेश से कहा है कि वह नीतिगत फैसले नहीं करें, क्योंकि यह उनके अधिकारक्षेत्र की बात नहीं है। कांग्रेस महासचिव के मुताबिक, उन्होंने मंत्री से कहा है कि वह डेयरी किसानों के मामलों पर ध्यान केंद्रित करें और यह सुनिश्चित करें कि डेयरी किसानों को दूध की सही कीमत मिले। कर्नाटक के पशुपालन मंत्री के. वेंकटेश ने शनिवार को संकेत दिया था कि राज्य में कांग्रेस की नवगठित सरकार पूर्ववर्ती भाजपा सरकार द्वारा लाए गए गोहत्या रोधी कानून की समीक्षा कर सकती है। साथ ही, उन्होंने सवाल किया था कि जब भैंसों का वध किया जा सकता है तो गायों का क्यों नहीं।

मणिपुर में स्थिति शांतिपूर्ण, केंद्र ने 101.75 करोड़ रुपए का राहत पैकेज मंजूर किया: कुलदीप सिंह

इंफाल। केंद्र सरकार ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के निर्देश के बाद हिंसा प्रभावित मणिपुर में विस्थापित लोगों के लिए 101.75 करोड़ रुपए के राहत पैकेज की मंजूरी दी है। राज्य सरकार के सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सिंह ने यह भी कहा कि मणिपुर में स्थिति शांतिपूर्ण और नियंत्रण में है और पिछले 48 घंटों में राज्य में हिंसा की कोई घटना नहीं हुई है। उन्होंने कहा, मणिपुर में विस्थापितों को राहत देने के लिए गृह मंत्रालय ने 101.75 करोड़ रुपए के राहत पैकेज को मंजूरी दी है। अपनी हालिया मणिपुर यात्रा के दौरान, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्य सरकार को विस्थापित लोगों के लिए राहत पैकेज के वास्ते गृह मंत्रालय को अनुरोध भेजने का निर्देश दिया था।

पिछले 24 घंटों में मणिपुर में इंफाल पूर्वी जिले के पोरोमपत थाना क्षेत्र से 27 हथियार, 245 कारतूस और 41 बम बरामद किए गए हैं जबकि राज्य के बिष्णुपुर जिले से एक शस्त्र और दो बम बरामद किए गए हैं। सुरक्षा सलाहकार ने कहा कि अब तक कुल 896 हथियार, 11,763 कारतूस और विभिन्न प्रकार के 200 बम बरामद किए गए हैं। घाटी के पांच जिलों में 12 घंटे और पड़ोसी पहाड़ी जिलों में 10 घंटे से आठ घंटे के लिए कर्फ्यू में ढील देने की घोषणा की गई है। छह अन्य पहाड़ी जिलों में कर्फ्यू लागू नहीं है।

सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग-37 पर आवश्यक वस्तुओं की आवाजाही सुनिश्चित की गई है और बृहस्पतिवार को 294 खाली वाहन इंफाल से जिरीबाम के लिए रवाना हुए हैं। कुल 220 लदे वाहन नोनी से रवाना हुए हैं और 198 लदे टैंकर और ट्रक जिरिबाम से रवाना हुए हैं। वरिष्ठ अधिकारियों ने संवेदनशील क्षेत्रों का दौरा किया है और वहां डेरा डाले हुए हैं। सभी संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। अधिकारी ने कहा कि इसके अलावा, राज्य और केंद्रीय बलों के संयुक्त दलों ने राज्य के कई हिस्सों में तलाशी अभियान तेज कर दिया है।

नर साथी से संबंध बनाए बगैर गर्भवती हुई मादा मगरमच्छ

नई दिल्ली। वैज्ञानिकों ने दावा किया है कि कोस्टारिका के एक प्राणीउद्यान में एक मगरमच्छ अपने नर साथी के साथ संबंध बनाए बगैर गर्भवती हुई। उन्होंने बताया कि मगरमच्छ ने एक भ्रूण को जन्म दिया, जो आनुवंशिक रूप से 99.9 प्रतिशत उसके समान है। वर्जीनिया पोलीटेक्निक इंस्टीट्यूट एंड स्टेट यूनिवर्सिटी के शोधार्थियों की टीम ने उल्लेख किया कि उनके अध्ययन का नतीजा, मगरमच्छ प्रजाति के प्रजनन के दुर्लभ तरीके का पहला दस्तावेजी साक्ष्य है।

पिछले दो दशकों में, प्राणीउद्यान विशेषज्ञों ने अस्थि वाले प्राणियों के प्रजनन के उन तरीकों का दस्तावेजीकरण किया है जिनमें मादा, अपने नर साथी से संबंध बनाए बगैर अंडे देती है। शोधार्थियों ने कहा कि पक्षी, छिपकली और सांप जैसे सरीसृप तथा कुछ मछलियां इस अनूठे तरीके से प्रजनन करती पाई गईं।

यह अध्ययन हाल में बायोलॉजी लेटर्स नामक पत्रिका में प्रकाशित हुआ है, जो मादा मगरमच्छ में, नर मगरमच्छ से सहयोग के बगैर प्रजनन करने की क्षमता को प्रदर्शित करता है। ताजा अध्ययन 16 साल तक निगरानी में रखे गए एक मादा मगरमच्छ के 2018 में किए गए अवलोकन पर आधारित है, जिसने 14 अंडे दिए थे, जिसमें एक पूरी तरह विकसित लेकिन मृत भ्रूण था।

मगरमच्छ की प्रजाति में प्रजनन के इस दुर्लभ तरीके ने वैज्ञानिकों की इसमें रुचि बढ़ाई है क्योंकि इन जीवों में सेक्स क्रोमोजोम का अभाव है और उनका लिंग निर्धारण तापमान से नियंत्रित होता है, जिसमें अंडे विकसित होते हैं। वैज्ञानिकों ने कहा कि यह चीज इन जीवों में उनके पूर्वजों से आई होगी। इसलिए, डायनासोर भी स्व-प्रजनन करने में सक्षम रहे होंगे।

जम्मू कश्मीर में अबाया पहनने पर छात्राओं को स्कूल में प्रवेश से रोका, प्रदर्शन

श्रीनगर। श्रीनगर में विश्व भारती उच्च माध्यमिक स्कूल के प्रबंधन के खिलाफ बृहस्पतिवार को छात्राओं ने प्रदर्शन किया। आरोप है कि छात्राओं ने अबाया पहना था इसलिए उन्हें स्कूल में प्रवेश करने से रोक दिया गया। अबाया पूरी लंबाई वाला ढीला-ढाला एक पोशाक है जिसे मुस्लिम महिलाएं पहनती हैं। प्रदर्शनकारी छात्राओं में से एक ने कहा, हमें कहा गया कि अगर हम अबाया पहनना चाहते हैं तो हमें मदरसा जाना चाहिए। हमें स्कूल में प्रवेश नहीं करने दिया गया। छात्रों ने आरोप लगाया कि स्कूल प्रबंधन ने उन्हें कहा कि वे अबाया पहनकर स्कूल के माहौल को खराब कर रही हैं। स्कूल के प्रधानाचार्य मेमरोज शफी ने कहा कि छात्राओं को कहा गया है कि वे घर से स्कूल तक अबाया पहन सकती हैं लेकिन स्कूल परिसर में उन्हें इसे उतारना होगा।

उन्होंने कहा, हमने उन्हें लंबा सफेद रंग का हिजाब पहनने या बड़ा दुपट्टा रखने के लिए कहा क्योंकि यह स्कूल की वर्दी का हिस्सा है। वे अलग अलग डिजाइन वाले रंगीन अबाया पहनकर आ गईं जो स्कूल की वर्दी का हिस्सा नहीं है। प्रधानाचार्य ने कहा कि स्कूल का अनुशासन बनाए रखने के लिए विद्यार्थियों को समुचित ड्रेस कोड का पालन करना चाहिए। नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के मुख्य प्रवक्ता तनवीर सादिक ने कहा कि मुस्लिम बहुल जम्मू कश्मीर में इस तरह की घटनाएं होना दुर्भाग्यपूर्ण है। सादिक ने ट्वीट किया, हिजाब पहनना निजी चयन हो सकता है और धार्मिक परिधान के मामले में दखल नहीं देना चाहिए। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि मुस्लिम बहुल जम्मू कश्मीर में इस तरह की घटनाएं हो रही हैं। नेकां के मुख्य प्रवक्ता ने कहा कि पार्टी स्कूल के निर्देश का विरोध करती है और प्रशासन से तत्काल उचित कार्वाई करने का अनुरोध करती है। उन्होंने कहा, हम इसका सख्त विरोध करते हैं और तत्काल उचित कार्वाई का अनुरोध करते हैं। यह विश्व भारती उच्च माध्यमिक स्कूल रैनावाड़ी श्रीनगर है। मैं जम्मू-कश्मीर के उप-राज्यपाल, श्रीनगर पुलिस और श्रीनगर के उपायुक्त एजाज असद से अनुरोध करता हूं कि वे हालात बिगड़ने से पहले मामले में दखल दें।

स्कूल का अबाया प्रतिबंध संवैधानिक अधिकार पर हमला: पीडीपी

श्रीनगर। एक स्थानीय स्कूल द्वारा अबाया पहनने वाली लड़कियों को प्रवेश देने से इनकार किए जाने पर कश्मीर में विभिन्न वर्गों ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने इसे संविधान में प्रदत्त धार्मिक स्वतंत्रता पर हमला करार दिया है। मुफ्ती ने कहा, गांधी के भारत को गोडसे के भारत में बदलने की भाजपा की साजिशों के लिए जम्मू-कश्मीर एक प्रयोगशाला बन गया है। सारे प्रयोग यहीं से शुरू होते हैं। यह कर्नाटक में शुरू हुआ और कश्मीर तक पहुंच गया। यह हमें मंजूर नहीं है। इस पर गंभीर प्रतिक्रिया होगी क्योंकि कपड़े पहनना निजी पसंद है। कोई बाध्यता नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रतिबंध का आदेश धार्मिक स्वतंत्रता पर हमला है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

पीडीपी की प्रमुख ने कहा, वे हमारे धार्मिक नेताओं को परेशान कर रहे हैं, चाहे वह दाउद्री हो, वीरी, बरकती या मोहम्मद शफी। एनआईए ने कल रहमतुल्लाह (कासमी) को पूछताछ के लिए बुलाया था। यह हमारे धर्म पर सीधा हमला है। वे धर्म की स्वतंत्रता, देश के संविधान द्वारा प्रदत्त पहनने और खाने की पसंद की स्वतंत्रता पर हमला कर रहे हैं। यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, बहुत हो चुका। 2019 में उन्होंने हमारी अस्मिता और पहचान पर हमला किया लेकिन अब यह हमारे धर्म पर भी आ गया है। इससे पहले दिन में विश्व भारती उच्चतर माध्यमिक स्कूल के प्रबंधन के खिलाफ छात्राओं ने प्रदर्शन किया। छात्राओं ने अबाया पहना था इसलिए उन्हें स्कूल में प्रवेश करने से रोक दिया गया।

अबाया पूरी लंबाई वाली ढीली-ढाली पोशाक है जिसे मुस्लिम महिलाएं पहनती हैं। स्कूल के प्रधानाचार्य मेमरोज शफी ने कहा कि छात्राओं को कहा गया है कि वे घर से स्कूल तक अबाया पहन सकती हैं लेकिन स्कूल परिसर में उन्हें इसे उतारना होगा। उन्होंने कहा, हमने उन्हें लंबा सफेद रंग का हिजाब पहनने या बड़ा दुपट्टा रखने के लिए कहा क्योंकि यह स्कूल की वर्दी का हिस्स

कंगारूओं ने दिखाया दम, भारत पर दबाव बढ़ा

- हेड-स्मिथ बरसे, सिराज ने लगाई नकेल
- विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल : ऑस्ट्रेलिया ने 469 रन बनाए
- भारत ने 151 रन तक पांच विकेट गंवाए

भाषा। लंदन

ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 469 रन बनाने के बाद दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक भारत का स्कोर पांच विकेट पर 151 रन करके विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में गुरुवार को यहां दबदबा बनाए रखा। ऑस्ट्रेलिया ने अपने कल के स्कोर में 142 रन और जोड़कर बाकी बचे सात विकेट गंवाए। मोहम्मद सिराज भारत के सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 108 रन देकर चार विकेट चटकाए। शारदुल ठाकुर (83 रन पर दो विकेट) और मोहम्मद शमी (122 रन पर दो विकेट) ने भी दो-दो विकेट हासिल किए।ऑस्ट्रेलिया की ओर से ट्रेविस हेड ने 174 गेंद में 163 जबकि स्मिथ ने 268 गेंद में 121 रन की पारी खेली। स्मिथ ने 31वां टेस्ट शतक जड़ा। भारत ने इसके जवाब में 71 रन तक ही चार विकेट गंवा दिए थे लेकिन अजिंक्य रहाणे (नाबाद 29) और रविंद्र जडेजा (48) ने पांचवें विकेट के लिए 71 रन जोड़कर विकेटों पर पतझड़ पर विराम लगाया। जडेजा हालांकि दिन के खेल के अंतिम लम्हों में ऑफ स्पिनर नाथन लियोन का शिकार बने।दिन का खेल खत्म होने पर श्रीकर भरत पांच रन बनाकर रहाणे का साथ निभा रहे थे।भारत अब भी ऑस्ट्रेलिया के पहली पारी के स्कोर से 318 रन से पीछे है। टीम को फॉलोआन से बचने के लिए अब भी 119 रन की जरूरत है। ऑस्ट्रेलिया के विशाल स्कोर के जवाब में भारत की शुरुआत खराब रही। भारत ने चाय के विश्राम से पहले 10 ओवर में कप्तान रोहित शर्मा (15) और शुभमन गिल (13) के विकेट गंवाकर 37 रन बनाए। रोहित को ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने पगबाधा किया जबकि गिल स्कॉट बोलैंड की अंदर आती गेंद को छोड़ने के प्रयास में बोल्ड हुए।चाय के बाद भारत को इंग्लिश काउंटी सर्किट में अच्छी फॉर्म में चल रहे चेतेश्वर पुजारा (14) और विराट कोहली (14) से काफी उम्मीदें थी लेकिन इन दोनों ने निराश किया।पुजारा भी गिल की तरह कैमरन ग्रीन की अंदर आती गेंद को छोड़ने के प्रयास में पूरी तरह से चूककर बोल्ड हुए। मिशेल स्टार्क ने इसके बाद उछाल लेती गेंद पर कोहली को स्लिप में स्मिथ के हाथों कैच कराके भारत को चौथा झटका दिया। जडेजा और रहाणे ने इसके बाद पारी को संभाला। कमिंस ने 17 रन के निजी स्कोर पर रहाणे को पगबाधा कर दिया था लेकिन डीआरएस लेने पर पता चला कि यह नोबॉल थी। जडेजा ने स्टार्क के अगले ओवर में दो चौके जड़े जबकि ग्रीन की गेंद को भी बाउंड्री के दर्शन कराए। भारत के 100 रन 26 ओवर में पूरे किए। जडेजा ने बोलैंड पर छक्का जड़ने के बाद स्टार्क पर भी दो चौके मारे लेकिन ऑफ स्पिनर लियोन की गेंद पर स्लिप में स्मिथ को कैच दे बैठे। उन्होंने 51 गेंद की अपनी पारी में सात चौके और एक छक्का मारा। जडेजा और भरत ने हालांकि इसके बाद भारत को और झटके नहीं लगने दिए।इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने दिन की शुरुआत तीन विकेट पर 327 रन से की। आज 95 रन से आगे खेलने उतरे स्मिथ ने सिराज के दिन के पहले ओवर में लगातार दो चौकों के साथ इंग्लैंड में अपना सातवां और इस मैदान पर तीसरा शतक पूरा किया।भारत ने पहले दिन बाउंसर का शुरुआत में अधिक इस्तेमाल नहीं किया था लेकिन सिराज और शमी ने दूसरे दिन पहले सत्र में शॉर्ट पिच गेंदों का बखूबी इस्तेमाल किया।स्मिथ हालांकि उछाल लेती गेंदों के खिलाफ आसानी से खेले लेकिन हेड असहज दिखे।दिन के छठे ओवर में सिराज की शॉर्ट गेंद को लेड साइड की ओर खेलने की कोशिश में हेड विकेटकीपर श्रीकर भरत को कैच देकर पवेलियन लौटे। उन्होंने अपनी पारी में 25 चौके और एक छक्का लगाया।कैमरन ग्रीन भी अधिक देर नहीं टिक सके और शमी की गेंद को ड्राइव करने की कोशिश में दूसरी स्लिप में शुभमन गिल के हाथों लपके गए। स्मिथ भी इसके बाद शारदुल ठाकुर की ऑफ साइड से बाहर की गेंद को विकेटों पर खेलकर पवेलियन लौट गए। यह शारदुल की दिन की पहली गेंद थी। स्मिथ ने 19 चौके मारे। स्थानापन्न खिलाड़ी अक्षर पटेल ने मिड ऑफ से भागते हुए स्टंप पर स्टीक निशाना लगाकर मिशेल स्टार्क को रन आउट करके भारत को दिन की चौथी सफलता दिखाई।

एलेक्स कैरी (48 रन) ने कुछ आकर्षक शॉट खेलकर ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 450 रन के पार पहुंचाया।कैरी ने रविंद्र जडेजा पर छक्का जड़ा लेकिन बाएं हाथ के इस स्पिनर की गेंद को रिवर्स स्वीप करने की कोशिश में पगबाधा हो गए जिसके बाद ऑस्ट्रेलियाई पारी को सिमटने में अधिक समय नहीं लगा।कैरी को मैदानी अंपायर ने आउट नहीं दिया था लेकिन डीआरएस लेने पर फैसला भारत के पक्ष में गया।सिराज ने नाथन लियोन (09) को बोल्ड किया और फिर कमिंस (09) को अजिंक्य रहाणे के हाथों कैच कराके ऑस्ट्रेलिया की पारी का अंत किया।

स्कोरबोर्ड

आस्ट्रेलिया पहली पारी : वार्नर का भरत बो शारदुल 43, ख्वाजा का भरत बो सिराज 00, लाबुशेन बो शमी 26, स्मिथ बो शारदुल 121,हेड का भरत बो सिराज 163,ग्रीन का गिल बो शमी 06, कैरी पगबाधा बो जडेजा 48, स्टार्क रन आउट 05,कमिंस का रहाणे बो सिराज 09,लियोन बो सिराज 09,बोलैंड नाबाद 01,कुल : 121.3 ओवर मे सभी विकेट खोकरः 469 रन,विकेट पतन :1-2, 2-71, 3-76, 4-361, 5-376, 6-387, 7-402, 8-453, 9-468,**गेंदबाजी** : शमी 29-4-122-4,सिराज 28.3-4-108-4,उमेश 23-5-77-0,शारदुल 23-4-83-2,जडेजा 18-2-56-1

भारत पहली पारीः रोहित पगबाधा बो कमिंस 15, गिल बो बोलैंड 13, पुजारा बो ग्रीन 14,कोहली का स्मिथ बो स्टार्क 14, रहाणे खेल रहे है 29 ,जडेजा का स्मिथ बो लियोन 48,श्रीकर भरत खेल रहे है 05, अतिरिक्तः 13,कुलः 38 ओवर मे पांच विकेट परः 151 रन,**विकेट पतनः** 1-30, 2-30, 3-50, 4-71, 5-142,गेंदबाजीःस्टार्क 9-0-52- 1कमिंस 9-2-36-1,बोलैंड 11-4-29-1,ग्रीन 7-1-22-1, लियोन 2-0-4-1

खबरें स्टेडियम से

क्षेत्ररक्षण का फैसला करके भारत ने सकारात्मक मानसिकता नही दिखाईः शास्त्री

लंदन। भारत के रक्षात्मक रवैए से निराश पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल मे कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला करके सकारात्मक मानसिकता नही दिखाई। भारत ने अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को अंतिम एकादश मे जगह नही दी और चार तेज गेंदबाजो के साथ उतरने का फैसला किया। पिच पर घास होने और बादल छाए रहने के कारण भारत ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया।उसका यह फैसला सही साबित नही हुआ। ऑस्ट्रेलिया ने ट्रेविस हेड (नाबाद 146) और स्टीव स्मिथ (नाबाद 95) के बीच चौथे विकेट के लिए 251 रन की अटूट साझेदारी की मदद से पहले दिन तीन विकेट पर 327 रन बनाए। शास्त्री ने पहले दिन का खेल समाप्त होने के बाद आईसीसी से कहा, पहले दिन जो हुआ वह टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने की मानसिकता से जुड़ा हुआ है। इसलिए आप चार तेज गेंदबाज और एक स्पिनर के साथ उतरे।

कोल्हापुर टस्कर्स ने केदार को आइकन खिलाड़ी बनाया

पुणे। भारत के पूर्व वनडे विशेषज्ञ केदार जाधव को कोल्हापुर टस्कर्स ने 15 से 29 जून के बीच होने वाले महाराष्ट्र प्रीमियर लीग (एमपीएल) के लिए अपना आइकन खिलाड़ी नियुक्त किया है। जाधव ने भारत की तरफ से 73 एक दिवसीय और नौ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले है। वह आईपीएल मे पांच फ्रेंचाइजी टीमो के सदस्य रह चुके है। वह 2018 मे चैंपियन बनी चेन्नई सुपर किंग्स की टीम के सदस्य भी थे। कोल्हापुर फ्रेंचाइजी ने यहां जारी विज्ञप्ति मे कहा, जाधव का नेतृत्व कौशल और क्रिकेट का अपार अनुभव पूरे टूर्नामेंट मे टीम का मार्गदर्शन करेगा। इस बीच ऑल राउंडर नौशाद शेख एमपीएल मे सर्वाधिक कीमत पर बिकने वाले खिलाड़ी बने। कोल्हापुर फ्रेंचाइजी ने उन्हे छह लाख रुपए मे खरीदा।

डब्ल्यूटीसी फाइनलः अश्विन को बाहर करने के भारत के फैसले की आलोचना की हेडन और पोंटिंग ने

लंदन। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज खिलाड़ियों मैथ्यू हेडन और रिकी पोंटिंग ने स्टार स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए अंतिम एकादश मे शामिल नही करने के भारत के फैसले की कड़ी आलोचना की। टेस्ट क्रिकेट मे नंबर एक गेंदबाज और डब्ल्यूटीसी के 2021-23 चक्र मे सर्वाधिक विकेट लेने वाले अश्विन को भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ओवल मे खेले जा रहे फाइनल मे अंतिम एकादश मे जगह नही दी और इसकी बजाय चार तेज गेंदबाजो के साथ उतरने का फैसला किया। हेडन ने पहले दिन का खेल समाप्त होने के बाद आईसीसी से कहा, मेरा मानना है कि रविचंद्रन अश्विन महत्वपूर्ण खिलाड़ी है। वह डब्ल्यूटीसी के इस चक्र मे सर्वाधिक विकेट लेने वाला गेंदबाज है लेकिन वह टीम मे नही है। भारत के परिप्रेक्ष्य मे यह फैसला विचारणीय है। अश्विन की अनुपस्थिति मे भारतीय एकादश मे रविंद्र जडेजा एकमात्र स्पिनर है लेकिन पहले दिन वह विकेट नही ले पाए। ऑस्ट्रेलिया ने ट्रेविस हेड (नाबाद 146) और स्टीव स्मिथ (नाबाद 95) के बीच चौथे विकेट के लिए 251 रन की अटूट साझेदारी की मदद से पहले दिन तीन विकेट पर 327 रन बनाए।विश्व कप विजेता कप्तान पोंटिंग ने अश्विन को बाहर करने के फैसले को गलती करार दिया। अभी तक के हिसाब से ऐसा लग रहा है कि चार तेज गेंदबाजो के साथ उतरना गलती थी,लेकिन खेल आगे बढ़ने के साथ देखते है कि क्या होता है। इसमे कोई संदेह नही खेल आगे बढ़ने के साथ पिच से टर्न मिलेगा।

इंटरकांटिनेंटल कप में छेत्री पर रहेंगी नजरें

भुवनेश्वर। भारतीय टीम शुक्रवार से यहां शुरू हो रहे इंटर कांटिनेंटल कप मे जब खिताब बरकरार रखने की कवायद मे उतरेगी तो सभी की नजरे अपने कैरियर के आखिरी मुकाम पर खड़े सुनील छेत्री पर रहेगी। टूर्नामेंट के पहले मैच मे लेबनान का सामना वानुआतु से होगा जबकि भारत दिन के दूसरे मैच मे मंगोलिया से खेलेगा। भारत फीफा रैंकिंग मे 101वे और मंगोलिया 183वे स्थान पर है। भारत से बेहतर रैंकिंग लेबनान की है जो 99वे स्थान पर है। भारत के लिए 131 अंतरराष्ट्रीय मैचो मे सर्वाधिक 84 गोल करने वाले छेत्री ने पिछले दो दशक मे कई रिकॉर्ड अपने नाम किए है। इस टूर्नामेंट मे भारत के 16 गोल मे से 11 छेत्री ने किए है। टूर्नामेंट मे हैट्रिक लगाने वाले वह एकमात्र खिलाड़ी है। रतीय कोच इगोर स्टिमक ने कहा , सुनील हमेशा से रोलमॉडल रहा है और हर मायने मे उसने अगुवाई की है। उसने हमे नतीजे भी दिए है। शिविर मे हर टेस्ट मे वह शीर्ष पांच मे रहा इसलिए उम्र कही उसके आड़े नही आती। कतर मे अगले साल होने वाले एशियाई कप की तैयारी के लिए यह टूर्नामेंट काफी अहम है। भारत इससे पहले सैफ चैम्पियनशिप और मेरडेका कप भी खेलेगा। भारत को मंगोलिया के बाद 12 जून को वानुआतु से और 15 जून को लेबनान से खेलना है। शीर्ष दो टीमे 18 जून को फाइनल खेलेगी।

पायस ने हरमीत को हराकर उलटफेर किया

हैदराबाद। दिल्ली के पायस जैन ने टूर्नामेंट का सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए गुरुवार को यहां यूटीटी राष्ट्रीय रैंकिंग चैंपियनशिप के पुरुष एकल मे शीर्ष वरीय हरमीत देसाई को हराकर क्वार्टर फाइनल मे जगह बनाई। पायस ने कड़े मुकाबले मे 10-12 11-5 4-11 11-6 11-9 से जीत दर्ज की। हरियाणा के गैरवरीय सौरव साहा ने भी छठे वरीय जीत चंद्रा को 11-9 11-8 11-9 से हराकर अंतिम आठ मे प्रवेश किया। इससे पहले छठी वरीय सुथीर्था मुखर्जी को गैरवरीय जेनिफर वर्गीज के खिलाफ 15-13 11-8 12-10 से शिकस्त का सामना करना पड़ा।

पाकिस्तान फुटबॉल टीम की भागीदारी को मंजूरी

नई दिल्ली। भारत सरकार ने बेंगलुरू मे 21 जून से चार जुलाई तक होने वाले सैफ कप मे पाकिस्तानी फुटबॉल टीम की भागीदारी को मंजूरी दे दी है। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एआईएफएफ महासचिव शाजी प्रभाकरन ने कहा कि भारत ने आठ देशो के इस टूर्नामेंट मे पाकिस्तान की भागीदारी के लिए अपना काम पूरा कर दिया है और अब पाकिस्तान को उसकी तरफ से औपचारिकताएं पूरी करनी है।

मेजर लीग सॉकर में खेलेंगे लियोनेल मेसी

मियामी। अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने पिछले कुछ समय से चल रही अटकलबाजियो पर विराम लगाते हुए बुधवार को खुलासा किया कि वह इंटर मियामी की तरफ से अमेरिका के मेजर लीग सॉकर मे खेलेगे। मेसी का हाल मे पेरिस सेंट जर्मेन से अनुबंध समाप्त हुआ था और उनके सऊदी अरब के किसी क्लब से जुड़ने की अटकलबाजी लगाई जा रही थी। मेसी मियामी से जुड़ने वाले दुनिया के दूसरे स्टार फुटबॉलर होगे।

नफीस भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम में

लखनऊ। लखनऊ के एकमात्र डिसएबल खिलाड़ी अब्दुल नफ'ीस सिद्दीकी भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम में चयनित कर लिया गया है। भारतीय क्रिकेट टीम मलेशिया,सिंगापुर में पांच टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट मैचों की सीरीज खेलेगी। इसमें मलेशिया में 11 से 13 जून 16 17 जून एवं सिंगापुर में 18 जून को होंगे। अब्दुल नफीस सिद्दीकी का प्रशिक्षण सीएसडी सहारा क्रिकेट अकादमी में हुआ है। दिव्यांग क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ऑफइंडिया के महासचिव हारून रशीद ने बताया कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए अब्दुल नफीस सिद्दीकी को भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम में एक बैट्समैन के रूप में शामिल किया गया है।

तैराकी कल से

लखनऊ। भारतीय खेल प्राधिकरण सरोजनी नगर लखनऊ में 64वीं सीनियर स्टेट स्विमिंग चैंपियनशिप होगी। यह जानकारी जय प्रताप सिंह ने दी। इवेंट सुबह 8बजे से शुरू होगा। हीट और लॉन्ग डिस्टेंस फाइनल सुबह के सत्र में और शॉर्ट डिस्टेंस फाइनल शाम के सत्र में आयोजित किए जाएंगे। भारतीय खेल प्राधिकरण के वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक संजय सारस्वत ने 10 जून को सांयकालीन सत्र में उद्घाटन करेंगे। चैंपियनशिप फ'ीना नियमों के अनुसार पुरुषों और महिलाओं के लिए तैराकी स्पर्धाएं आयोजित की जाएगी।

एशियाई खेलों में अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की उम्मीद : खेलमंत्री

भाषा। नई दिल्ली

आगामी एशियाई खेलों में भारत के अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की उम्मीद जताते हुए खेलमंत्री अनुराग ठाकुर ने बृहस्पतिवार को कहा कि तोक्यो ओलंपिक और पैरालम्पिक की सफलता को अब हांगझाऊ में होने वाले इस खेलों में दोहराने का समय है। उन्होंने हालांकि पदकों की संख्या के बारे में कयास लगाने से इनकार किया। चीन के हांगझाऊ में एशियाई खेल 23 सितंबर से आठ अक्टूबर के बीच खेले जाएंगे जिसमें भारत के 600 खिलाड़ियों के भाग लेने की उम्मीद है जो भारत का अब तक का सबसे बड़ा दल होगा। यहां कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज पर मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) की 100 वीं बैठक में एशियाई खेलों की तैयारियों का जायजा लेने के बाद ठाकुर ने पत्रकारों से कहा , केंद्र सरकार ने एशियाई खेलों की तैयारी पर इस साल 220 करोड़ रूपए खर्च किए हैं जिसमें खिलाड़ियों के 142 विदेश दौरे और 71 राष्ट्रीय कोचिंग शिविर शामिल है जिससे 2100 से अधिक खिलाड़ियों को इन खेलों की तैयारी में फायदा मिला है। इस तरह की तैयारी को देखते हुए भारत आगामी एशियाई खेलों में पदकों के लिहाज से अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की स्थिति में है। भारत का सबसे बड़ा दल इन खेलों में जाएगा जिनमें कुराश, जुजुत्सु और शतरंज जैसे गैर पारंपरिक खेल भी शामिल है। भारत ने एशियाई खेलों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2018 में जकार्ता में किया जब 16 स्वर्ण , 23 रजत और 31 कांस्य समेत 70 पदक जीते थे। 2014 एशियाई खेलों में भारत के 551 और 2018 में 570 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। इस बार यह संख्या 600 के करीब रहने की उम्मीद है। एशियाई खेलों में भारतीय खिलाड़ी 40 खेलों में हिस्सा लेंगे जिनमें से आधे से अधिक के चयन ट्रायल हो चुके हैं और बाकी 30 जून से पहले कराने के निर्देश दे दिए गए है।

पहलवानों को दिए सारे आश्वासन पूरे करेगी सरकार : ठाकुर

नई दिल्ली। भारतीय कुश्ती महासंघ के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ 15 जून तक आरोप पत्र दाखिल करने की प्रदर्शनकारी पहलवानो की मांग पर सहमति जताने के एक दिन बाद खेलमंत्री अनुराग ठाकुर ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार पहलवानो को दिए हर आश्वासन पूरे करेगी। यौन उत्पीड़न के आरोपो का सामना कर रहे बृजभूषण के खिलाफ प्रदर्शन करने वाले पहलवानो ने खेलमंत्री के साथ छह घंटे चली बैठक मे 15 जून तक एफआईआर पर आरोपपत्र दाखिल करने और 30 जून तक डब्ल्यूएफआई के चुनाव कराने की मांग की थी। इसके साथ ही तब तक उन्होने प्रदर्शन स्थगित करने पर सहमति जताई थी।

नीदरलैंड से हारने के बाद भारत ने अर्जेंटीना को 3-0 से हराया

भाषा। इंधोवेन (नीदरलैंड)

तीसरे क्वार्टर में किए गए दो गोलों के दम पर भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने एकतरफा मुकाबले में रियो ओलंपिक चैम्पियन अर्जेंटीना को 3-0 से हराकर एफआईएच प्रो लीग में जीत की राह पर वापसी की। पिछले मैच में एक गोल की बढत बनाने के बाद भारत को नीदरलैंड के हाथों। -4 से पराजय झेलनी पड़ी थी लेकिन इस मैच में भारत ने शानदार वापसी की। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 33वें मिनट में पेनल्टी कार्नर पर गोल किया। इसके छह मिनट बाद अमित रोहिदास ने एक और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। अभिषेक ने 59वें मिनट में तीसरा गोल दागा जो फील्ड गोल था। इस जीत के बाद भारत 14 मैचों में 27 अंक लेकर शीर्ष पर पहुंच गया है जबकि ब्रिटेन के 12 मैचों में 26 अंक हैं। भारत को अब अगले मैच में शनिवार को फिर नीदरलैंड से खेलना है। इससे पहले बुधवार को भारतीय समयानुसार देर रात हुए मैच में भारत शुरुआती बढ़त का फायदा उठाने में नाकाम रहा और उसे मेजबान नीदरलैंड से।-4 से हार का सामना करना पड़ा।भारत की तरफ से एकमात्र गोल कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 11वें मिनट में किया। भारत को मैच में पांच पेनल्टी कॉर्नर और एक पेनल्टी स्ट्रोक मिला। बुधवार की रात को खेले गए इस मैच में नीदरलैंड की तरफ से पेपिजन रेएंगा (17वें), बोरिस बुर्कहार्ट (40वें) और डुको टेलजेनकैंप (41वें और 58वें) ने गोल किए।ब्रिटेन में लगातार दो मैच जीत कर यहां पहुंची भारतीय टीम ने पहले क्वार्टर में ही बढ़त हासिल कर ली थी।

जूनियर महिला टीम सेमीफाइनल में

- एशिया कप : चीनी ताइपै को 11-0 से हराया

भाषा। कक्कमिगाहारा (जापान)। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चीनी ताइपै को आखिरी पूल मैच मे 11-0 से हराकर एशिया कप के सेमीफाइनल मे प्रवेश कर लिया। इस जीत के साथ पूल ए मे भारत शीर्ष पर बरकरार है। भारत टूर्नामेंट मे तीन जीत और एक ड्रॉ खेलकर अपराजेय रहा। भारत के लिए वैष्णवी विट्ठल फाल्के (पहला मिनट), दीपिका (तीसरा), अन्नु (10वां और 52वां), स्नुजा दादोसा पिसल (12वां), नीलम (19वां) मंजू चौरसिया(33वां) , सुनेलिता टोप्पो (43वां और 57वां) , दीपिका सोरेंग (46वां) और मुमताज खान (55वां) ने गोल दागे। भारतीयो ने पहले ही मिनट से अपना दबदबा बना लिया और लगातार गोल करते रहे। वैष्णवी ने पहला फील्ड गोल किया जिसके बाद दीपिका ने पेनल्टी को तब्दील किया। अन्नु और स्नुजा ने दो दो गोल दागे। भारत के पास पहले क्वार्टर मे ही चार गोल की बढत हो गई। दूसरे क्वार्टर मे नीलम ने गोल किया। तीसरे क्वार्टर मे मंजू और टोप्पो ने गोल दागे जबकि आखिरी क्वार्टर मे दीपिका, अन्नु, मुमताज और टोप्पो ने एक एक गोल किया।

सिंगापुर बैडमिंटन में भारतीय अभियान खत्म

- श्रीकांत की पुरुष एकल के दूसरे दौर मे हारे

भाषा। सिंगापुर

किदांबी श्रीकांत की पुरुष एकल के दूसरे दौर में गुरुवार को यहां चीनी ताइपे के चिया हाओ ली के खिलाफ सीधे गेम में हार के साथ सिंगापुर मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई।श्रीकांत को ली के खिलाफ सिर्फ 37 मिनट में 15-21, 19-21 से हार का सामना करना पड़ा। पेशेवर सर्किट पर दोनों खिलाड़ियों की यह पहली भिड़ंत थी। विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता श्रीकांत ने पहले दौर में थाईलैंड के केंटाफोन वेंगचारोन को 21-15, 21-19 से हराया था। इससे पहले भारत के उदीयमान खिलाड़ी प्रियांशु राजावत का इस सुपर 750 टूर्नामेंट में स्वर्णिम अभियान प्री क्वार्टर फाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त कोडाई नारोका से हारने के साथ ही समाप्त हो गया। पहले दौर में विश्व के 15वें नंबर के खिलाड़ी जापान के कांता सुनेयामा को हराने वाले गैर वरीयता प्राप्त राजावत नारोका से सीधे गेम में 17-21, 16-21 से हार गए। पहले दौर में भारत के एचएस प्रणय को हराने वाले विश्व में चौथे नंबर के नारोका ने विश्व में 37वें नंबर के भारतीय खिलाड़ी के खिलाफ शुरू से दबदबा बनाए रखा और 47 मिनट में जीत दर्ज की।

भारत अंक तालिका में शीर्ष पर, अंतिम दिन ट्रैप निशानेबाज चूके

सुहल (जर्मनी)। भारतीय ट्रैप निशानेबाज यहां क्वालीफिकेशन में शीर्ष छह में जगह बनाने में नाकाम रहने के बाद पदक दौर में नहीं पहुंच पाए लेकिन इसके बावजूद भारत आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप की अंक तालिका में 15 पदक के साथ शीर्ष पर रहा।भारत ने छह स्वर्ण, छह रजत और तीन कांस्य पदक जीते। भारत के लिए इस टूर्नामेंट में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में सेनयम, पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल में धनुष श्रीकांत, पुरुषों की 25 मीटर पिस्टल में अमनप्रीत सिंह, 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम में अभिनव शॉ और गौतमी भनोट तथा गौतमी, स्वाति चौधरी और सोनम मस्कर ने महिला 10 मीटर राइफल टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते।

डर और दहशत के इस माहौल में क्या बेटियों को मिलेगा न्याय : विनेश

भाषा। नई दिल्ली

एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता और भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पहलवानों के प्रदर्शन का एक प्रमुख चेहरा विनेश फोगाट ने गुरुवार को हैरानी जताई कि क्या देश की बेटियों को इस भय और दहशत के माहौल में न्याय मिलेगा। विनेश का ट्वीट नाबालिग लड़की के बृजभूषण के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों को वापस लेने के कुछ दिनों बाद आया है। इसी लड़की की शिकायत को बृजभूषण के खिलाफ पॉक्सो अधिनियम के तहत प्राथमिकी का आधार बनाया गया था। विनेश ने ट्वीट किया, क्या डर और दहशत के माहौल में बेटियों को मिलेगा न्याय??? उन्होंने एक अन्य ट्वीट में कहा, इंसाफ की इस लड़ाई में हो रही देरी की वजह से कहीं ए बेटियां एक-एक कर हिम्मत ना हार जाएं??? भगवान सभी को हिम्मत दें। नाबालिग पहलवान के पिता ने पीटीआई को बताया कि उन्होंने बृजभूषण के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए क्योंकि वह उनके साथ हिसाब बराबर करना चाहते थे जिसे वह अंडर 17 एशियाई चैंपियनशिप के ट्रायल में अपनी बेटी की हार के लिए जिम्मेदार मानते हैं। विनेश ने ओलंपिक पदक विजेता पहलवान बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक के साथ बृजभूषण पर नाबालिग सहित महिला पहलवानों का कथित यौन शोषण करने का आरोप लगाया था। सरकार द्वारा बृजभूषण के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों की पुलिस द्वारा 15 जून तक जांच पूरी होने तक इंतजार करने को कहे जाने के बाद बुधवार को आंदोलनकारी पहलवान एक सप्ताह के लिए अपना विरोध प्रदर्शन स्थगित करने पर सहमत हो गए।

प्रभास और नितेश में होगा एकल फाइनल



- मेजर बैड़मिंन्टन

लखनऊ। प्रथम रैंकिग मेजर प्राईजमनी उप्र बैड़मिंन्टन प्रतियोगिता अण्ड़र 15 व 17 बीबीडी बैड़मिन्टन आकदमी विपिन खण्ड मे खेले गए सेमीफाईनल मुकाबलों में लखनऊ के प्रभास कुशवाहा ने अलीगढ़ के इस्मित सिंह को 21-15, 21-14 से जबकि नितेश ठाकुर ने ओजस खन्ना को 21-7, 21-15 से हरा कर फाइनल में प्रवेश कि या। युगल में शिवम पांडेय व शिवम यादव ने इस्मित व सनरिख को हराकर फाइनल का टिकट कटाया। जहां उनका मुकाबला कपिल सनोलिया व कपिल तिवारी से होगा। आईएएस व पैराबैडमिंटन खिलाड़ी सुहास एलवाई व सचिव खेल ऋतु सुहास पुरस्कार का वितरण करेंगे।

राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप आज से

लखनऊ। देश के विभिन्न राज्यों के 650 खिलाड़ी लखनऊ में 9 जून 2023 से होने वाली 40वीं राष्ट्रीय ताइक्कांडो चैंपियनशिप और 26वीं राष्ट्रीय पूमसे ताइक्कांडो चैंपियनशिप में दांव पर लगे 79 स्वर्ण पदकों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। तीन दिवसीय इस चैंपियनशिप का आयोजन ताइक्कांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में ताइक्कांडो अकादमी ऑफइंडिया द्वारा आगामी 9 से 11 जून 2023 तक केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बहुउद्देश्यीय हाल में किया जाएगा। इस चैंपियनशिप की तैयारियां पूरी हो गयी है और आज चैंपियनशिप की पूर्व संध्या पर खिलाड़ियों का वजन किया गया। आयोजन समिति के चेयरमैन सुधीर हलवासिया ने बताया कि इस चैंपियनशिप में मेजबान उत्तर प्रदेश सहित आसाम, आंध्र प्रदेश,चंडीगढ़, दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू.कश्मीर, झारखंड, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, ओडिशा, पंजाब, तमिलनाड, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल के कुल 700 खिलाड़ी व आर्फिशियल प्रतिस्पर्धा करेंगे। भारत में ताइक्कांडो खेल के संस्थापक मास्टर जिम्मी आर जगत्यानी चेयरमैन ताइक्कांडो अकादमी ऑफइंडिया ने बताया कि चैंपियनशिप में 79 स्वर्ण, 79 रजत व 158 कांस्य पदकों के लिए मुकाबला होगा। चैंपियनशिप का उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना व खेल व युवा कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चंद्र यादव करेंगे।

आनंद किशोर पाण्डेय बने ताइक्कांडो प्रीमियर लीग के मुख्य सलाहकार

लखनऊ। लखनऊ के खेल प्रमोटर आनंद किशोर पाण्डेय को प्रो ताइक्कांडो कॉरपोरेशन द्वारा कोरियन मार्शल आर्ट को बढ़ावा देने के लिए आयोजित ताइक्कांडो प्रीमियर लीग टीपीएल का मुख्य सलाहकार बनाया गया है। नियुक्ति की जानकारी प्रो ताइक्कांडो कॉरपोरेशन,ताइक्कांडो प्रीमियर लीग के संस्थापक निदेशक दुव्वुरी गणेश ने दी। उन्होंने बताया कि ताइक्कांडो प्रीमियर लीग ;के पहले संस्करण का आयोजन आगामी 22 से 25 जून 2023 तक नई दिल्ली के सीरीफोर्ट स्टेडियम में होगा। दुव्वुरी गणेश ने कहा कि 22 से 25 जून तक लीग का संस्करण पहली बार टीम प्रारूप में खेला जाएगा। हर टीम में 5 शीर्ष खिलाड़ी होंगे। हमने प्रतियोगिता को तेज और रोमांचकारी बनाए रखने के लिए इसे 58.1 किग्रा.67.9 किग्रा वर्ग तक सीमित रखा है।